आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता, वर्ष 59 अंक 288, उज्जैन, शनिवार 31 अक्टूबर, 2026, कार्तिक कृष्ण 6 संवत् 2083, पृष्ठ-12 मूल्य-5.00, www.awantika.com

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

लौह-पुरुष सरदार पटेल का संकल्प, हमारी प्रेरणा

नमन उन जांबाज़ों को, जिन्होंने बनाए रखी हमारी अखंडता



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026

आइए एकता नगर, गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ भव्य परेड में शामिल होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें

परेड के मुख्य आकर्षण

- नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
- नक्सल-विरोधी अभियान का श्वान दस्ता
- जीवंत झाँकियाँ - जन संकल्पना से सृजित
- नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- 5,000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
- नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
- भव्य आतिशबाज़ी

सुबह 9.00 बजे प्रधानमंत्री जी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5.30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर प्रसारण

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें
rashtriyaektadiwas.com

CBC 19101/13/0029/2627

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

नए साहब काफी कुछ बदलें तो स्वास्थ्य सुधार संभव

कई बार खिलाड़ी के अच्छा होने के बाद भी उसका प्रदर्शन ठीक नहीं हो पाता है। मौका आने पर भी उसे प्रदर्शन में दिक्कत आ जाती है। देखने वाले खिलाडी में ही कमी निकालते हैं ये नहीं देखा जाता है कि मैदान में भी कहीं कुछ समस्या रही जिसकी वजह से प्रदर्शन मन माफिक नहीं हो सका है। इसमें कई बार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के खरीदे गए जूते भी समस्या खडी कर देते हैं। हाल ही में जिले के स्वास्थ्य विभाग की कमान युवा अधिकारी के हाथ में सौंपी गई है। वैसे तो यह सब प्रशासनिक हस्तक्षेप से हुआ है। स्वास्थ्य विभाग का मुख्यालय निर्णय लेने में अक्षमता दर्शा रहा था और देर-दार कर रहा था ऐसे में जिले के प्रशासनिक मुखिया ने ही निर्णय लेते हुए युवा अधिकारी को साफा बांध दिया। वैसे युवा अधिकारी काफी योग्य हैं और कर्मठ भी हैं। पूर्व से ही शासन के साथ प्रशासन में समन्वय बनाकर काम करने के आदि हैं। जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर कामों को निपटाना शुरू कर दिया है। आते ही संलग्नीकरण के निपटारा कर दिया। यही नहीं शहर एवं जिले में फर्जी क्लीनिक एवं अन्य संस्थानों पर कसावट कर दी है। खुसूर-फुसूर है कि नए साहब को अगर बेहतर स्वास्थ्य बनाकर रखना है तो उन्हें पंजीयन शाखा का भी आडिट करना होगा और इसके साथ ही कुर्सियों की रद्दोबदल करना बहुत ही आवश्यक हो गया है। वर्षों से कुछ कुर्सियां एक ही स्थान पर जमी हुई हैं। इन्होंने मात्र अवसरों का लाभ ही लिया है। इनके कार्य की शैली अपने तईं ही होती है। नियम और कानून की बजाय ये जिधर दम उधर हम के हालातों में जमे रहे हैं। जांच करने वालों की दुकान से काफी गलबैंया के हालात यहां बने हुए हैं।

न्यूज कॉलम

भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब पत्नी समेत महाकाल दरबार पहुंचे

उज्जैन। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब शुक्रवार सुबह पत्नी त्रिवेणी राव के साथ उज्जैन पहुंचे। सुबह करीब 9 बजे उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। प्रदेश भाजपा प्रभारी नियुक्त होने के बाद यह उनका पहला उज्जैन दौरा है। उन्हें 23 सितंबर 2026 को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया था। विप्लव देव और उनकी पत्नी ने नंदी हॉल में बैठकर पूजन-अर्चन किया। पुजारी राजेश गुरु और संजय गुरु ने पूजा कराई। इस दौरान सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा सहित स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से डिप्टी कलेक्टर एवं उप प्रशासक सिम्मी यादव ने दोनों का स्वागत और सत्कार किया।

नैनो न्यूज

- महंगाई भत्ते में 2% वृद्धि से कर्मचारियों में खुशी, अजाक्स ने मुख्यमंत्री का जताया आभार
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारतीय किसान संघ ने की मुलाकात, नरवर में उपमंडी निर्माण सहित किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग
- अभा क्षत्रिय महासभा के दशहरा मिलन समारोह में वरिष्ठजनों का भी होगा अभिनंदन
- कलाकारों के सशक्त अभिनय से जीवंत हुआ नाटक नार्सिसस फ्लावर, उन्मुक्त रंग सांस्कृतिक समिति ने अभिरंग नाट्य गृह में दी प्रभावशाली प्रस्तुति
- सिंहस्थ 2028 तक 51 लाख पौराणिक पौधे वितरित करेगा मालव रक्षा अनुष्ठान, अधिवक्ता सीमा शर्मा बनीं अनुष्ठान की नई संरक्षक, क्षिप्रा संरक्षण के लिए एनजीटी में लगाएंगी याचिका
- कर्मचारियों की मांग पर मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला, 2 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान, उज्जैन में राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपे चार ज्ञापन, जनवरी 2026 से कर्मचारियों और जुलाई 2026 से पेंशनर्स को मिलेगा लाभ
- सिंहस्थ से पहले संत गरीबदास महाराज की समाधि के जीर्णोद्धार की मांग, शिवाजी नगर विकास समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन त्रिवेणी तट पर स्थित है समाधि
- उज्जैन में आकार लेगी अर्जी वाले हनुमान की 81 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा, नींव के लिए 60 फीट गहराई तक हो रहा मिट्टी व पानी का परीक्षण, देश-विदेश से आती हैं अर्जियां
- मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के बाद उठी मांग, मध्यप्रदेश में लागू हो मंदिर मयार्दा और पुजारी सुरक्षा एक्ट, अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से की मांग, कहा- महाकाल और कालभैरव जैसे प्रमुख मंदिरों में साधु-संत तक कर रहे गर्भगृह की मयार्दा भंग
- बेटियों ने साइक्लोथॉन से दिया नशामुक्त भारत का संदेश, कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, आज भी होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं
- उज्जैन के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर माखन सिंह राजपूत को नेशनल स्पोर्ट्स टाइम का विशेष सम्मान, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता के लिए मिला सम्मान

आज से उज्जैन तहसील में बोमा लगाकर अफ्रीका की टीम के साथ चलेगा हेलीकाप्टर से अभियान

एक बार फिर नीलगाय-वन विभाग का सामना, इस बार दक्षिण अफ्रीका की टीम भी

जिला पंचायत, पुलिस, जिला पंचायत, राजस्व, स्वास्थ्य, लोनिवि, विद्युत कंपनी, पशु चिकित्सा सहित अनेक विभागों के सहयोग से होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिला मुख्यालय की तहसील पर एक बार फिर से नीलगाय और वन विभाग का आमना-सामना शनिवार से होने वाला है। इस बार वन विभाग की और से दक्षिण अफ्रीका की टीम हेलीकाप्टर के साथ मैदान में उतरेगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर है। 4 दिवसीय अभियान के लिए पूर्व से ही बोमा लगाने के स्थान और लोकेशन तय कर ली गई है।

मई 26 में वन विभाग ने नीलगायों को अपने स्तर पर पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। उस दौरान कवायद की गई थी लेकिन विशेषज्ञों का अभाव एवं हेलीकाप्टर नहीं मिल पाने की वजह से नीलगाय पकड़ने का अभियान मात्र ईकाई के आंकड़े में सिमटकर रह गया था। जो नीलगाय पकड़ी गई थी वो भी ग्रामीणों के सहयोग से। इन्हें पकड़कर तत्कालीन रूप से गांधीसागर छोड़ा गया था। इससे पूर्व मंदसौर क्षेत्र में 2018-19



में अभियान चलाया गया था। अभियान में शिकारियों जाति के लोगों को भी शामिल किया गया था लेकिन सफलता दूर रही थी।

इन विभागों की रहेगी भूमिका

अभियान में पुलिस विभाग भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था के लिए तैनात रहेगा। जिला पंचायत नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगी। राजस्व विभाग तहसील स्तर पर नोडल की भूमिका निभाते हुए कृषकों से समन्वय बनाएगा।स्वास्थ्य विभाग केप्चर स्थल पर स्वास्थ्य सुविधा, फर्स्ट एड, एंबुलेंस की सुविधा देगा। लोक निर्माण विभाग हेलीपेड के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं देगा। अक्षांश देशांश में समन्वय देगा। वैकल्पिक हेलीपेड स्थान का चिन्हांकन करेगा। विद्युत कंपनी अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्रों में खेतों की विद्युत आपूर्ति बंद करेगा। पशु चिकित्सा विभाग बोमा स्थल पर पकड़े जाने वाले वन्य पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करेगा। जनपद पंचायत पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा कर ग्रामीणों का सहयोग सुनिश्चित करेगा।

ये रहेगी बोमा लोकेशन

शनिवार से 4 दिवसीय अभियान की शुरूआत होगी। उज्जैन तहसील के चिंतामन थाना अंतर्गत हासामपुरा, ब्रजराजखेड़ी, पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर, नरवर थाना क्षेत्र के दताना हवाई पट्टी, केसूनी गांव के जंगल में बोमा लगाकर नीलगाय पकड़ने का अभियान शुरू होगा। इसके लिए बोमा की लोकेशन पूरी तरह से तय की जा चुकी है। अधिकांश बोमा उत्तर-पूर्व की अक्षांश-देशांश लोकेशन में ही लगाए जाना तय हुआ है।

गांधीसागर छोड़ेंगे-डीएफओ तिवारी

वन मंडलाधिकारी अनुराग तिवारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों के सहयोग से हेलिकॉप्टर एवं बोमा पद्धति के माध्यम से फसलों को क्षति पहुंचा रही नीलगाय को पकड़कर संरक्षित क्षेत्रों में बसाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शाजापुर में अभियान का प्रथम चरण में वन्य प्राणियों को स्थानांतरित किया गया था। अभियान का द्वितीय चरण उज्जैन में 31 अक्टूबर से 03 नवंबर तक चलाया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत नीलगाय को गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित करना प्रस्तावित है।

प्रकृति प्रेमी ने बनाया इको फ्रेंडली घर

चिड़ियाओं, कीट पतंगों को आश्रय देने की भी पर्याप्त व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बदलते परिवेश में जब मनुष्य एक एक इंच जमीन को घेरकर कब्जा करने में लगा है। कॉलोनियों में घर के बाहर की जमीन को पौधारोपण व हरियाली के नाम पर घेरकर लोग जाली लगा रहे हैं ऐसे में कुछ लोग प्राकृतिक टिकाऊ मकान बना रहे हैं जिसमें चिड़ियाओं, कीट पतंगों को आश्रय देने की भी पर्याप्त व्यवस्था हो तो ये हैरानी पैदा करता है। इंदौर जिले के ग्राम असरावदा बुजुर्ग के उन्नत किसान सरदार राजेन्द्र सिंह का नाम क्षेत्र में किसी पहचान का मोहताज नहीं है। राजेन्द्रसिंह हमेशा से ही कृषि में नई तकनीक को अंगीकार करते हुए नवप्रवर्तन मे रूचि लेते रहे और प्रकृति के प्रति उनका प्रेम ही उन्हें आर्गेनिक फार्मिंग की दिशा में नित नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित करता रहा। राजेन्द्रसिंह अपने खेत पर स्वादिष्ट फल व सब्जी भी उत्पादित करते हैं जो पूरी तरह आर्गेनिक होते हैं।

प्रकृति के बीच सस्टेनेबल घर- राजेन्द्रसिंह ने अपने खेत के मध्य रहने का आवास ऐसा बना रहे हैं जिसे सस्टेनेबल हाउस मतलब प्राकृतिक सामग्री से निर्मित मकान कहा जा सकता है जो सस्टेनेबल अथार्त संधारणीय (टिकाऊ) श्रेणी मे आता है। तीन शयनकक्ष, एक हाल, एक दीवानखाना, एक रसोईघर व एक संग्रह कक्ष वाला ये मकान रेड ट्रेप बोंड विधि से बनाया गया है।

परिंदों व कीटों के रहने का बंदोबस्त- सबसे प्रेरणादायी बात इस मकान की जो है वह है मकान की बाहरी दीवारों मे निकली हुई ईंट जिनपर पक्षी बैठकर आराम कर सकें। वहीं दीवारों में कुछ दूरी पर खोखले पाइप भी फिक्स हैं जिनमे



पक्षी स्थायी आवास आसानी से बना सकते हैं। मधुमक्खी व अन्य कीटों के लिए दीवार में छोटे सूराख छोड़े गए हैं। प्रकृति के सुरम्य वातावरण के मध्य रहते हुए कृषक राजेन्द्रसिंह का कहना है कि प्रकृति प्रदत्त समस्त उपहारों के ऊपर सभी का समान अधिकार है तो हम दूसरे जीव के क्षेत्र पर क्यों अतिक्रमण करें। यदि हम प्रकृति से बहुत कुछ प्राप्त कर रहे हैं तो उसे कुछ लौटाना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। राजेन्द्रसिंह की बात मे काफी दम है और यदि इसे हर व्यक्ति समझ ले तो वो दिन दूर नहीं जब पृथ्वी पर ही स्वर्ग का नजारा देखने को मिलेगा। शायर निदा फाजली का शेर बड़ा ही समीचीन है सोच समझ वालों को थोड़ी नादानी दे मोला गए हैं। छत को आर्च देकर ऐसा तैयार किया गया है कि मकान भूकंपरोधी भी है। आपदा आने पर कम से कम नुकसान ऐसे मकानों का होता है। सीमेंट का प्रयोग न करने से ऐसे मकान वातावरण की गर्मी भी अवशोषित नहीं करते हैं और ठंडक बनी रहती है।

विशेष चिनाई विधि : रेड ट्रेप बोंड

रेड ट्रेप बोंड विधि एक ऐसी मकान बनाने की विधि है जिसमे ईंटों को लेटाकर चिनाई न करते हुए ईंटों को खड़ी रखकर या किनारे से झुकाकर जोडा जाता है। इससे दीवार के अंदर एक खोखला एअर केविटी बन जाता है। इस तरह की विशेष मानक ईंट आमतौर पर पुराने जमाने में फैक्ट्रियों की चिमनी बनाने मे उपयोग होती थीं। राजेन्द्रसिंह ने 349 इंच साइज की ईंट उत्तरप्रदेश से विशेष तौर पर मंगाई और अपनी कल्पना को साकार किया। ऐसी ईंटों को उध्वार्कार रूप मे रखकर दीवार चिनाई करने से दीवार के भीतर एअर पाकेट बन जाते हैं। जब दीवार मे वायु फंस जाती है तो वह कुचालक (इंसुलेटर) का काम करती है। अतः गर्मी के मौसम मे मकान पूरा ठंडा बना रहता है और शीतकाल मे पूरा गर्म बना रहता है। इस प्रकार थर्मल इंसुलेशन द्वारा रेड ट्रेप बोंड विधि से मकान प्राकृतिक रूप से पूर्णतः वातानुकूलित रहता है। छत पर भी कांक्रीट व लोहे का प्रयोग न करते हुए ईंटों को गोलाई में जमाकर मेहराब दिए खुले आसमान तले सह- रसोईघर मकान के पास ही रसोईघर से जुड़ा एक खुला स्थान छोड़ा गया है जहां भोजन तैयार करने में लगनेवाले पुरातन सामान जैसे सिलबट्टा, इमामदस्ता, ओखली, तंदूर, चूल्हा आदि रखने की व्यवस्था है। गर्मी के दिनों में वृक्ष तले ठंडक में भोजन पूर्व तैयारी यहां हो सकती है तो सर्दियों मे गुनगुनी धूप का लुत्फ उठाते हुए तैयारी की जा सकती है।

संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जिले को विजयश्री



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कबड्डी का खेल भारतीय ज्ञान परंपरा का एक अंग है । यह खेल शारीरिक रूप से सक्षम बनाता है और मानसिक शक्ति भी प्रदान करता है। हमें इसे प्रोत्साहित करना चाहिए। आप सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि आप खेल के नियमों का पालन करते हुए अनुशासन के साथ खेल खेलें और आनन्द प्राप्त करें। आप खेलते हुए अन्य खिलाड़ियों के प्रति मैत्री भाव बनाए रखें। इसी तरह जीवन में आनंद आएगा। खेल प्रतियोगिता में खेल भावना और अनुशासन सर्वोपरि है। ये उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना वीरेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए।

शासकीय महाविद्यालय उन्हेल से आए क्रीड़ा अधिकारी आरके कौरव ने कहा कि माधव महाविद्यालय द्वारा इस सत्र में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। हर आयोजन में गुणवत्ता दिखाई देती है। अवन्ति मंडपम में आयोजित इस प्रतियोगिता में शासकीय माधव महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी नवीन कोरट ने सम्पूर्ण आयोजन का प्रबन्ध किया।

इस अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संगीता कारलेकर और खेल विशेषज्ञ रैफरी बलवान सिंह पँवार विशेष रूप से उपस्थित रहे और आयोजन में अपना योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में संभाग के मंदसौर, आगर, शाजापुर, देवास, रतलाम, उज्जैन और नीमच जिलों से टीमें शामिल रहीं। इनमें से फाइनल मुकाबला उज्जैन और रतलाम जिले की टीमों के बीच हुआ, जिसमें उज्जैन की टीम विजेता रही और रतलाम जिले की टीम उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने पुरस्कृत किया। राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। संचालन डॉ. रीना अर्थव्यु ने किया। आयोजक माधव महाविद्यालय उज्जैन के डॉ. बीएस अखण्ड, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. रफीक नागौरी, प्रो. आयुषी सूर्यवंशी, प्रो. लाखन सिंह कुशवाह, डॉ. नलिनी तिलकर, प्रो. रायसिंह सोलंकी, डॉ. मोहित सोलंकी, प्रो. नुसरत सुल्ताना, डॉ. संदीप लांडे आदि भी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई ।

सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह नगर निगम मुख्यालय में महापौर मुकेश टटवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का महापौर द्वारा शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। नगर निगम से सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी राजीव पिता दिनेश गायकवाड सहायक यंत्री पीएचई विभाग, हाफिज खां पिता यासीन खां, गंगाराम पिता गणपत श्रमिक शिल्पज्ञ विभाग, लल्ली सपोर सफाई कामगार पीएचई विभाग का नगर निगम परिवार की ओर से सेवानिवृत होने पश्चात सम्मानित किया गया।

मार्ग चौड़ीकरण में प्रभावित 82 भवन स्वामियों को 14 करोड़ 82 लाख रुपए की मुआवजा राशि सर्वानुमति से स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर पालिक निगम उज्जैन का विशेष सम्मिलन शुक्रवार प्रातः पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह, छत्रपति शिवाजी भवन में निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मिलन में महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, प्रभारी निगम आयुक्त डॉ. नेहा जैन, पार्षदगण एवं नाम निर्दिष्ट पार्षद गण उपस्थित रहे।

सदन की कार्यवाही का प्रारंभ वंदे मातरम् गान के साथ हुआ। इसके पश्चात दिवंगत जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों के परिजनों के निधन पर शोक प्रस्ताव प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इनमें पूर्व महापौर रामेश्वर अखंड, पार्षद माया राजेश त्रिवेदी, नामनिर्दिष्ट पार्षद मधुकर राव तथा पार्षद रामेश्वर दुबे के बड़े भाई बद्रीविशाल दुबे शामिल रहे। दिवंगतों की आत्मिक शांति के लिए सदन में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित की गई।

कार्यवाही पुनः प्रारंभ होने पर निगम का विशेष सम्मिलन दिनांक-21.07.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि सदन की सर्वानुमति से की गई। सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर में किए जा रहे प्रमुख आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों से प्रभावित 82 भवन स्वामियों के 16 प्रकरणों में 14 करोड़ 82 लाख 3 हजार 920 रुपये की मुआवजा राशि दिये जाने की सदन ने सवार्नुमति से स्वीकृति प्रदान की।

इसके अतिरिक्त विचारार्थ प्रस्तुत प्रकरण क्रमांक-2 में मेयर इन काउंसिल के प्रस्ताव को पर चर्चा के दौरान पार्षद नीलम राजा कालरा द्वारा जिज्ञासा व्यक्त करते हुए प्रस्ताव से सम्बंधित पूर्व में पारित ठहराव द्वारा स्वीकृत किये गए 30 करोड़ के ऋण के सम्बंध में जानकारी चाहते हुए पुनः 15 करोड़ का ऋण लिये जाने की आवश्यकता की जानकारी चाही गई। जिसके क्रम में सदन द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर 2024 के ठहराव क्रमांक-52 अंतर्गत स्वीकृत राशि रुपए 30 करोड़ रुपये को संशोधित करते हुए अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों से 15 करोड़ ऋण लेने की स्वीकृति प्रदान की जाकर एमआईसी क्रमांक 84 दिनांक 03.07.2026 को निरस्त किया गया।

बिना पंजीयन निजी क्लीनिक चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

एलोपैथी, आयुष और फिजियोथेरेपी सहित सभी चिकित्सा पद्धतियों के लिए पंजीयन अनिवार्य, सीएमएचओ ने संचालकों से जल्द आवेदन करने की अपील की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में संचालित निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है, इसके बावजूद अब तक केवल 425 क्लीनिक ही पंजीकृत हुए हैं। ऐसे में जिले के शेष निजी क्लीनिक संचालकों को भी जल्द पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीयन चिकित्सा संस्थान संचालित करना नियमों के विरुद्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि मध्य प्रदेश उपचारगृह तथा रुजोपचार संबंधी संस्थाएं रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन अधिनियम, 1973 के तहत प्रदेश में संचालित सभी निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम का पंजीयन एवं अनुज्ञापन



अनिवार्य है। यह नियम केवल एलोपैथी तक सीमित नहीं है, बल्कि आयुष और फिजियोथेरेपी सहित सभी चिकित्सा पद्धतियों पर लागू होता है।

क्लीनिक और नर्सिंग होम की अलग-अलग श्रेणी- स क्लीनिक में सामान्यतः मरीजों को परामर्श देने की सुविधा होती है, जबकि नर्सिंग होम और अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने, बेड उपलब्ध कराने और विभिन्न चिकित्सा प्रक्रियाओं की सुविधाएं दी जाती हैं। दोनों श्रेणियों के संस्थानों को निर्धारित नियमों के अनुसार पंजीयन कराना जरूरी है।

ऑनलाइन आवेदन के साथ दस्तावेज भी जरूरी

निजी क्लीनिक संचालक एमपी ऑनलाइन के नर्सिंग होम पोर्टल के माध्यम से पंजीयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए क्लीनिक का नक्शा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी, संचालक डॉक्टर की डिग्री और वैध पंजीयन प्रमाणपत्र के साथ स्टाफ की शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीयन संबंधी दस्तावेज जमा करना होंगे। वहीं, रेडियोलॉजी क्लीनिक के लिए एईआरबी प्रमाणपत्र तथा रेडियोलॉजिस्ट और पैथोलॉजिस्ट का निर्धारित घोषणा पत्र भी आवश्यक है।

मरीज भी उपचार से पहले देखें पंजीयन प्रमाणपत्र

सीएमएचओ डॉ. रघुवंशी ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी निजी क्लीनिक या नर्सिंग होम में उपचार कराने से पहले उसका पंजीयन प्रमाणपत्र जरूर देखें। जिस संस्थान में पंजीयन प्रमाणपत्र प्रदर्शित नहीं किया गया है, वहां उपचार सेवाएं लेने से बचें।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 31 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

अवैध खनन पर पोकलेन मशीन और डम्पर जप्त

इंदौर। इंदौर जिले में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में एक पोकलेन मशीन तथा एक डम्पर को जप्त किया गया है। खनिज अधिकारी जयदीप नामदेव ने बताया कि आज ग्राम बरोली में अवैध खनन की सूचना मिलने पर जांच कराई गई। जांच में एक पोकलेन मशीन डम्पर में मुरम भरते हुए पायी गई। जांच में पोकलेन मशीन हुंडई कंपनी की बिना नंबर की मालिक बलजीत सिंह भाटिया के नाम से बताई गई। इस पोकलेन मशीन को चालक लालसिंह काशीराम से जप्त किया गया। साथ ही एक डंपर खनिज मुरम भरते हुए चालक आकाश सोलंकी पिता मानसिंह सोलंकी से जप्त किया गया।

श्रीमती शर्मा का देहदान, नेत्रदान एवं त्वचादान संपन्न

इंदौर। सेवा और मानवता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए शिवलोक देव गुराड़िया, इंदौर स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत 74 वर्षीय स्वर्गीय श्रीमती सूर्य कला शर्मा का देहदान, नेत्रदान एवं त्वचादान संपन्न हुआ। उनका पार्थिव शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज को समर्पित किया गया। नेत्रदान एमके इंटरनेशनल आई बैंक तथा त्वचादान चोइथराम स्किन बैंक, इंदौर को किया गया। इस पुनीत कार्य में उनके पति जे. जे. शर्मा तथा सामाजिक कार्यकर्ता राहुल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि दंपती ने 16 वर्ष पूर्व देहदान एवं अंगदान का संकल्प लिया था। पत्नी के निधन के बाद श्री शर्मा ने इस संकल्प को निभाकर मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत की।

इंदौर में 39 परीक्षा केंद्रों पर 1 नवंबर को होगी परीक्षा

इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2026 का आयोजन 1 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक सत्र में किया जाएगा। परीक्षा के सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इंदौर में परीक्षा के लिए कुल 39 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 15 हजार 924 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी (हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के माध्यम से तलाशी तथा वीओआईपी की व्यवस्था शामिल है। यह प्रक्रिया आयोग द्वारा अनुबंधित एजेंसी एसपीए के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी।

वैधता समाप्त होने पर मशीन संचालित करने पर कार्रवाई



इंदौर। पंजीयन की वैधता अवधि समाप्त के बावजूद भी अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन संचालित करने पर महू के एक अस्पताल के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में कार्रवाई की गई है। इस अस्पताल की अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन को सील किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि एमएनएच केयर अस्पताल महू जिला इन्दौर का पीसीपीएनडीटी पंजीयन क्रमांक 759 है। जिसके पंजीयन की वैधता 20 अक्टूबर 2026 तक थी। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीम बनाकर एम.एन.एच. केयर अस्पताल महू का निरीक्षण कराया गया। जिसमें पंजीयन की वैधता समाप्त होने के बाद भी ईको सम्बन्धी कार्य किया जाना पाया गया। साथ ही जांच में पाया गया कि ईको रजिस्टर संधारित नही किया जा रहा था। अस्पताल में अपंजीकृत चिकित्सक डॉ दीपेश कोठारी द्वारा भी ईको की जा रही थी, जिसकी रिपोर्ट टीम द्वारा जब्त की गयी। उक्त प्रकरण की सूचना कलेक्टर श्री वर्मा को दी गयी। कलेक्टर श्री वर्मा ने अल्ट्रासानोग्राफी मशीन सील करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात डॉ. योगेश सिंगारे एवं डॉ मधुकर शुक्ला द्वारा एमएनएच केयर अस्पताल महू की अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन सील करने की कार्यवाही की गयी। पीसीपीएनडीटी प्रमाण पत्र नवीनीकरण पर रोक

नैनो न्यूज

- **उज्जैन रोड पर ट्रक धंसने से लगा जाम-** देवास के उज्जैन रोड पर इटावा स्थित जीडीसी कॉलेज के आगे सड़क में ट्रक धंस गया। कई वाहन फंसने से यातायात प्रभावित हुआ। जेसीबी और पोकलेन की मदद से वाहनों को निकालकर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया गया।
- **आगर-मालवाः मंडी में भुगतान नहीं मिलने पर किसानों का चक्काजाम-** आगर की कृषि उपज मंडी में उपज का नकद भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने छावनी नाके पर चक्काजाम कर दिया। किसानों ने भुगतान व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।
- **शाजापुरः मक्सी बायपास पर ट्रैक्टर-ट्रक भिड़ंत, चालक की मौत-** शाजापुर जिले के मक्सी बायपास पर ट्रैक्टर और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।
- **सुसनेरः दीपोत्सव से पहले सफाई अभियान तेज-** सुसनेर में दीपोत्सव से पहले नगर परिषद ने सफाई अभियान तेज कर दिया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी और मुख्य नगर अधिकारी ने सड़कों पर उतरकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

अदालत ने निर्देश दिया कि राशि अधिकारी की जेब से वसूल की जाए, सरकारी खजाने से नहीं

निरस्त धाराओं में आदेश देने पर अधिकारी पर लगा 1 लाख जुर्माना

75 हजार रुपये की राशि मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर में जमा करनी होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने नगर निगम के एक अधिकारी पर 1 लाख रुपये हजार्ना लगाया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि इस राशि की वसूली अधिकारी की निजी जेब से होगी और इसे सरकारी खजाने से जमा नहीं किया जाएगा। अधिकारी ने बाफना अस्पताल एवं ऑथोपेडिक्स रिसर्च सेंटर प्रा.लि. के खिलाफ कानून की उन धाराओं के आधार पर आदेश जारी कर दिया था, जिन्हें वर्ष 2020 में ही समाप्त कर दिया गया था।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप नटवरलाल भट्ट की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि अधिकारियों को अपने अधिकारों का प्रयोग प्रचलित कानून के अनुसार ही करना चाहिए। निरस्त हो चुकी धाराओं के आधार पर निर्णय पारित करना एक गंभीर कानूनी चूक है। ऐसी गलती के कारण याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय की शरण में आना पड़ा और न्यायपालिका का बहुमूल्य समय भी खर्च हुआ। बाफना अस्पताल एवं ऑथोपेडिक्स रिसर्च सेंटर ने इंदौर नगर निगम के 30 सितंबर के आदेश और इसके आधार पर 7 अक्तूबर को जारी लेजर रिपोर्ट को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल और अधिवक्ता जयेश गुरनानी ने पक्ष रखा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने निगम अधिकारी के निदेर्शों का हवाला देते हुए अदालत को बताया कि विवादित आदेश प्रथम दृष्टया कानून के विपरीत है और नगर निगम इस आदेश तथा लेजर रिपोर्ट को वापस ले रहा है।

सात दिनों के भीतर व्यक्तिगत भुगतान का निर्देश

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि नगर निगम जैसी जिम्मेदार वैधानिक संस्था के अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कानून के मौजूदा प्रावधानों की पूरी जानकारी रखें और उन्हीं के अनुसार निर्णय लें। संबंधित अधिकारी ने कानूनी प्रावधानों की समुचित जांच किए बिना यांत्रिक तरीके से आदेश पारित किया। इसके कारण अस्पताल प्रबंधन को न्याय पाने के लिए अदालत का रुख करना पड़ा। अदालत ने अधिकारी पर लगाई गई 1 लाख रुपये की कॉस्ट का भुगतान करने के लिए समय-सीमा और तरीका तय कर दिया। अदालत के निदेर्शों के अनुसार 75 हजार रुपये की राशि मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर में जमा करनी होगी। 25 हजार रुपये की राशि याचिकाकर्ता बाफना अस्पताल को वाद-व्यय के रूप में दी जाएगी। आदेश जारी होने की तारीख से सात दिनों की समय-सीमा के भीतर यह राशि जमा करनी अनिवार्य होगी।

प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय जवाबदेही पर रोक

उच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों की गलत कार्रवाई से पैदा होने वाली मुकदमों की स्थिति का आर्थिक बोझ अनावश्यक रूप से सार्वजनिक धन पर नहीं डाला जाना चाहिए। इस प्रकार का जुमार्ना लगाने का मुख्य उद्देश्य ऐसी प्रशासनिक गलतियों को रोकना और अधिकारियों को उनके कानूनी दायित्वों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह बनाना है। अदालत ने यह उम्मीद जताई कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के दिए थे निर्देश, किसानों को बाजार से जोड़ने पर जोर

बढ़ती मांगः 65 गांवों में बन रहा फूलों का क्लस्टर...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी में फूलों की बढ़ती मांग अब खेतों तक पहुंच रही है। मंदिरों में चढ़ावे से लेकर धार्मिक आयोजनों तक फूलों की खपत बढ़ने के बीच उज्जैन जिले के 65 गांवों में करीब 3000 एकड़ में फूलों का क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

कायथा, झारड़ा, इंगोरिया, कासमपुर और कालियादेह सहित चयनित गांवों में कटफ्लावर और अन्य फूलों की खेती को विस्तार देने की प्रक्रिया चल रही है। लक्ष्य किसानों को परंपरागत फसलों के साथ अधिक आय की संभावना वाली उद्यानिकी खेती से जोड़ना है। इसके लिए फूल उगाने के साथ उन्हें सुरक्षित रखने, बाजार तक पहुंचाने और बेहतर मूल्य दिलाने की व्यवस्था विकसित करने पर जोर है।

मंदिरों के फूलों से 10 वर्षों से बन रही अगरबत्ती और खाद

उज्जैन में महाकाल सहित सभी बड़े मंदिरों से अर्पित फूलों का उपयोग अगरबत्ती और खाद बनाने में करीब 10 वर्षों से किया जा रहा है। पूजा के बाद अनुपयोगी समझे जाने वाले फूलों को उपयोगी उत्पादों में बदलने से कचरे के प्रबंधन में मदद मिल रही है। धार्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ मंदिरों में फूलों की खपत और चढ़ावे के बाद निकलने वाले पुष्प अपशिष्ट का प्रबंधन भी महत्वपूर्ण हो जाता है। फूलों से अगरबत्ती और खाद बनाने जैसी गतिविधियों का विस्तार स्थानीय प्रसंस्करण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ा सकता है।

उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के दिए थे निर्देश



भंडारण, पैकिंग, परिवहन और बिक्री तक का प्लानकृषि उत्पादन आयुक्त केसी गुप्ता ने संभागीय समीक्षा बैठक में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने, किसानों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता देने तथा क्लस्टर के साथ कॉमन मार्केटिंग और कोल्ड चेन विकसित करने के निर्देश दिए थे। फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी जोर दिया गया। इसका उद्देश्य फूलों की खेती को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर भंडारण, पैकिंग, परिवहन और बिक्री की सुविधाओं से जोड़ना है। फूलों की गुणवत्ता कटाई के बाद उन्हें संभालने और बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था पर निर्भर करती है। साझा संग्रहण, पैकिंग और परिवहन सुविधाएं किसानों को उपज बेचने में मदद कर सकती हैं। स्थानीय मांग के साथ इंदौर, भोपाल और अन्य शहरों के बाजारों को ध्यान में रखकर विपणन व्यवस्था विकसित करने से बिक्री के अवसर बढ़ सकते हैं।

बढ़ती मांग खेतों तक पहुंची- महाकाल की नगरी में फूलों की बढ़ती मांग अब खेतों तक पहुंच रही है। मंदिरों में चढ़ावे से लेकर धार्मिक आयोजनों तक फूलों की खपत बढ़ने के बीच उज्जैन जिले के 65 गांवों में करीब 3000 एकड़ में फूलों का क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

दीपोत्सव आजीविका मेला

ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को मिलेगा बाजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत इंदौर द्वाराग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं, इंदौर में दीपोत्सव आजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री, दीपावली पूजन सामग्री, सजावटी वस्तुएं, पारंपरिक खाद्य उत्पाद, एवं अन्य स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि करना, उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना तथा स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर हिमांशु प्रजापति द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे दीपोत्सव आजीविका मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी करें और महिला सशक्तिकरण में सहभागी बनें।

इंदौर की लोकतंत्र बचाओ यात्रा में कैलाश विजयवर्गीय सीएम से हुए नाराज

जमकर हुई धक्कामुक्की, समय को लेकर हुई माथापच्ची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में भाजपा द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बीच की तनातनी खुलकर सामने आ गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव को सुभाषपुरा से परदेशीपुरा तक आयोजित रैली में पहुंचने में देरी हो रही थी और इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंच से बार-बार नाराजगी जाहिर करते रहे।

अंत में अधिकारियों ने कहा कि सीएम 2 मिनट में आ रहे हैं तो मंत्री ने कहा 2 मिनट भी नहीं रुकूंगा। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के पहुंचने से पहले ही पदयात्रा निकाल दी। रैली का समय 11 बजे रखा गया था। दोपहर 12 के बाद से ही कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से अधिकारियों से कहा कि हम रैली को आगे बढ़ा देंगे यदि मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम में समय पर नहीं आ पाएंगे।

इसके बाद उन्होंने मंच से यह भी कह दिया कि लगता है मुख्यमंत्री तब रैली में पहुंचेंगे जब जनता ही यहां से चली जाएगी। मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 5 से अधिक बार मुख्यमंत्री की देरी होने पर नाराजगी जाहिर की और कई बार माइक बंद करके अधिकारियों पर भी नाराज होते रहे। रैली में बड़ी संख्या में आए लोग जब लोग जाने लगे तो मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि आप लोग जा रहे हो तो चले जाओ। पोहा जलेबी खाकर वापस रैली में शामिल होने के लिए आ जाना। मंच से वह कई बार लोगों को रोकने का प्रयास भी करते दिखे लेकिन मुख्यमंत्री के आने में विलंब होने के कारण रैली में शामिल होने के लिए आए लगभग आधे से अधिक लोग 12:30 बजे तक वापस चले गए थे।

जनता से कहा वापस जाकर आ जाना

रैली में बड़ी संख्या में आए लोग जब लोग जाने लगे तो मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि आप लोग जा रहे हो तो चले जाओ। पोहा जलेबी खाकर वापस रैली में शामिल होने के लिए आ जाना। मंच से वह कई बार लोगों को रोकने का प्रयास भी करते दिखे लेकिन मुख्यमंत्री के आने में विलंब होने के कारण रैली में शामिल होने के लिए आए लगभग आधे से अधिक लोग 12:30 बजे तक वापस चले गए थे। 12:30 बजे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री के बिना ही रैली शुरू कर दी और अधिकारियों से कहा कि अब 2 मिनट का इंतजार भी नहीं, रैली को सब आगे बढ़ाओ। आगे चलो।

सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार के लिए कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार के लिए आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि डॉ. बख्तियार अशरफी, डॉ कमलेश पाटील, डॉ राकेश गुप्ता ने सिकल सेल रोगियों के लक्षणों पर विस्तृत चर्चा कर सिकल सेल संकट के दौरान शरीर में रक्त प्रवाह रुकने या कम होने से कई गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं, इसके प्रमुख लक्षण हैं तेज दर्द हड्डियों, जोड़ों, पीठ, पेट या छाती में अचानक और बहुत तीव्र दर्द होना सिकल सेल संकट का सबसे मुख्य लक्षण है।

सांस लेने में तकलीफ फेफड़ों में रक्त प्रवाह प्रभावित होने या 'एक्यूट चेस्ट सिंड्रोम' के कारण सांस फूलना और छाती में जकड़न होना। अत्यधिक थकान और कमजोरी लाल रक्त कोशिकाओं के तेजी से टूटने और शरीर में खून की भारी कमी (एनीमिया) के कारण ऊर्जा की कमी महसूस होना। चक्कर आना और सिरदर्द मस्तिष्क में ऑक्सीजन या रक्त का प्रवाह कम होने से चक्कर आना, सिरदर्द या भ्रम की स्थिति पैदा होना। बुखार और संक्रमण शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर होने और प्लीहा के प्रभावित होने के कारण बार-बार बुखार आना या संक्रमण होने वाले लक्षणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मजबूत शीट के साथ पारदर्शी शेड लगाया जाएगा, 50 बीघा में विकसित होगा कालभैरव लोक

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बन रहा 200 फीट लंबा ब्रिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कालभैरव मंदिर में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को बाहर निकलने के लिए अब मुख्य द्वार तक लौटने की जरूरत नहीं होगी। इसके लिए शिप्रा नदी की ओर मंदिर की दीवार खोलकर करीब 200 फीट लंबा मिनी ब्रिज बनाया जा रहा है। लोहे के पाइप और गर्डर से तैयार हो रहे इस ब्रिज के ऊपर पारदर्शी शेड लगाया जाएगा। इसके शुरू होने पर मुख्य द्वार से प्रवेश और नदी की ओर बने मार्ग से निकास की व्यवस्था की जा सकेगी। सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर में भीड़ प्रबंधन के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। कहा गया है कि मिनी ब्रिज पर श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से बचाने के लिए मजबूत शीट के साथ पारदर्शी शेड लगाया जाएगा। निर्माण शुरू हो चुका है और करीब 20 फीट ढांचा तैयार होने की जानकारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, दीपावली के बाद इसे श्रद्धालुओं के लिए शुरू करने की संभावना है।

श्रद्धालु विक्रांत भैरव और गढ़कालिका मार्ग की ओर जा सकेंगे

यहां से बाहर निकलने वाले श्रद्धालु विक्रांत भैरव और गढ़कालिका मार्ग की ओर जा सकेंगे। अलग निकास मार्ग बनने से मंदिर के मुख्य द्वार पर आमने-सामने होने वाली आवाजाही कम करने में मदद मिलेगी। मंदिर परिसर में दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुराने और जर्जर बैरिकेड हटाकर नए फाइबर बैरियर लगाए गए हैं।

भीड़ का दबाव नियंत्रित करने के लिए श्रद्धालुओं को तय समय स्लाट के अनुसार चरणबद्ध तरीके से प्रवेश दिया जा रहा है। मंदिर परिसर और गर्भगृह के आसपास एक साथ अधिक लोगों के पहुंचने से होने वाली परेशानी कम करना इसका उद्देश्य है।

50 बीघा में विकसित होगा कालभैरव लोक

सिंहस्थ-2028 को देखते हुए कालभैरव मंदिर क्षेत्र को व्यापक स्तर पर विकसित करने की योजना है। करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से 50 बीघा भूमि पर कालभैरव लोक विकसित किया जाना प्रस्तावित है। उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रस्तावित परियोजना में आधुनिक फेसिलिटी सेंटर, बहुमंजिला पार्किंग, यात्री धर्मशालाएं और नई अप्रोच रोड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मिनी ब्रिज से जहां निकास व्यवस्था बेहतर बनाने की तैयारी है, वहीं कालभैरव लोक के विकास से भविष्य में बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की संख्या के अनुरूप सुविधाएं जुटाने का लक्ष्य है। सिंहस्थ के दौरान इन व्यवस्थाओं की उपयोगिता निर्माण समय पर पूरा होने और प्रवेश, निकास व पार्किंग के बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी।

निर्माण के साथ दर्शन व्यवस्था भी चुनौती- कालभैरव मंदिर की धार्मिक महत्ता और मदिरा भोग की विशिष्ट परंपरा के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सिंहस्थ के दौरान भीड़ बढ़ने पर पार्किंग, पेयजल, मार्गदर्शन और निकासी की व्यवस्था की परीक्षा होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण एवं विकास कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। अब निगाह इस पर रहेगी कि निदेर्शों पर कितनी तेजी से अमल होता है और 163 करोड़ रुपये की विकास योजना के तहत काम किस समयसीमा में आगे बढ़ता है।

श्योपुर कलेक्ट्रेट का घेराव

चीते के शिकार के विरोध में उतरी कूनो संघर्ष समिति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

चीता के शिकार और जंगल से अनगिनत पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के विरोध में गुरुवार को चीता संघर्ष समिति ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लिए चीता संघर्ष समिति के सदस्य और कांग्रेसियों ने पहले विरोध रैली निकाली, फिर कलेक्ट्रेट के मेन गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कूनो के अधिकारियों पर घोर लापरवाही बरतने के आरोप लगाकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कूनो संघर्ष समिति के जिला संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि बीते दिनों चीता की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाले चीता प्रोजेक्ट में इस तरह की वारदात को कूनो संघर्ष समिति ने घोर लापरवाही बताते हुए पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। अतुल चौहान ने कहा कि चीते की हत्या जैसी गंभीर घटना प्रदेश की वन्यजीव सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास वन विभाग की जिम्मेदारी भी है।

ऐसे में कूनो जैसे संवेदनशील और अंतरराष्ट्रीय महत्व के क्षेत्र में इस तरह की घटना होना चिंताजनक है। चौहान ने आरोप लगाया कि इससे पहले कूनो और श्योपुर सामान्य वन मंडल क्षेत्र में शिकार किए गए 10 से अधिक तेंदुओं की खालें उत्तर प्रदेश के आगरा में बरामद हो चुकी हैं। उनके अनुसार, यह घटनाक्रम वन्यजीवों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

न्यूज कालम



लायंस क्लब की अनिता जैन ने सर्वसमाज की सुहागिनों को बांटी सुहाग सामग्री

सनावद। करवा चौथ पर्व के अवसर पर लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन एवं उनकी सहयोगी महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा निभाते हुए गुरुवार को सर्वसमाज की सुहागिन महिलाओं को निःशुल्क सुहाग सामग्री वितरित की गई। इस दौरान महिलाओं को चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और रंगीन मिट्टी के करवे भेंट किए गए। सुहाग सामग्री पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। भारत कंगन स्टोर की खैरुन बी ने महिलाओं को अपने हाथों से चूड़ियां पहनाईं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता बिरला, ला. रेणुका गुप्ता, ला. अनुपमा वर्मा, ला. नेनिशा जैन, ला. शिवानी डागोड़े, दीपिका वर्मा, सीमा डोसी, सीमा सोनोने, संगीता, दुर्गा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। सामाजिक सौहार्द की मिसालः करवा चौथ के इस आयोजन में सर्वसमाज की महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित कर आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया।

सिविल अस्पताल मनावर में गर्भवती माताओं के लिए सोनोग्राफी सुविधा पुनः प्रारंभ

मनावर। सिविल अस्पताल मनावर में गर्भवती माताओं को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बंद पड़ी सोनोग्राफी सुविधा पुनः प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सिविल अस्पताल मनावर को अल्ट्राटेक कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदाय की गई सोनोग्राफी मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण विगत कुछ दिनों से सोनोग्राफी सुविधा बाधित थी। इस संबंध में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंपा बघेल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, धार को नवीन सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराने हेतु मांग प्रेषित की गई थी। प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला स्टोर से नवीन सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई। साथ ही मशीन के संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय, धार से विधिवत पंजीयन भी जारी कराया गया।सोनोग्राफी सुविधा पुनः प्रारंभ होने से विकासखंड मनावर एवं आसपास के क्षेत्रों की गर्भवती माताओं को स्थानीय स्तर पर ही जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिम एवं जटिलताओं की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार एवं प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस सुविधा से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ता मिलेगी तथा सुरक्षित मातृत्व की दिशा में महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होगा।



पंजा कुश्ती में शीर्ष लाड़ का दोहरा धमाका, प्रदेश स्तर पर जीतीं दो ट्रॉफियां

सनावद। खेल के मैदान में अपनी ताकत और हुनर का दम दिखाते हुए सनावद के लाड़ समाज के युवा शीर्ष रजनीश लाड़ ने प्रदेश स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल की है। इंदौर स्थित सेज यूनिवर्सिटी में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित प्री-यूफोरिया स्पोर्ट्स फेस्ट में शीर्ष ने पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के दो भार वर्गों में पदक जीतकर दो ट्रॉफियां अपने नाम कीं। प्रतियोगिता के 60 किलोग्राम भार वर्ग में शीर्ष ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 70 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एक ही प्रतियोगिता में दो भार वर्गों में मिली इस सफलता से उन्होंने सनावद का नाम रोशन किया है। शीर्ष की इस उपलब्धि पर लाड़ समाज सहित नगर में हर्ष का माहौल है। समाजजनों, शुभचिंतकों और परिचितों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिवकुमार लाड़ ने दी।



प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



जावरा । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जिले के अंतर्गत विकासखंड के जावरा सेक्टर की पांचों प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, जनभागीदारी, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण आदर्श ग्राम ,जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समितियों के पदाधिकारियों को समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। नवांकुर संस्था के शिवेंद्र माथुर ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से समितियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है तथा ग्रामीण विकास के कार्यों को गति मिलती है। सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सिंह चौहान ने भी प्रशिक्षणार्थी एवं समिति के पदाधिकारी को संबोधित किया । कार्यक्रम में परामर्शदाता सागर बरसोलिया ने एनजीओ प्रबंधन में किए जाने वाले कार्यों पर उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में अभाविप की नई कार्यकारिणी घोषित

खरगोन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की। संगठन ने प्रतीक पटेल को कॉलेज अध्यक्ष एवं योगिता यादव को कॉलेज मंत्री के रूप में मनोनीत किया है। कार्यकारिणी की घोषणा पर नए पदाधिकारियों का फूल.मालाओं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नव.नियुक्त कॉलेज अध्यक्ष पटेल एवं योगिता ने जिम्मेदारी मिलने पर संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा किए विद्यार्थी हित और विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। हम छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री ने श्रीलंका में किया बाग प्रिंट का प्रदर्शन

भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने सराही कला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



कोलंबो में च्सीलोन क्राफ्ट वीक 2026 के दौरान धार जिले के बाग के शिल्पकार डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री ने साझा की बाग प्रिंट की सदियों पुरानी परंपरा; उच्चायुक्त की पत्नी श्रीमती तनुजा झा ने भी दिखाई विशेष रुचि।*

हाथों से तराशे गए लकड़ी के ब्लॉक, प्राकृतिक रंगों की खूबसूरती और सदियों से संजोई गई छपाई की परंपरा–मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट कला ने कोलंबो में अपनी अलग छाप छोड़ी। श्रीलंका के कोलंबो शहर में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित च्इंडो-श्रीलंका सीलोन क्राफ्ट वीक 2026 के दौरान धार जिले के बाग के शिल्पकार डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री ने अपनी पारंपरिक कला का प्रदर्शन करते हुए भारतीय हस्तशिल्प की विशिष्टता को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।

इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग के उच्चायुक्त श्री संतोष झा की उपस्थिति ने भारतीय पारंपरिक शिल्पकला के इस प्रदर्शन को विशेष महत्व प्रदान किया। इस अवसर पर बाग प्रिंट शिल्पकार डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री ने उच्चायुक्त, भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों को बाग प्रिंट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, पारंपरिक हाथ से ब्लॉक छपाई की तकनीक, प्राकृतिक रंगों के उपयोग तथा पीढ़ियों से चली आ रही इस समृद्ध शिल्प परंपरा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

भारतीय उच्चायुक्त श्री संतोष झा की पत्नी श्रीमती तनुजा झा ने भी बाग प्रिंट की पारंपरिक कला और इसके हस्तनिर्मित वस्त्रों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने बाग प्रिंट की बारीकियों और इसकी पारंपरिक विशेषताओं को समझा तथा इस कला से तैयार साड़ियों को पसंद करते हुए उनकी खरीदारी भी की। यह प्रसंग भारतीय पारंपरिक हस्तशिल्प के प्रति उनकी रुचि और बाग प्रिंट की विशिष्ट कलात्मक अपील को रेखांकित करता है।

बाग प्रिंट की साड़ियों और वस्त्रों की विशेषता उनके पारंपरिक डिजाइन, प्राकृतिक रंगों की गहराई और हाथ से की जाने वाली छपाई में निहित है। प्रत्येक वस्त्र में कारीगर का कौशल, धैर्य और पारंपरिक ज्ञान दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर इन वस्त्रों का प्रदर्शन भारतीय हस्तनिर्मित उत्पादों की विशिष्ट पहचान को सामने लाने का महत्वपूर्ण अवसर बना। बाग प्रिंट की पारंपरिक कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे यूनेस्को तथा विश्व शिल्प परिषद के प्रतिष्ठित अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित हो चुके हैं। वे थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी अपनी पारंपरिक बाग प्रिंट कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।

मोहम्मद आरिफ खत्री बाग की पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग कला को देश-विदेश में पहचान दिलाने तथा नई पीढ़ी तक इस विरासत का ज्ञान पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

सीलोन क्राफ्ट वीक 2026 में उनकी सहभागिता ने मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर दिया। इस आयोजन का संयुक्त आयोजन श्रीलंका सरकार के उद्योग एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शिल्प परिषद तथा कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच पारंपरिक शिल्पकला, हस्तनिर्मित उत्पादों और सांस्कृतिक विरासत के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है।



बाग में पत्रकारों का आक्रोशः पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

टांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और डॉक्टरों की समस्याओं को लेकर कवरेज करने पहुंचे धार न्यूज चैनल के सक्रिय पत्रकार दीपक जायसवाल पर टांडा पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला गरमा गया है। इस कार्रवाई के विरोध में नगर पत्रकार संघ, बाग ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बाग थाना प्रभारी हीरू सिंह रावत को पुलिस अधीक्षक धार के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के दौरान पत्रकारों ने दो टूक शब्दों में कहा कि एक रिपोर्टर का काम घटना की सच्चाई सामने लाना और जनता की आवाज उठाना होता है, न कि किसी आंदोलन या चक्काजाम का नेतृत्व करना। पत्रकार को इस प्रकार के मामलों में उलझाना स्वतंत्र प्रेस को दबाने का कुत्सित प्रयास है।

ज्ञापन के दौरान पत्रकार बृज जाजू ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। जब कोई पत्रकार अपनी पेशेवर जिम्मेदारी निभाते हुए स्वास्थ्य केंद्र जैसी गंभीर समस्याओं को उजागर करने मौके पर पहुंचता है, तो उसे अपराधी की तरह ट्रीट करना और उस पर मुकदमे दर्ज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।? सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी और चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जनता में आक्रोश था।

मंडी में अव्यवस्थाओ का अम्बार किसानों सहित अन्य लोगों को हो रही परेशानिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



अव्यवस्थाओ के चलते शहर के राजघाट रोड़ स्तिथ कृषि उपज मंडी हमेशा ही सुर्खियों में बानी रहती है। वही इन दिनों मंडी में जिम्मेदारो की लापरवाही का खमियाजा भोले भाले किसानों को झेलना पड़ रहा है।

कृषि उपज मंडी में अपनी उपज लेकर आने वाले स्थानीय एवं बाहरी किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूर दराज क्षेत्र से आये किसानों को भोजन शाला नहीं होने सहित अन्य कई समस्या उठाना पड़ रही है।

इलेक्ट्रोनिक तोल काटे नहीं होने या जो है, उनके सही कार्य नहीं करने की शिकायते मिलती रहती है। कुछ किसानों का कहना है कि इलेक्ट्रोनिक तोल काटे नहीं होने के कारण मंडी में अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों की फसल की सही तुलाई नहीं हो पाती है। जिससे उन्हें अपनी कढ़ी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता है। जिसके चलते आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में जिम्मेदारो को भी अवगत कराया गया है, लेकिन लगता है कि किसनो की इस समस्या से उन्हें कुछ लेना देना ही नहीं हो।

जिला मुख्यालय पर मंडी होने से मंडी में शहर सहित आसपास क्षेत्रों एवं दूर दराज से भी बड़ी संख्या में किसान फसल लेकर हर रविवार पहुंचते है। जिसे देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए यहा भोजन शाला होना बेहद आवश्यक है, जिससे लम्बी दूरी तय कर मंडी पहुचे किसानों को मंडी में ही भोजन मिल सके। भोजन के लिए अन्नदाताओ को मंडी के बाहर यहाँ वहा भटकना न पड़े।

कृषि उपज मंडी में जहाँ एक ओर किसान अव्यस्थाओ से परेशान है। वहीं दूसरी किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मजबूरिवश कई घंटो गंदगी के बिच गुजरना पड़ते है। जिससे उनकी सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वही मंडी में खरीदी के लिए आने वाले आमजनों को भी गंदगी से उड़ने वाली दुर्गन्ध से परेशानी होती है। कुछ किसानों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने के अभाव में मंडी में जहाँ तहा गंदगी का अम्बार लगा रहता है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 27 अक्टूबर को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रूड़की के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया, जिसका उद्देश्य "रेलवे के स्टील पुलों में दरारों का पता लगाने की हाइब्रिड पद्धति विकसित करना और उसकीबची हुई आयुका आकलन करना" है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक निरीक्षण तकनीकों, नॉन-डिस्ट्रक्टिव इवैल्यूएशन (एनडीई), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मटेरियल टेस्टिंग और एडवांस्ड स्ट्रक्चरल एनालिसिस का उपयोग करपुराने हो रहे स्टील पुलों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को मजबूत करना है।

यह पहल भारतीय रेल के पुराने हो रहे स्टील पुलों की संरचना को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इसमें एनएफआर के वे पुल भी शामिल हैं, जो 50 वर्षों से अधिक समय से उपयोग में हैं। ट्रेनों की बढ़ती गति, भारी बोझ और निरंतर आवाजाही के कारण फटीग एनालिसिसकी जरूरत है। इसके तहत, आईआईटीरुड़की पुल के सभी वेल्डेड ज्वाइंट्स, होल्स और अन्य संवेदनशील हिस्सों का विस्तार से अध्ययन करेगा।

हालांकि रेलवे के तय मानकों के अनुसार नियमित जांच की जाती है, लेकिन सामान्य तौर पर देखकर की जाने वाली जांच या पारंपरिक परीक्षण तरीकों से अक्सर काफी बारीक या छिपी हुई दरारें पकड़ में नहीं आतीं। इस परियोजना का उद्देश्य विजुअल निरीक्षण, आधुनिक परीक्षण और एआई-आधारित तकनीक के संयोजन के माध्यम से मौजूदा निरीक्षण प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत बनाना है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य दो प्रमुख क्षेत्रोंः दरारों का पता लगाने की क्षमता में सुधार करना और स्टील पुलों के शेष सेवा काल का आकलन करनेपर ध्यान केंद्रित करना है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

बड़वानी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर को नगर पालिका इण्डोर स्टेडियम हाल एवं पीएम श्री शासकीय मिडिल स्कूल क्रमांक 3 में किया गया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि समूह लोकनृत्य एवं लोकगीत तथा पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि जिले के विजेता युवा एवं दल संभाग स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे। तथा संभाग स्तर के प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त युवा एवं दल राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे। उक्त आयोजन में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री संतरा निनामा एवं निर्णायक प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय महाविद्यालय बड़वानी के एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



पुलिस अधीक्षक ने किया थाना ठीकरी और अंजड़ का औचक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा मैदानी स्तर पर पुलिस कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह ने आज दिनांक 30 अक्टूबर को थाना ठीकरी एवं थाना अंजड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने दोनों थानों के थाना भवनों, परिसरों और कार्यालयीन अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) का बारीकी से जायजा लिया तथा साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का मुआयना करते हुए थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों से सीधा संवाद किया। उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के साथ ही मैदानी स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली और उनका त्वरित समाधान किया। उन्होंने पुलिस बल को निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिए:वर्तमान में चल रहे इस विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

एनडीपीएस (ह्रष्ठक्कर्-) एक्ट पर प्रहार* मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री और तस्करी में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



ग्राम चौपाल एवं जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को किया जाए जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

कलेक्टर विवेक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, मत्स्य एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। वहीं नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े। बैठक में जिले में जल की उपलब्धता, जल संसाधनों के समुचित उपयोग तथा विभिन्न विभागों से संबंधित जल उपयोग के विषयों पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं उपलब्ध जल का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल आयोजित कर किसानों को कृषि तकनीकों, बेहतर उत्पादन एवं चना फसल हेतु प्रोत्साहित करने के संबंध में जानकारी दी जाए। इसके लिए एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा उप संचालक कृषि के समन्वय से ग्राम स्तर पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। आयोजित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जल संवर्धन एवं प्रबंधन हेतु जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी करने की बात कही गई।



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त जारी-अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त जारी करते हुए देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 680 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की।

इस अवसर पर बुरहानपुर जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना।

24वीं किश्त के अंतर्गत बुरहानपुर जिले के 59 हजार 547 पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रति किसान 2 हजार रुपए के मान से कुल 11 करोड़ 90 लाख 94 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के उत्थान और कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और आत्म विश्वास का संचार करने वाली ऐतिहासिक योजना है। यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि देश के अन्नदाताओं के प्रति प्रधानमंत्री जी के सम्मान, विश्वास और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए जन विश्वास शिविर : विधायक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

नगर पालिका परिषद ने शुक्रवार को राधाकुंज मांगलिक परिसर में जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर का आयोजन किया। शिविर में आमजन को एक ही मंच पर सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। शिविर में योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

शिविर में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी और जिला पंचायत सीईओ मिलिंद नागदेवे मंचासीन रहे। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेकर लोग समृद्धि की ओर बढ़ रहे है। ये शिविर नागरिकों को अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आयोजित किया है। इन शिविरों का उद्देश्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभांवित करना है। जो लोग लाभ ले चुके है, वह अन्य लोगों को भी इनकी जानकारी देकर लाभांवित कराए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए समय पर जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित किया।

नपा अध्यक्ष श्रीमती जोशी ने कहा कि यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करने के लिए आयोजित किया गया। इसके माध्यम से आज प्रशासनिक अमला खुद जनता के बीच पहुंचा है। आज कई लोग लाभांवित हुए है, वे लोग दूसरों को भी लाभ लेने की प्रक्रिया बताएं, जिससे वंचित लोग भी लाभांवित हो सके।

पश्चिमी रेलवे

नए एफओबी का प्रावधान

संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008, द्वारा बीसीटी/26-27/206 दिनांक 27/10/2026 को आमंत्रित किया जाता है। कार्य एवं स्थान: उकाई सोंगाध-जलगांव खंड: एसएसई/डब्ल्यू/नवापुर के अंतर्गत एनएसजी6 लक्कड़कोट, भदभुंजा और पुराने कोल्हे में डॉग लेग्ड रैंप सहित 3.66 मीटर का नया फुट ओवर ब्रिज बनाना और नंदुरबार में पुराने जीर्ण-शीर्ण फुट ओवर ब्रिज के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या 2/3 से लाइन संख्या 9 के बीच नया फुट ओवर ब्रिज बनाना तथा पश्चिमी रेलवे के एडीईएन/नंदुरबार के अधिकार क्षेत्र में नवापुर में नया फुट ओवर ब्रिज बनाना। कार्य की अनुमानित ₹ लागत: ₹25,41,62,926.58। ईएमडी: ₹50,83,300/-। आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय: 27.11.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। खुलने का समय और तिथि: 27.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैन्युअल रूप से दिए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। 0759

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे

मौजूदा BGML के संबंध में

पश्चिमी रेलवे, दादर स्थित उप-सीई (ब्रिज-लाइन) विभाग ई-निविदा संख्या: DYCE-BR-DDR-2026-09 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: मुंबई प्रभाग के एसएसई (ब्र) वलसाड के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सफले-सूरत खंड में स्थित पुल संख्या 228 (7x18.30 मीटर) के केवल स्पैन संख्या 7, 284 (1x18.30 मीटर), 288 (2x18.30 मीटर), 352 (1x18.30 मीटर) यूपी और डीएन, 163 यूपी/डीएन (3x18.3 मीटर), 192 यूपी (2x18.30 मीटर) और 442 यूपी/डीएन (1x14.40 मीटर + 3x18.30 मीटर) के मौजूदा बीजीएमएल मानक स्टील गर्डर की 18.30 मीटर की पुनर्गर्डरिंग करना। कार्यकी अनुमानित ₹ लागत: 7,37,71,424.54/- रुपये। ईएमडी: 14,75,400/- रुपये। ई-टेंडर जमा करने और ई-टेंडर खोलने की तिथि और समय: ऑनलाइन टेंडर 27.11.2026 को दोपहर 3:00 बजे से पहले जमा करना होगा और इसे उसी दिन यानी 27.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे खोला जाएगा। वेबसाइट का विवरण और संपूर्ण जानकारी देखने के स्थान की सूचना आदि: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in 0757

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस मित्रों से मिले एसपी



उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम करछा मेले में पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस मित्रों से शुक्रवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम पर मुलाकात की और उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसा करते हुये उत्साहवर्धन किया। एसपी शर्मा ने सभी पुलिस मित्रों से भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा भावना, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने की बात कहीं। उन्होने कहा कि पुलिस मित्रों का समर्पण, सहयोग पुलिस व्यवस्था को सुदृढ बनाने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आगामी समय में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन धार्मिक नगरी में होने वाला है। उस वक्त भी पुलिस मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पुलिस मित्रों से हुई एसपी की मुलाकात के दौरान डीएसपी भारत यादव, नरवर थाना टीआई बल्लूसिंह मंडलोई भी मौजूद थे। उन्होने भी पुलिस मित्रों के सहयोग की प्रशंसा की।

बिहार की महिला श्रद्धालु के पैर पर चढ़ा ई-रिक्शा

उज्जैन। बिहार का रहने वाला परिवार शुक्रवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। शाम को दर्शन के बाद परिवार मंदिर से बाहर निकला था और क्षेत्र में घूम रहा था उसी दौरान मंदिर के पास ई-रिक्शा चालक ने परिवार की 74 वर्षीय उषादेवी पति श्याम बाबू के पैर पर रिक्शा च?ा दिया। वृद्धा घायल हो गई। परिवार लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। वृद्धा को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने वृद्धा के परिजनों की शिकायत पर रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। घटना के बाद चालक रिक्शा लेकर भाग निकला था।

घर में मृत पड़ा मिला युवक अटैक की आशंका

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर में रहने वाला करण पिता किशोर मोरे 24 साल शुक्रवार को घर में मृत अवस्था में प?ा मिला। परिजनों का लगा था कि वह सोया हुआ है। जब वह नहीं उठा तो उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आशंका जताई गई कि युवक को हार्ट अटैक हुआ था। परिजनों ने बताया कि करण के माता-पिता उसके साथ नहीं रहते है। वह मामा के पास रहता था और रंगाई-पुताई का काम करता था। उसे शराब पीने की लत भी लग चुकी थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने आया युवक पकड़ाया

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ बायपास ब्रिज के पास पिंगलेश्वर रोड पर हाथभट्टी से बनी कच्ची शराब बेचने की फिराक में आया युवक पुलिस की हिरासत में आ गया। उसने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया था, गिरने पर घायल हो गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि युवक प्रेम उर्फ हनी पिता दिनेश 22 साल निवासी गिरीराज रत्न कालोनी का रहने वाला है। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 5 लीटर शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में डकैती की योजना बनाने का प्रकरण भी दर्ज होना सामने आया है।

तारामंडल स्मार्ट रोड़ पर 2 कारों में हुई भिड़ंत

उज्जैन। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के तारामंडल स्मार्ट रोड पर इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा पर 2 कारों में भिड़ंत हो गई। एक कार में विकास पिता गोविंद यादव निवासी लालपुर नागझिरी और उसकी पत्नी किरण यादव सवार थी। दुर्घटना में किरण यादव घायल हुई है। दूसरी कार आदर्श पिता पूनमचंद्र यादव निवासी राजेन्द्र नगर नीलगंगा सवार था। दोनों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से कार चलाने का आरोप लगाया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया।

दिन	779-3		149-4
मेन बाजार	334-0		256-3
कल्याण नाइट	258-5		680-4
मिलन डे	268-6		478-9
मिलन नाइट	480-2		389-0
मधुर डे	140-5		111-3
मधुर नाइट	168-5		456-5
शुभांक	8	7	2

नीलगंगा पुलिस की रात को शास्त्रीनगर में दबिश.....

बिना लायसेंस के मकान में रखे थे लाखों के पटाखे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली से पहले जिले में अवैध पटाखों की ब्रिकी और भंडारण पर पुलिस और प्रशासन सख्त हो गया है। इसी में शुक्रवार रात नीलगंगा पुलिस ने एक मकान से बिना लायसेंस के संग्रहित कर रखे लाखों के पटाखे बरामद किये है।

नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि इवेंट मैनेजर का काम करने वाले सौरभ पिता जगदीश शर्मा के गली नम्बर 9 शास्त्रीनगर स्थित मकान में पटाखों का संग्रहण कर रखा गया है। छोटी सी गली क्षेत्र में बड़ा धमाका कर सकती है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने एसआई भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे, आरक्षक लोकेन्द्र प्रजापत और टीम के साथ छापा मारा। मकान के एक कमरे में विस्फोटक पटाखों बड़ा स्टॉक रखा होना सामने आया। सौरभ शर्मा



और उसके भाई शुभम शर्मा को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया तो पता चला कि पटाखे बेचने के लिये रखे थे। पुलिस ने पटाखों से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो उसके पास ना तो दस्तावेज मिले ना ही पटाखा ब्रिकी का लायसेंस प्राप्त हुआ। पटाखों को जप्त की सील करने की कार्रवाई कर आदेश का उल्लघंन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पटाखों की कीमत 10 लाख रूपये से अधिक होना पाई गई है।

रिहाईशी इलाकों में पटाखे विक्रय पर प्रतिबंध

प्रशासन और पुलिस दशहरा पर्व से ही रिहाईशी इलाकों और अवैध रूप से पटाखों की ब्रिकी पर प्रतिबंध लगा चुका है। कुछ दिन पहले जिले में पुलिस द्वारा दुकानों पर तलाशी अभियान चलाकर पटाखा कारोबारियों को नियमानुसार ही पटाखों का विक्रय करने की हिदायत दी थी और कार्बाइड गन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा होने के आदेश जारी कर दिये थे। कुछ दिन पहले जिले की बड़नगर तहसील में भी अवैध पटाखों का स्टॉक पुलिस ने बरामद किया था। माधवनगर थाना पुलिस ने भी एक झोपड़ी में से अवैध पटाखों को बरामद करने की कार्रवाई कर चुकी है।

एसपी बोले लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम नजर बनाये हुये है। अवैध पटाखों का भंडारण और विक्रय की सूचना पुलिस को दें। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। दीपावाली का पर्व सुरक्षित और शांति के साथ मनाया जा सके इसके प्रयास पुलिस द्वारा किये जा रहे है। उन्होने कहा कि पटाखा कारोबारी भी नियमों और सुरक्षा मानको के अनुरूप कारोबार करें।

ट्रेक्टर ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उन्हेल-भैरवगढ़ मार्ग पर गुरूवार रात ट्रेक्टर ने बाइक सवार 2 दोस्तों को कुचल दिया। एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरू कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया।



भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम गोयला मार्ग पर रात में बाइक सवार 2 युवकों को ट्रेक्टर ने कुचल दिया था। दुर्घटना के बाद चालक ट्रेक्टर लेकर भाग निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची तो एक की मौत होना सामने आया। दूसरा गंभीर घायल हुआ था। आसपास के गांव वाले भी एकत्रित हो गये थे, जिन्होने मृतक की पहचान श्रवण पिता भंवरलाल 25 साल और श्रवण पिता हाकम सिंह 25 साल निवासी ग्राम गोयल के रूप में की। मृतक और घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर दोनों के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि दोनों दोस्त थे और शाम को बाइक से उज्जैन गये थे, लौटते समय दुर्घटना हुई है। दोनों साथ में मजदूरी करते थे और अविवाहित थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। घायल को उपचार के निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई थी। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरू की है।

माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला में शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, जिसके प्रयास शुरू किये गये है। बाइक नम्बर से उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल शव को अस्पताल भेजा गया है। पहचान होने पर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

हिरासत में आये 3 युवको के पास मिला मादक पदार्थ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर मादक पदार्थ के साथ 3 युवको को पकडा गया है। जिनके पास से बरामद गांजा और स्मैक 2.67 लाख का होना सामने आया। आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ लाने के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

तराना पुलिस ने शुक्रवार तडके प्रभात गश्त के दौरान कस्बे में बीएसएनएल टॉवर के पास से शोएब उर्फ गोलू टूटा पिता चांद खान 30 साल निवासी महावीर पथ तराना को मुखबीर की सूचना पर पकडा। उसके पास से तलाशी के दौरान 240 ग्राम गांजा बरामद हो गया। इससे पहले गुरूवार रात झारडा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर उज्जैन-गरोठ रोड स्थित अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर कृपाल पिता देवीसिंह 21 साल निवासी ग्राम कटारिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 637 ग्राम गांजा जप्त किया गया। तीसरा मामला नागदा थाना क्षेत्र के पानी की टंकी के नीचे मुक्तेश्वर महादेव ग्राउंड से सामने आया। नागदा थाना पुलिस ने दबिश देकर मयंक पिता विरेन्द्र सिंह 26 साल निवासी रेलवे कॉलोनी नागदा को हिरासत में लिया। जिसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई। तीनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 का प्रकरण दर्ज किया। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि स्मैक के संबंध में जानकारी जुटाने के लिये आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान में अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। बुधवार-गुरूवार रात बडनगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार नासिर हुसैन को पकड़ा था। जिसके पास से 15 ग्राम स्मैक मिली थी। यहीं नहीं 27 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ मार्ग कार्मल कांवेंट स्कूल के पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ मंदसौर के रहन`वाले राकेश हिलोरिया को गिरफ्तार किया था।

रिमांड पर चलती कार में गैंगरेप का आरोपी

उज्जैन। इंदौर की युवती के साथ चलती कार में गैंगरेप का एक आरोपी गुरूवार रात पुलिस की हिरासत में आ गया था। जिसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का साथी फरार है, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है। नानाखे?ा थाना पुलिस को 26-27 अक्टूबर की रात इंदौर की युवती ने अपने साथ चलती कार में सामूहिक रूप से 2 युवकों द्वारा गलत काम किये जाने की शिकायत दर्ज कराई। गलत का काम मुख्य आरोपी चक्रेश जैन निवासी जयसिंहपुरा और उसके दोस्त को बताया गया था। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी। गुरूवार रात चक्रेश जैन को मंदसौर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसके साथी का नाम राकेश पंथी सामने आया था। शुक्रवार को पुलिस ने चक्रेश को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर उसके साथी की तलाश शुरू की गई और कार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

13 सालों से था फरार, 10 हजार का था इनाम



उज्जैन। राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान में 13 सालों से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी को माधवनगर पुलिस गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2013 में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज हुआ था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि प्रदेश में राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स का विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसमें मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के साथ अवैध करोबार से जुडे फरार आरोपियों, वारंटियों की धरपकड की जा रही है। शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में 13 सालों से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी अरूण पिता किशोरीलाल रायकवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी न्यायालय में चले रहे प्रकरण के दौरान उपस्थित नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हो चुका था। आरोपी अशोक नगर का रहने वाला था, लेकिन 13 सालों से वह घर नहीं लौटा था। उसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी थी। शुक्रवार को सूचना मिलने पर उसे घासमंडी चौराहा से एसआई धर्मेन्द्र तोमर, एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक जीवन यादव की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

उज्जैन। पत्नी की हत्या कर शव को छुपाने वाले पति को न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद दोषी करार देते हुये उम्रकैद की सजा सुनाई है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने अपनी मां को बताया था।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में मई 2023 को दीपाबाई पति विजय परमार की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने मृतका का शव उसके घर में बिस्तर पेटी से बरामद किया था। जांच में पति द्वारा हत्या किया जाना सामने आने पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था। 41 माह तक चली सुनवाई के बाद चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार बंसल ने फैसला सुनाते हुये पति विजय परमार को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रकरण में आरोपी को सजा करने में नोडल अधिकारी नरवर थाना प्रभारी बल्लू सिंह मंडलोई का सहयोग रहा। विदित हो कि घटनाक्रम के दौरान पुलिस जांच में पता चला था कि आपसी विवाद के बाद शराबी पति ने रात को कमरे में पत्नी दीपा के साथ मारपीट कर उसका गला दबा दिया था। पत्नी की मौत होने पर उसने शव को जलाने का प्रयास किया और बिस्तर पेटी में छुपा दिया था। दूसरे दिन शाम को उसने नशे में परिवार को दीपा के मरे की जानकारी दी, परिवार का शंक हुआ तो उसके कमरे की तलाशी ली, बिस्तर पेटी से दीपा का शव मिला था।

चक्रवात अर्नब ने बदला मौसम का मिजाज

उज्जैन। बंगाल की खाडी से उठा चक्रवात अर्नब ने पूरे प्रदेश के मौसम का मिजाज बदल दिया है। शुक्रवार को शहर का तापमान सामन्य से 2 डिग्री कम दर्ज हुआ। दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही।

मौसम विभाग ने चक्रवात अनर्ब का असर 29 अक्टूबर से मध्यप्रदेश में दिखने का अलर्ट जारी कर दिया था, जो सटिक साबित हो रहा है। गुरूवार से मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया था। शुक्रवार को सुबह से बादलों और सूरज के बीच लुकाछुपी का खेल शुरू हो गया था। हवा की गति दिन गुजरने के साथ 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई थी। स्थानीय शासकीय जीवाजी वेधशाला पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम 28 दर्ज किया गया। शाम ढलने के बाद गुलाबी ठंड महसूस होने लगी थी, घरों में पंखे की रफ्तार भी थम गई थी। आज शहर में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अब चक्रवात कमजोर होकर लो प्रेशर में बदल रहा है। जिसका प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थिर है। इसके साथ दो ट्रफ लाइन उत्तर पश्चिम यूपी और अरब सागर से महाराष्ट्र तक है। सोमवार से मौसम साफ होने लगेगा और दिन-रात के तापमान में तेजी आ जायेगी। फिलहाल प्रदेश के कई जिलों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

जाहिर सूचना

(सर्वसाधारण को सार्वजनिक चेतावनी एवं सूचना)

सर्वसाधारण, समस्त संपत्ति दलालों, क्रेताओं, वित्तीय संस्थाओं एवं बैंकों को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित व सावधान किया जाता है कि: 1. संपत्तियों का विवरण व स्वामित्व: संपत्ति क्रमांक 1-मकान नंबर 2, मित्र नगर, पुलिस कॉलोनी, सांवेर रोड, जिला उज्जैन (म.प्र.) क्षेत्रफल: 104 वर्ग मीटर]।

उपरोक्त वर्णित संपत्तियां श्री गोवर्धन लाल परमार (सेवानिवृत्त पुलिस सूबेदार एम) द्वारा स्व-अर्जित एवं क्रय की गई हैं। उक्त संपत्तियों पर श्री गोवर्धन लाल परमार एवं उनके दोनों पुत्रों-श्री चन्द्रशेखर परमार एवं श्री शैलेष परमार (अधिवक्ता) का ही संयुक्त वैधानिक स्वत्व, हित, स्वामित्व व आधिपत्य है। 2. अवैध संव्यवहार एवं षड्यंत्र बाबत चेतावनी-सर्वसाधारण को आगाह किया जाता है कि श्री गोवर्धन लाल परमार की पुत्री श्रीमती संगीता राठौर (पति: श्री धीरेन्द्र कुमार राठौर, निवासी: ए-87, कोहेफिज़ा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भोपाल) द्वारा दोनों भाइयों (चन्द्रशेखर परमार व शैलेष परमार) की बिना सहमति, बिना बंटवारे तथा बिना किसी वैधानिक अधिकार के कूटरचित व भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्तियों (विशेषकर मकान नंबर 2, मित्र नगर, पुलिस कॉलोनी, उज्जैन) का किसी अन्य व्यक्ति/दलाल को अवैध रूप से विक्रय, अंतरण, बंधक (Rahan), एग्रीमेंट या सौदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। 3. संव्यवहार शून्य एवं निष्प्रभावी होने बाबत:- अत: कोई भी व्यक्ति, दलाल, फर्म, संस्था अथवा बैंक उपरोक्त वर्णित संपत्तियों के संबंध में श्रीमती संगीता राठौर, धीरेन्द्र कुमार राठौर या उनके किसी भी प्रतिनिधि के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन, अग्रिम राशि (बयाना), रजिस्टर्ड/अन-रजिस्टर्ड अनुबंध अथवा विक्रय पत्र निष्पादित न करें। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कोई संव्यवहार करता है, तो ऐसा संव्यवहार हम दोनों भाइयों पर कतई बंधनकारी नहीं होगा तथा विधि की दृष्टि में प्रारंभ से ही शून्य (Void ab initio), अवैध एवं निष्प्रभावी माना जावेगा। 4. हानि का उत्तरदायित्व एवं विधिक कार्रवाई-उक्त संपत्तियों के अवैध क्रय-विक्रय अथवा संव्यवहार से होने वाली समस्त आर्थिक, मानसिक व विधिक हानि के जिम्मेदार क्रेता एवं विक्रेता स्वयं होंगे। अवैध हस्तक्षेप अथवा कूटरचना की जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में सिविल वाद प्रस्तुत करने के साथ-साथ पुलिस थाना नानाखेड़ा/सक्षम आपराधिक न्यायालय में कठोर दंडात्मक विधिक कार्रवाई की जावेगी। स्थान: उज्जैन दिनांक-30/10/2026


सूचना कर्ता
1. श्री चन्द्रशेखर परमार पिता श्री गोवर्धन लाल परमार
2. श्री शैलेष परमार (हाईकोर्ट एडवोकेट) पिता श्री गोवर्धन लाल परमार-मकान नंबर 2, मित्र नगर, पुलिस कॉलोनी, सावेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) कार्यालय / हाल मुकाम-एम.आई.जी. एफ-2/9, जवाहर नगर, नानाखेडा, यूनियन बैंक के सामने, जिला उज्जैन
मो. 98934-43124

(जाहिर सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1-जुझारसिंह पिता श्री कोकसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासी ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-344/3 रकबा 0.50 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-359/2/3 रकबा 0.44 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.94 हैक्टर व 2- कैलाशबाई बेवा श्री कोकसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासी ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-344/1 रकबा 0.50 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-359/2/1 रकबा 0.50 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 1.00 हैक्टर संयुक्त कुल किता-2 संयुक्त कुल रकबा 1.21 हैक्टर व 3-जीवनसिंह श्री कोकसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासी ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-344/2 रकबा 0.50 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-359/2/1 रकबा 0.44 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.94 हैक्टर व 4-मीनाकुंवर पुत्री भेरूसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) 5-तोफानसिंह पिता श्री भेरूसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) 6-हेमकुंवर पुत्री भेरूसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासीगण ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-345 रकबा 0.28 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-359/1 रकबा 0.14 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.42 हैक्टर संयुक्त कुल किता-8 संयुक्त कुल रकबा 3.30 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-30.10.2026

कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर
सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. 98268.87494

रानी रासमणि ने बनवाया आधुनिक युग का भव्य काली दक्षिणेश्वर मंदिर



यह सन 1850 के आसपास का वक्त था। उस वक्त कलकत्ता के उत्तर में हुगली नदी के तट पर दक्षिणेश्वर मंदिर निर्माण के लिए जमीन खरीदी जा रही थी। इस मंदिर के निर्माण का जिम्मा कलकत्ता के जान बाजार के एक जमींदार राजचंद्र दास की पत्नी रानी रासमणि ने उठाया था। मगर एक निम्न जाति की महिला का मंदिर बनवाना तब के समाज को रास नहीं आया। और तो और, मंदिर निर्माण रोकने के लिए एक धनाढ्य सवर्ण जमींदार ने रानी रासमणि पर 16 बार मुकदमा किया, हालांकि वह हर बार हारा। रानी रासमणि ने न सिर्फ हर बार मुकदमा जीता, बल्कि मंदिर बनाने का जिम्मा तब की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी मैकिन्टोश बर्न लिमिटेड को सौंपा। मंदिर निर्माण के बहुत पहले ही पूर्व वर्धमान जिले के प्रख्यात शिल्पी नवीन चंद्र भास्कर महीने भर कलकत्ता में रानी रासमणि के जान बाजार वाले घर में रहे और वहीं उन्होंने हविष्य अन्न खाकर विधि-विधान से देवी काली की मूर्ति बनाई। मूर्ति निर्माण के लिए वे कच्चा माल बिहार के जमालपुर से लाते और वहीं उन्होंने कसौटी पत्थर हासिल करने के लिए एक पहाड़ ही खरीद लिया था। मंदिर का निर्माण तय अवधि में सन 1853 को पूरा जरूर हुआ, पर कानूनी मामलों के सुलझने के बाद ही सन 1855 में इस मंदिर का उद्घाटन हो सका। रानी रासमणि के कठिन प्रयासों से यह भी इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी रानी के बाद उसकी बेटियां इस मंदिर के सेवायत की उत्तराधिकारी रहीं। हालांकि यह प्रश्न अब भी अनुत्तरित है कि काली के जिस विग्रह का नाम रानी की वसीयत में जगदेश्वरी है, वह भवतारिणी कैसे हो गया? उद्घाटन के बाद दक्षिणेश्वर मंदिर को आधुनिक युग के सबसे भव्य काली मंदिर का दर्जा मिला और अब तो यहां हर जाति, हर धर्म के लोग दर्शन करने आते हैं।

सम्पादकीय

साइबर ठगी पर सख्ती

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी सराहनीय है कि यदि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की गलती या लापरवाही पाई जाती है तो उन्हें पीड़ित व्यक्ति को भरपाई करनी होगी। यह निराशाजनक है कि बैंक असामान्य लेनदेन को भांप पाने में नाकाम हैं, जबकि उन्हें इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए, क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं और यह धोखाधड़ी बैंकों के माध्यम से ही हो रही है। साइबर अपराधी फर्जी पुलिस, कस्टम, सीबीआइ, ईडी अथवा आयकर अधिकारी के रूप में लोगों को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगने में लगे हुए हैं। उनके झांसे में आकर कोई व्यक्ति जैसे ही उनकी ओर से बताए गए खाते में धनराशि ट्रांसफर करता है, वैसे ही वह एक के बाद एक दूसरे खातों में स्थानांतरित होती जाती है और अधिकांश मामलों में अपराधियों तक पहुंच पाना कठिन हो जाता है। अनेक मामलों में तो यह सामने आया है कि साइबर छल के जरिये हासिल की गई राशि विदेश पहुंच गई।

साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर तो लोगों को ठगने का काम कर ही रहे हैं, उन्हें लालच देकर अथवा बहकाकर भी ठगी कर रहे हैं। इस ठगी में भी बैंक ही माध्यम बनते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि साइबर धोखाधड़ी के कुछ मामलों में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत पाई गई है। ऐसे कुछ कर्मचारियों-अधिकारियों की गिरफ्तारी भी हुई है। एक विडंबना यह भी है कि बैंक म्यूल खातों की पहचान और निगरानी नहीं कर पा रहे हैं, जबकि साइबर ठगी के लिए ऐसे ही खातों का इस्तेमाल होता है।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कुछ मामलों में साइबर अपराधी पकड़ में आ जाते हैं और चंद लोगों को छल-छद्म से हड़पी गई राशि भी वापस हो जाती है, लेकिन सच्चाई यही है कि साइबर अपराधियों का दुस्साहस और उनका दायरा बढ़ता चला जा रहा है। अधिकांश मामलों में लोगों को उनकी राशि कभी वापस नहीं मिल पाती। साइबर अपराधी किस तरह बेलगाम हो गए हैं और वे किस बड़े पैमाने पर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं, इसका पता कुछ माह पहले सामने आए इस आंकड़े से लगता है कि अभी तक 54 हजार करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी हो चुकी है।

परिणामों से करे समीक्षा

बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर आखिर क्या बदला?

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि जनता के विश्वास, राजनीतिक दलों की लोकप्रियता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता की कसौटी भी हैं। जब चुनाव परिणामों को लेकर विवाद होता है, तब मतदान की प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगते हैं। पिछले कुछ समय से इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की विश्वसनीयता को लेकर राजनीतिक बहस चल रही है। विपक्ष के कई नेता बैलेट पेपर से चुनाव कराने की माँग करते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में विधान परिषद की 28 सीटों के लिए बैलेट पेपर से हुए चुनावों ने एक बार फिर इस बहस को तेज कर दिया है। सवाल यह है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर आखिर क्या बदला? क्या इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता साबित हुई, क्या राजनीतिक समीकरण बदले या केवल आरोप-प्रत्यारोप का एक नया अवसर मिला?



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

23 अक्टूबर 2026 को चार राज्यों में विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों के लिए मतदान हुआ। इन चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों के स्थान पर मतपत्रों का इस्तेमाल किया गया। मतगणना के दौरान भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों ने कई सीटों पर सफलता प्राप्त की। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत की, जबकि बिहार में जन सुराज पार्टी ने भी विधान परिषद में अपना खाता खोला। कांग्रेस को शुरूआती परिणामों में किसी सीट पर सफलता नहीं मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी स्थिति का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर राजनीतिक टिप्पणी की और सवाल किया कि बैलेट पेपर से हुए चुनावों में पार्टी कितनी सीटें जीत पाई। इस टिप्पणी ने मतदान प्रणाली को लेकर चल रही बहस को फिर चर्चा में ला दिया।

हालाँकि, अंतिम परिणामों ने इस राजनीतिक चर्चा को एक नया मोड़ दिया। महाराष्ट्र के नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के अभिजीत वंजारी ने भाजपा के सुधाकर कोहले को 3,271 मतों से पराजित कर दिया। इस सीट पर मतगणना लंबी चली और दूसरी वरीयता के मतों की गणना के बाद परिणाम सामने आया। नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय होने के साथ-साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का गृह क्षेत्र भी है। ऐसे क्षेत्र में कांग्रेस की जीत ने भाजपा के लिए राजनीतिक चुनौती खड़ी की। इससे स्पष्ट होता है कि चुनाव के शुरूआती रुझानों और अंतिम परिणामों में अंतर हो सकता है। इसलिए पूरी मतगणना समाप्त होने से पहले किसी दल की जीत या हार का अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। इन चुनावों से पहला बदलाव मतदान के तरीके में दिखाई दिया। इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के स्थान पर मतपत्रों का उपयोग किया गया और मतदाताओं ने अपनी पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में मतपत्र पर निर्धारित तरीके से वरीयता दर्ज की। लेकिन केवल मतदान का माध्यम बदलने से मतदाताओं की राजनीतिक पसंद नहीं बदल जाती। मतदाता किसी उम्मीदवार को उसकी लोकप्रियता, राजनीतिक विचारधारा, स्थानीय कामकाज, संगठन की सक्रियता और अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद के आधार पर चुनते हैं। इस दृष्टि से बैलेट पेपर से हुए चुनावों ने यह नहीं बताया कि कौन-सी मतदान प्रणाली राजनीतिक दलों को अधिक सीटें दिलाती है। उन्होंने केवल यह दिखाया कि मतपत्रों से मतदान होने पर भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, स्थानीय समीकरण और उम्मीदवारों की क्षमता महत्त्वपूर्ण बने रहते हैं।

दूसरा बदलाव राजनीतिक बहस में दिखाई दिया। विपक्ष लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता रहा है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए चुनावों के परिणामों को भाजपा ने विपक्ष की दलीलों के जवाब के रूप में प्रस्तुत किया। उसका तर्क रहा कि जब मतपत्रों से चुनाव हुए, तब भी कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर, विपक्ष यह कह सकता है कि विधान परिषद के सीमित निर्वाचन क्षेत्रों के परिणामों की तुलना लोकसभा और विधानसभा चुनावों से सीधे नहीं की जा सकती। दोनों पक्षों की दलीलों को समझते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी राजनीतिक दल की हार अपने आप में मतदान प्रणाली में गड़बड़ी या उसकी पूर्ण निष्पक्षता का प्रमाण नहीं होती।

तीसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष विधान परिषद के चुनावों का स्वरूप है। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य मतदाताओं के बजाय निर्धारित पात्रता वाले मतदाता मतदान करते हैं। इन क्षेत्रों में शिक्षकों, शिक्षाविदों और पंजीकृत स्नातकों की समस्याएँ चुनावी निर्णय को प्रभावित करती हैं। उम्मीदवारों का व्यक्तिगत संपर्क, स्थानीय संगठन, शिक्षा संबंधी मुद्दे और मतदाताओं के बीच उनकी विश्वसनीयता विशेष भूमिका निभाते हैं। इसलिए इन चुनावों को पूरे देश के मतदाताओं की राजनीतिक पसंद का प्रतिनिधि मानना उचित नहीं होगा। लोकसभा चुनावों में मतदाताओं का दायरा कहीं अधिक व्यापक होता है और राष्ट्रीय नेतृत्व, महँगाई, रोजगार, कृषि, सुरक्षा तथा शासन जैसे मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

अब प्रश्न उठता है कि क्या बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर चुनावी पारदर्शिता बढ़ जाती है? इसका उत्तर केवल चुनाव परिणाम देखकर नहीं दिया जा सकता। मतपत्रों के माध्यम से मतदान में मतदाता अपनी पसंद कागज पर दर्ज करता है। इससे मतों की भौतिक जाँच की सुविधा मिल सकती है, लेकिन मतपत्रों की छपाई, सुरक्षित परिवहन, भंडारण, मतगणना और अमान्य मतों का निर्धारण जैसी चुनौतियाँ भी सामने आती हैं। दूसरी ओर, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों में तकनीकी सुरक्षा, निर्धारित जाँच, सुरक्षित रखरखाव और प्रक्रिया की निगरानी महत्त्वपूर्ण होती है। किसी भी प्रणाली की विश्वसनीयता उसके सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता और शिकायतों के निष्पक्ष निवारण पर निर्भर करती है।

यह भी समझना जरूरी है कि मतदान प्रणाली और चुनावी निष्पक्षता एक-दूसरे से जुड़े होने के बावजूद अलग-अलग विषय हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची की शुद्धता, उम्मीदवारों को समान अवसर, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, मतदाताओं की स्वतंत्रता, चुनाव अधिकारियों की निष्पक्षता और मतगणना की विश्वसनीयता भी आवश्यक हैं। यदि इन पहलुओं में कोई कमी हो, तो केवल बैलेट पेपर अपना आप में हर समस्या का समाधान नहीं बन सकता। इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों के इस्तेमाल मात्र से हर चुनाव स्वतः निष्पक्ष सिद्ध नहीं हो जाता।

सफेद रुई की मौत

स्मार्ट सिटी के चमचमाते कंट्रोल रूम में जब लाल बत्ती भड़की तो ऐसा लगा जैसे कोई अंतरराष्ट्रीय जासूस शहर की संप्रभुता पर हमला बोलने आ गया हो। स्क्रीन पर श्री सिक्सटी डिग्री कैमरों ने मंदिर के चबूतरे पर एक भीषण मानवीय व्यवधान खोज निकाला था जिससे शहर का भिक्षुक मुक्त इंडेक्स गिरकर सीधे खतरे के निशान पर आ गया था। कल सुबह राजधानी से एक बड़ा दल शहर को विश्वस्तरीय तमगा देने आ रहा था और हमारे मुल्क में साहबों के सामने गरीबी का दिख जाना किसी देशद्रोह से कम नहीं माना जाता। सायरन बजाती हुई एंटी वैग्रेंसी वैन जब ऐतिहासिक गलियों में दौड़ी तो रोमांच ऐसा था मानो किसी कुख्यात डकैत की घेराबंदी हो रही हो। पहियों की चीख के साथ गाड़ी रुकी और सर्चलाइट की धारदार रोशनी सीधे उस भयानक खतरे के चेहरे पर जा चिपकी।

रोशनी के केंद्र में कोई सिंडिकेट नहीं बल्कि बहत्तर बरस की जानकी अम्मा बैठी थीं जिनकी रीढ़ में वक्त ने एक स्थायी कूबड़ बना दिया था। वे भीख नहीं मांगती थीं बल्कि कांपती उंगलियों से रुई की बत्तियां बनाती थीं ताकि दस रुपये की पुड़िया बेचकर शाम को दो सूखी रोटियां और बीपी की सस्ती टिकिया निगल सकें। दरोगा जी ने कानून का डंडा फटकारते हुए उनको तुरंत वैन में सवार होने का हुक्म सुनाया। बुढ़िया ने थरथराते हाथों से विनती की कि वे तो बस भोर की आरती के लिए बत्तियां संवार रही हैं मगर वर्दी का मिजाज तो फाइलों की तरह सख्त होता है। दरोगा जी ने प्रशासनिक दर्शन झाड़ते हुए साफ कह दिया कि तुम्हारी यह झुर्रियां और यह फटा हुआ पल्लू हमारे शहर के विकास मॉडल पर कालिख पोत रहे हैं और नए भारत के स्मार्ट फुटपाथों पर दरिद्रता का ऐसा खुला प्रदर्शन गैर कानूनी है। सिपाहियों ने अम्मा को बाजुओं से दबोचकर लोहे के डिब्बे में धकेल दिया और उनके पेट का सहारा बनी रुई की पुड़ियाँ कंक्रीट की नाली में बह निकलीं।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31अक्टूबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:27सूर्यास्त 17:43
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - षष्ठी21:09 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - आर्द्रा12:02 उपरांत पुनर्वसु
योग - सिद्ध22:54 उपरांत साध्य
करण - गर
चन्द्रमा - मिथुन में है 04:48 पर कर्क में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 19मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर शांतिपूर्वक काम निपटाएं। व्यापारिक निर्णयों में धैर्य रखें। केले के पेड़ का पूजन करें।

वृषभ- पारिवारिक जीवन में तालमेल रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, आराम करें।

मिथुन- करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। समझदारी से लिया फैसला लाभ देगा।

कर्क- दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आय में सुधार की संभावना है।

सिंह- मानसिक रूप से ऊर्जावान रहेंगे। माथे पर केसर का तिलक लगाएं। बुजुर्गों के चरण स्पर्श करें।

कन्या- कार्यस्थल पर सजगता बनाए रखें। व्यापार में हड़बड़ी से बचें। बड़ों का मार्गदर्शन लाभ देगा।

तुला- बजट का संतुलन बनाए रखें। मानसिक थकान से बचें, विश्राम करें।

वृश्चिक- विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार में मुनाफा बढ़ने की संभावना है।

धनु- परिवार का समर्थन हिम्मत बढ़ाएगा। अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार में लाभ के मौके मिलेंगे।

मकर- तनाव से बचें, सेहत ठीक रहेगी। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप करें। आपकी सलाह को दफ्तर में माना जाएगा।

कुंभ- बुद्धिमानी से सभी काम समय पर बनेंगे। व्यापार में नए सौदों पर मुहर लगेगी। प्रियजनों के साथ समय खुशनुमा बीतेगा।

मीन- वित्तीय स्थिति काफी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी। पीली वस्तुएं दान करें।

समसामयिक

दवा कीमतों पर सर्वोच्च न्यायालय की चिंता जायज

स्वास्थ्य किसी भी सभ्य समाज की बुनियादी आवश्यकता है और जीवन बचाने वाली दवाओं तक सुलभ पहुंच प्रत्येक नागरिक का अधिकार होना चाहिए। लेकिन जब बीमारी से जूझ रहा व्यक्ति इलाज के खर्च के सामने बेबस हो जाए, तब स्वास्थ्य व्यवस्था की प्राथमिकताओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। देश की सर्वोच्च न्यायालय ने दवाओं और चिकित्सा उत्पादों की कीमतों में कथित भारी अंतर पर जो गंभीर चिंता जताई है, वह केवल दवा बाजार की अनियमितताओं का मामला नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य, सरकारी जवाबदेही और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा एक व्यापक प्रश्न है। अदालत के समक्ष कैंसर के एक इंजेक्शन का उदाहरण आया, जिसकी कीमत लगभग ग्यारह हजार रुपये बताई गई, जबकि निजी अस्पताल में उसी इंजेक्शन के लिए डेढ़ लाख रुपये वसूले जाने की बात सामने आई। यदि इन आंकड़ों की पुष्टि होती है, तो यह अंतर निश्चित रूप से जांच और जवाबदेही की मांग करता है।



सौरभ वार्ष्णेया (दैनिक अवन्तिका)

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज और उसके परिजन पहले ही मानसिक, शारीरिक बेदना सहित आर्थिक संकट से गुजरते हैं। ऐसे समय में इलाज का खर्च उनकी परेशानी को कई गुना बढ़ा देता है। परिवार अपनी बचत खर्च करता है, संपत्ति बेचने को मजबूर होता है और कई बार उधार लेकर उपचार कराता है। यदि किसी दवा की खरीद कीमत और मरीज से वसूली जाने वाली राशि के बीच असाधारण अंतर है, तो यह जानना आवश्यक है कि उस अंतर में दवा की वास्तविक लागत, अस्पताल का खर्च, भंडारण, आपूर्ति, कर, सेवा शुल्क और अन्य मदों का कितना योगदान है।

यह समझना भी जरूरी है कि दवा की निमार्ता कीमत, वितरक की कीमत, अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी और अस्पताल द्वारा मरीज से वसूली जाने वाली राशि हमेशा एक समान नहीं होती। अस्पताल में दवा देने, उसे सुरक्षित रखने, निगरानी करने और उपचार संबंधी सेवाओं का खर्च भी हो सकता है। लेकिन इन खर्चों के नाम पर यदि बिना उचित आधार के कई गुना रकम वसूली जाती है, तो उसे सामान्य व्यावसायिक गतिविधि मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मरीज को स्पष्ट बिल, मूल्य का उचित विवरण और इलाज से संबंधित खर्चों की पारदर्शी जानकारी मिलनी चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की भूमिका और दवाओं की कीमतों पर नियंत्रण की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। यह चिंता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दवाओं के मूल्य निर्धारण और आवश्यक औषधियों की उपलब्धता में सरकार की भूमिका निर्णायक होती है। जब बाजार में जीवनरक्षक दवाओं के दाम आम नागरिक की पहुंच से बाहर होने लगें, तब केवल नीतियां बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी समीक्षा होनी चाहिए।

भारत में आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश और राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। इनके माध्यम से निर्धारित दवाओं के मूल्य पर नियंत्रण रखने का प्रयास किया जाता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या निगरानी व्यवस्था मरीजों तक पर्याप्त राहत पहुंचा पा रही है? क्या मूल्य नियंत्रण के दायरे से बाहर रहने वाली दवाओं और अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा उत्पादों की कीमतों पर पर्याप्त पारदर्शिता है? क्या नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई होती है? इन सवालों के जवाब केवल सरकारी आंकड़ों से नहीं, बल्कि मरीजों के वास्तविक अनुभवों और स्वतंत्र जांच से भी मिलने चाहिए।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

समसामयिक

बैलेट पेपर भी नहीं जिता पाए

बैलेट पेपर की माँग उठी, ईवीएम पर उँगली उठी,
हार मिली सवाल अनेक, जीत मिले वाह अनेक !
कभी मशीनों पर दोष मढ़ा, जनता से नाता तोड़ा,
जनता ने फैसला सुनाया, नेताओं ने शोर मचाया।
हो बंगाल व बिहार का रण, जनता ने चुना शासन,
वादों-नारों की दुनिया में,किसने जीता जनता मन?
राहुल सड़कों पे निकले, ईवीएम के सवाल उछले,
बैलेट पेपर से जीत मिलेगी, जनता सोच बदलेगी?
केरल में सवाल खड़े हैं,कांग्रेस के सपने कहाँ पड़े?
गठबंधन नाव डगमगाती, ना 'किनारे-भँवर' जाती।
समाजवादी राह चले, बसपा के भी क्या दाँव चले,
विपक्षी एकता निराली, चुनाव लिखें अलग कहानी।
जनता को काम व विकास, महँगाई राहत व आस,
रोजगार, शिक्षा व सम्मान, यही हैं असली अरमान।
हार हुई तो मंथन करिए, जन-मन का चिंतन करिए,
मशीनें दोषी ठहराने से, नहीं बदलेंगे हार के मायने!
बैलेट या ईवीएम दौर, जनता निर्णय का बड़ा जोर,
लोकतंत्र में जनता महान,फैसले को करिए प्रणाम।
नतीजा हार-जीत नहीं, ये जनता का संदेश है भाई,
जो जनता मन पढ़ पाएगा, वही परचम लहराएगा!

संजय तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

बात कविता बन जाएगी

मैं लिख दूंगा तुम पढ़ लोगे,
बात कविता बन जाएगी।
इस तरह तुम हर कदम चलो,
तो जिंदगी संवर जाएगी।।
हम चुनें कोई अफसाना तेरा-मेरा,
वही कहानी बन जाएगी।
चलो तुम आलोक समेटो,
मैं निकलू अंधियारे से।।
आकर नए विचारों को जगाएं,
कुछ नया करें इतिहास बनाएं।
आगे बढ़कर दीया जलाएं,
मिटाएं मन का अंधियारा।।
उपहासों से ना घबराएं,
जहाँ चांदनी खिली हुई हो।
बाग-बगीचे मकरंध से खुशबू,
जो मन को हर्षाए।।



मदन वर्मा (माणिक) (दैनिक अवन्तिका)

स्त्री

सच में अगर हम कविता रचते
स्त्री पर रचे वो प्रकृति का साक्षात रूप होती
कविता और स्त्री दोनों ही सृजन करती
और दोनों के बिना तो
यह धरती बंजर होने में देर नहीं लगती क
कविता और स्त्री
जगह पर तमाम मोहक रूपों में दिखती
और हम अभिभूत होते जाते
जीवन चक्र की भाति।
सुना था पहाड़ भी गिरते
स्त्री पर पहाड़ गिरना समझ आया।
कुछ समय बाद पेड़ पर पुष्प हुए पल्लिवत
जिन्हें बालों में लगाती थी कभी।



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

धर्म-आस्था

सनातन संस्कृति में कठिन व्रतों का भार महिलाओं पर ही क्यों?

सनातन संस्कृति में व्रत और उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि ये श्रद्धा, आत्मसंयम, त्याग और पारिवारिक मंगलकामना के गहरे प्रतीक हैं। करवा चौथ, हरतालिका तीज, वट सावित्री, जीवित्पुत्रिका (जिउतिया), अहोई अष्टमी और छठ जैसे पर्वों पर महिलाएँ कठिन नियमों का पालन (निर्जला तक) करते हुए व्रत रखती हैं। कहीं पति की दीघार्यु की कामना है, तो कहीं संतान की सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण का संकल्प है तो कहीं प्रकृति का सम्मान। इन परंपराओं के बीच एक प्रश्न सहज ही उठता है—आखिर सनातन संस्कृति में कठिन व्रतों का भार मुख्यतः महिलाओं पर ही क्यों है?



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

इस प्रश्न का उत्तर हमारी प्राचीन धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ ऐतिहासिक सामाजिक व्यवस्था में भी निहित है। भारतीय समाज में परिवार की सुख-शांति, पोषण और आपसी संबंधों को बनाए रखने की धुरी पारंपरिक रूप से महिलाओं को माना गया है। इसी सामाजिक भूमिका के साथ धीरे-धीरे कई व्रत और अनुष्ठान जुड़ते चले गए। समय के बीतने के साथ-साथ श्रद्धा, पारिवारिक अपेक्षाओं और सामाजिक मान्यताओं ने इन परंपराओं को इतना मजबूत कर दिया कि कई व्रत केवल धार्मिक आस्था न रहकर महिलाओं के लिए एक सामाजिक दायित्व भी बन गए।

इसका एक बेहतरीन उदाहरण छठ पर्व है। सूर्य और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला यह महापर्व लोक-आस्था, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का अनुपम प्रतीक है। इसमें व्रती कई दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते हैं और निर्जला उपवास जैसे कठिन अनुशासन से गुजरते हैं। यद्यपि आज समाज में पुरुष भी बढ़-चढ़कर छठ का व्रत रख रहे हैं, फिर भी परिवारों में महिलाओं की केंद्रीय भागीदारी आज भी विशेष रूप से दिखाई देती है। यह पर्व केवल व्यक्तिगत साधना का नहीं, बल्कि प्रकृति, परिवार और समाज के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त संदेश देता है।

तथ्य यह भी है कि सनातन परंपरा में तपस्या और उपवास का एकाधिकार केवल महिलाओं के पास नहीं है। पुरुष भी एकादशी, महाशिवरात्रि, प्रदोष और अन्य धार्मिक अवसरों पर पूरे नियम-निष्ठा के साथ उपवास रखते हैं,पर वे उतने कठोर नहीं है। फिर भी, पति की दीघार्यु और संतान के कल्याण के लिए महिलाओं से विशेष रूप से व्रत रखने की जो अपेक्षा की जाती है, उस पर आज पुनर्विचार आवश्यक है। यदि एक पत्नी अपने जीवनसाथी के मंगल के लिए उपवास करती है, तो क्या यह उचित नहीं कि पति भी पत्नी के स्वास्थ्य, सम्मान और दीघार्यु के प्रति वैसी ही संवेदनशीलता और सहभागिता प्रदर्शित करे? आखिर परिवार के प्रति प्रेम और उत्तरदायित्व किसी एक का नहीं, बल्कि दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

व्रत तभी सार्थक और आनंददायी है, जब वह स्वेच्छा, श्रद्धा , विश्वास और अतंर-आत्मा की आवाज पर किया जाए। यदि किसी महिला पर पारिवारिक एवं सामाजिक दबाव हो या उसके मन में यह भय बैठा दिया जाए कि व्रत न रखने से परिवार पर कोई संकट आ जाएगा, तो आस्था के साथ अनावश्यक भय और अपराधबोध जुड़ जाता है। जबकि धर्म का मूल उद्देश्य मनुष्य को मानसिक संबल देना है, न कि उसे भयभीत करना। इसके अलावा, स्वास्थ्य की दृष्टि से भी प्रत्येक व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, आयु और जीवन-परिस्थितियों का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है।

सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत इसकी जीवंतता, उदारता और निरंतर आत्ममंथन की क्षमता रही है। परंपराओं का पूर्ण सम्मान करते हुए उनमें निहित प्रेम, त्याग और मंगलकामना के भाव को स्त्री-पुरुष दोनों के जीवन में समान रूप से उतारना ही आज के समय की माँग है। यह हर्ष का विषय है कि आज के आधुनिक युग में कई जोड़े इन परंपराओं को आपसी सहभागिता और साझा संकल्प के रूप में अपना रहे हैं।

व्रत का वास्तविक उद्देश्य केवल भूखे रहना या उपवास करना नहीं, बल्कि मन और इंद्रियों पर संयम, समाज में सद्भाव और पारिवारिक आत्मीयता को मजबूत करना है। जब आस्था के साथ समानता जुड़ेगी, त्याग के साथ सहभागिता होगी और परंपरा के साथ विवेक का तालमेल बैठेगा, तभी इन व्रतों का आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश आज के समाज में और अधिक व्यापक व सार्थक हो सकेगा।



दीपावली पर यातायात व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक पुलिस की बैठक

शाजापुर। दीपावली पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए शाजापुर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। गुरूवार को यातायात थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर वाहन चालकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने बताया कि त्योहारी सीजन में मुख्य बाजारों में जाम की स्थिति न बने और आमजन को खरीदारी में कोई असुविधा न हो, इसके लिए शहर के ट्रैफिक रूट में बदलाव किए गए हैं। दीपावली के मद्देनजर शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों नई सड़क और सोमवारिया बाजार को एकांकी मार्ग (वन-वे) बनाया जाएगा। इसके साथ ही, यातायात के दबाव को कम करने के लिए बड़े और सवारी वाहनों को टेंशन चौराहा से लालपुरा क्षेत्र की ओर से डायवर्ट कर निकालने के निर्देश जारी किए गए हैं।.

नव्या अब राज्य स्तर पर दिखाएगी बास्केटबॉल में दम

सारंगपुर। खेल के मैदान में सारंगपुर की प्रतिभा अब राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। शहर के एक निजी स्कूल की कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा नव्या विश्वकर्मा का अंडर-19 बालिका राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। नव्या 1 से 5 नवंबर तक मंदसौर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। उसकी इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन नव्या की खेल प्रतिभा और मेहनत का परिचायक है। अब प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर वह अपने विद्यालय और सारंगपुर का नाम रोशन करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

शाजापुर। महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अदालत ने दो वर्ष के सश्रम कारावास एसं अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शाजापुर द्वारा आरोपी महेश पिता सेवाराम उम्र 36 वर्ष, को धारा 354 भादवि के अंतर्गत 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 के अर्थदण्ड तथा धारा 354-क(1) भादवि के अंतर्गत 1,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी एवं जिला अभियोजन अधिकारी अजाक प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि फरियादी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 फरवरी 2021 को सुबह लगभग 8 बजे वह पुल के पास स्थित हैंडपंप पर पानी भरने गई थी, तभी आरोपी महेश वहां आया और छेड़छाड़ की। फरियादी ने घबराकर अपना हाथ छुड़ाया, तो आरोपी ने घटना किसी को बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी।

कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

एक्सीलेंस कॉलेज में नैक मूल्यांकन की तैयारियां तेज, कार्यों में देरी पर मिलेगा कारण बताओ नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन और गुणवत्ता सुधार की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। इसी सिलसिले में गुरूवार को कॉलेज में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नैक क्लब की गतिविधियों और ऐड-ऑन कोर्सेस की प्रगति का ब्यौरा रखा गया। बैठक में प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया है कि शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय-सीमा का पालन न करने वाले स्टाफ को सीधा कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अरुण कुमार बोडाने के नेतृत्व में हुई इस बैठक में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

बैठक में डॉ. अरुण कुमार बोडाने ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि छात्रों के कौशल विकास के लिए चलाए जा रहे ऐड-ऑन कोर्सेस के शानदार नतीजे आ रहे हैं। सितंबर और अक्टूबर माह में 3-3 कोर्सेस मिलाकर अब तक कुल छह ऐड-ऑन पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने नैक क्लब के सभी समन्वयकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने क्लब की आगामी गतिविधियों का अकादमिक कैलेंडर हर हाल में 4 नवंबर तक आईक्यूएसी सेल में जमा कर दें। साथ ही, बचे हुए कोर्सेस को भी तय समय-सारणी के अनुसार चलाने और छात्रों की सक्रिय भागीदारी की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया गया।



आगामी नैक मूल्यांकन के मद्देनजर डॉ. बोडाने ने सभी प्राध्यापकों से आह्वान किया कि कॉलेज में होने वाली हर शैक्षणिक और गुणवत्ता संवर्धन गतिविधि का उचित दस्तावेजीकरण किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि गतिविधियों के प्रमाण जुटाए जाएं और रिकॉर्ड को लगातार अपडेट रखा जाए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य अब तक की उपलब्धियों को परखना और आगामी नैक मूल्यांकन की कार्ययोजना को अधिक व्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाना था।

प्राचार्य की दो टूक, जिम्मेदारी में कोताही पर होगी कार्रवाई

बैठक के समापन पर प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने सख्त लहजे में कहा कि महाविद्यालय की सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियां तय समय-सारणी के अनुसार ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाए। कार्यों में अनावश्यक विलंब होने या समय-सीमा का उल्लंघन होने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।



महिलाएं सामूहिक करवा चौथ पूजन करने मंदिर पहुंची:चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोला

देवास। शाम होते ही मंदिरों और घरों में करवा चौथ की रौनक दिखाई देने लगी। हाथों में सजी पूजा की थाली, जलते दीये और सजी महिलाओं ने पूरे माहौल को भक्ति और उत्साह से भर दिया। सुबह से निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना की और शाम होते ही चांद के दीदार का इंतजार करने लगी। शहर के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा की थालियां लेकर एकत्र हुईं। महिलाओं ने एक साथ बैठकर विधि-विधान से करवा चौथ का पूजन किया और व्रत की कथा सुनी। चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोला, मंदिर परिसर में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा, जहां हर तरफ महिलाओं में परंपरा निभाने की खुशी नजर आई। पहली बार व्रत रख रही सिमरन कौर ने बताया कि शादी के बाद पहला करवा चौथ होने से वे सुबह से ही काफी उत्साहित थीं। वहीं स्मिता सलूजा ने बताया कि सभी महिलाओं ने एक साथ मिलकर पूजा-पाठ किया और छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत खोला।

नेहा मीना ने कलेक्टर का पद संभाला कहा- हेल्थ, एजुकेशन पर रहेगा फोकस



देवास। देवास की नई कलेक्टर नेहा मीना ने गुरुवार को पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। माता टेकरी पर पूजा-अर्चना के बाद कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि देवास में उनकी शुरूआत माता के आशीर्वाद से हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य फोकस स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने पर रहेगा। उन्होंने बताया कि वे अपनी पहली पोस्टिंग के दौरान कुपोषण के खिलाफ बड़े अभियान चला चुकी हैं और यहां भी इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पूजा के बाद नेहा मीना ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत जॉइनिंग की। इसके तुरंत बाद उन्होंने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले की वर्तमान व्यवस्थाओं, प्राथमिकताओं व जारी विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य, शिक्षा और कुपोषण उन्मूलन के क्षेत्र में बेहतर काम करने के निर्देश दिए। नेहा मीना भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2014 बैच की अधिकारी हैं।

मिठाई-पूजन सामग्री की हुई जमकर खरीददारी

सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का निर्जला व्रत, चंद्र दर्शन कर मांगी पति की दीर्घायु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना का प्रमुख पर्व करवा चौथ शाजापुर नगर सहित पूरे जिले में श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर माता पार्वती, भगवान शिव और करवा माता की विशेष पूजा-अर्चना की और अपने दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। गुरुवार को भोर में सरगी ग्रहण करने के साथ ही इस कठिन व्रत की शुरूआत हुई। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। शाम ढलते ही नगर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों और मंदिरों में महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। सोलह श्रृंगार से सजीं और हाथों में आकर्षक मेहंदी रचाए महिलाओं ने सामूहिक रूप से गोल घेरे में बैठकर करवा चौथ की व्रत कथा सुनी। इस दौरान पूजन कर एक-दूसरे की पूजा की थाली फेरी गई और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा गया।

बाजारों में दिन भर रही रौनक

करवा चौथ को लेकर शाजापुर के स्थानीय बाजारों में पिछले कई दिनों से चल रही रौनक गुरुवार को चरम पर रही। कपड़ा बाजार, सराफा, कॉस्मेटिक और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। वहीं, शहर के मिठाई विक्रेताओं के यहां भी फीणी, मठरी और अन्य मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई। महिलाओं ने ब्यूटी पार्लरों में भी एडवांस बुकिंग करा रखी थी, जिससे वहां भी दिन भर चहल-पहल रही।

चांद का दीदार कर खोला व्रत

दिन भर बिना अन्न-जल के व्रत रखने के बाद रात को सभी की निगाहें आसमान की ओर टिकी रहीं। जैसे ही चंद्रोदय हुआ और चांद का दीदार हुआ, महिलाओं के चेहरे खिल उठे। सुहागिनों ने घर की छतों और आंगनों में छलनी से पहले चंद्रमा को और फिर अपने पति का चेहरा देखा। चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित करने के बाद पतियों ने अपनी पत्नियों को जल पिलाकर और मिठाई खिलाकर उनका व्रत संपन्न करवाया। इसके बाद पतियों ने अपनी जीवनसंगिनी को उपहार भी भेंट किए, जिससे हर घर में उल्लास और प्रेम का माहौल छा गया।

करवा चौथ पर ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में अद्भुत छटा

भगवान का आकर्षक अर्धनारीश्वर' श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

सुहागिनों के प्रमुख पर्व करवा चौथ के पावन अवसर पर शाजापुर नगर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और आस्था का एक अद्भुत व अलौकिक नजारा देखने को मिला। इस विशेष दिन पर भगवान भोलेनाथ का 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं का तांता लगा रहा।

मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि करवा चौथ का पर्व शिव और माता पार्वती के अखंड प्रेम और सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इसी भाव को जीवंत करने और दांपत्य जीवन में समर्पण का संदेश देने के लिए करवा चौथ के उपलक्ष्य में भगवान ओंकारेश्वर का यह विशेष अर्धनारीश्वर श्रृंगार किया गया। इसमें भगवान के आधे हिस्से को महादेव और आधे हिस्से को माता गौरी के रूप में सुंदर आभूषणों, वस्त्रों और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी के अनुसार, अर्धनारीश्वर स्वरूप यह दशार्ता है कि शिव और शक्ति एक-दूसरे के पूरक हैं और गृहस्थ जीवन में पति-पत्नी दोनों का समान महत्व होता है। शाम के समय मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। करवा चौथ का व्रत रखने वाली कई सुहागिन महिलाओं ने चंद्र दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद मंदिर पहुंचकर भगवान अर्धनारीश्वर के दर्शन किए और अपने पति की दीघार्यु व अखंड सौभाग्य की मंगल कामना की।

एक नवंबर को बनेगा शुभ संयोग, गत वर्ष की तुलना में इस बार त्योहारी कारोबार अच्छा रहने की आस

रवि पुष्य योग से सजेगा बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को रौनक की उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सूर्य की स्वर्णिम आभा, पुष्य नक्षत्र की शुभता और समृद्धि की मंगलकामनाओं के बीच रविवार, 1 नवंबर को रवि पुष्य योग का संयोग बन रहा है। धार्मिक एवं ज्योतिषीय मान्यताओं में विशेष महत्त्व रखने वाले इस योग को लेकर नगर सहित क्षेत्र के व्यापारिक जगत में उत्साह और उम्मीद का वातावरण है। इस वर्ष फसलों के बेहतर भाव से कृषक वर्ग में प्रसन्नाता है, वहीं व्यापारियों को आशा है कि किसानों की बेहतर क्रय क्षमता और त्योहारी खरीदारी का सम्मिलित प्रभाव बाजार को नई गति प्रदान करेगा। ऐसे में गत वर्ष की तुलना में इस बार त्योहारी कारोबार अच्छा रहने की उम्मीद जताई जा रही है।



रवि पुष्य योग पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा के चलते सराफा कारोबारियों को ग्राहकों की विशेष रुचि रहने की उम्मीद है। स्वणार्भूषण, चांदी के सिक्के और पूजन सामग्री की खरीदारी को अनेक परिवार शुभ मानते हैं। वहीं वस्त्र बाजार में साडियों, पारंपरिक परिधानों और पारिवारिक उपयोग के कपडों की मांग बढने की संभावना है। क्षेत्र सहित नगर के बाजारों में स्थित प्रतिष्ठानों के लिए यह अवसर महत्त्वपूर्ण हो सकता है। वाहन, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, बर्तन और फर्नीचर के कारोबारियों को भी त्योहारी ग्राहकी से बेहतर बिक्री की उम्मीद है। व्यापारियों की आशा है कि शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा और किसानों की बेहतर क्रय क्षमता का मेल बाजार में नई चहल-पहल पैदा करेगा। हालांकि, वास्तविक कारोबार ग्राहकों की आर्थिक स्थिति, वस्तुओं की कीमतों और बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

पंडित पवन पारीक ने बताया कि भारतीय ज्योतिषीय परंपरा में रविवार सूर्यदेव को समर्पित है, जबकि पुष्य नक्षत्र को पोषण, स्थिरता और संवर्धन का प्रतीक माना जाता है। रविवार और पुष्य नक्षत्र का संयोग रवि पुष्य योग कहलाता है। इसे परंपरागत रूप से खरीदारी, नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ, व्यावसायिक योजनाओं और शुभ संकल्पों के लिए अनुकूल माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर सकते हैं, इष्टदेव की पूजा-अर्चना, मंत्र-जप तथा दान-पुण्य कर सकते हैं। व्यापारी प्रतिष्ठानों में पूजन, नवीन बहीखातों का शुभारंभ और नए कार्यों के संकल्प भी इस दिन के महत्त्व को बढा सकते हैं।

गत वर्ष से बेहतर कारोबार की आस

इस वर्ष व्यापारिक उम्मीदों को दो प्रमुख आधार मिल रहे हैं फसलों के बेहतर भाव से किसानों में प्रसन्नाता और त्योहारी खरीदारी को लेकर बाजार की संभावित सक्रियता। यदि कृषक वर्ग की क्रय क्षमता का सकारात्मक प्रभाव खुदरा बाजार पर दिखाई देता है, तो सारंगपुर में इस बार गत वर्ष की तुलना में कारोबार बेहतर रहने की संभावना है। अब व्यापारियों की निगाहें 1 नवंबर की ग्राहकी और त्योहारी कारोबार के परिणामों पर टिकी हैं।

गांजा तस्करी के मामले में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

शाजापुर। गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शुजालपुर मंडी पुलिस टीम ने थाना बेरछा के अपराध क्रमांक 44/2023, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे आरोपी आकाश पिता राकेश मेसकर उम्र 23 वर्ष निवासी भीलखेड़ी रोड, शुजालपुर मंडी को मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे प्लेटफॉर्म गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित था।



भमोरी गांव में जल संकट: सूखे बोर और खाली नल से परेशान ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे

देवास। जिले के भमोरी गांव में नल-जल योजना की टंकी बनी है, लेकिन नलों से पानी नहीं आता। गांव के तीनों बोर सूख चुके हैं। महिलाएं रोज 1 से 2 किलोमीटर दूर कुओं से पानी ला रही हैं। कई परिवार अपनी जेब से पैसे खर्च कर टैंकर मंगवा रहे हैं। पेयजल की समस्या को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे और नर्मदा जल की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के स्थानीय जलस्रोत सूख चुके हैं, इसलिए नर्मदा का पानी ही स्थायी समाधान हो सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक, घरों के लिए पानी जुटाने में महिलाओं का रोज घंटों समय लग रहा है। मजदूरी करने वाले परिवारों को भी पानी के इंतजाम के लिए काम छोड़ना पड़ता है। उनका कहना है कि दिसंबर आते-आते बोरिंग में बचा पानी भी खत्म हो जाता है और संकट बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने मांग की कि चापड़ा से करनावद तक बिछाई जा रही नर्मदा पाइपलाइन से भमोरी को भी जोड़ा जाए। इससे गांव को नियमित पेयजल मिल सकेगा और हर साल गर्मी तथा दिसंबर के आसपास होने वाले जल संकट से राहत मिलेगी। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने ह्यसूखे कंठ को पानी दोह्ल और ह्यनर्मदा का जल गांव में दोह्ल के नारे लगाए। उनका कहना है कि गांव में पानी की समस्या लंबे समय से है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द ही गांव को नर्मदा पाइपलाइन से जोड़ने की दिशा में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

सरदार पटेल जयंती पर आज सद्भावना दौड़

शाजापुर। शाजापुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को शहर में सद्भावना दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। शनिवार सुबह 7:30 बजे दौड़ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से शुरू होगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय में रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र हाडिया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन की ओर से पटेल जयंती पर हर साल रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने मोहनसिंह गुर्जर पिता भेरूलाल जी जाति गुर्जर निवासी ग्राम सरवना उन्हैल से उनके ग्राम सरवना उन्हैल स्थित भुमि सर्वे नम्बर 556/1 रकबा 0.80 हे तथा सर्वे नम्बर 558/1 रकबा 0.40 हे, जो कि कुल किता 02 होकर कुल रकबा 1.20 हेक्टर भुमि को कृय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या टस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथ्वा उक्त भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस मे मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता है कि 15 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विकृय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष मे करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 30/10/2026

जाकिर हुसैन एडव्होकेट
पता:-किदवई मोहल्ला चांदबड चोक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन मोबा. 98278-47404 एंव 99260-66398

In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री मनीष पाण्डेय
आवेदन पत्र अंतर्गत पारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्तेशन प्रकरण क्रमांक (MJC. SUC/0000008/2026)
राजू बाई .....आवेदक
Vs
सर्वसाधारण..... अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 27/11/2026

प्रेषिती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजुबाई पति स्व. मोहनलाल निवासी ग्राम बेडावन तहसील उन्हेल आदि ने अपने पिता/ पति स्व मोहनलाल पिता पूरालाल की मृत्यु पश्चात उनको प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अनुसार भारतीय स्टेट बैंक शाखा नागदा से बींमा राशि ब्याज स्व मोहनलाल के प्रथम श्रेणी के वैध उत्तराधिकारी होने की हैसियत से प्राप्त करने हेतू माननीय न्यायालय नागदा के समक्ष राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 नवम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 30 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(मनीष पाण्डेय)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड नागदा
जिला उज्जैन(म.प्र)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री मनीष पाण्डेय
आवेदन पत्र अंतर्गत पारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्तेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000011/2026)
अशोक.....वादी
Vs
सर्वसाधारण.....अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 27/11/2026

प्रेषिती

सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक शर्मा पिता हरीशंकर शर्मा निवासी 150 हाउसिंग बोर्ड कालोनी नागदा जिला उज्जैन आदि द्वारा स्व कैलाशचंद्र पिता हरीशंकर शर्मा एवं उनकी पत्नि सरलादेवी पति कैलाशचंद्र की मृत्यु पश्चात भारतीय स्टेट बैंक शाखा नागदा में जमा राशि एवं एक मकान जो कि प्रकाश नगर गली नंबर 02 नागदा में स्थित है जिसकी लंबाई 50 फिट व चौडाई 15 फिट है उक्त मकान एवं भारतीय स्टेट बैंक नागदा में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 नवम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 30 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(मनीष पाण्डेय)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड नागदा
जिला उज्जैन(म.प्र)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं 115/2 रकबा 2.40 हे., सर्वे नं 115/1 रकबा 2.40 हे., सर्वे नं 74 रकबा 1.05 हे., सर्वे नं 75 रकबा 0.60 हे., सर्वे नं 77 रकबा 0.27 हे., सर्वे नं 80 रकबा 0.12 हे. सर्वे नं 92 रकबा 0.13 हे., सर्वे नं 116 रकबा 2.49 हे., सर्वे नं 119 रकबा 0.05 हे., सर्वे नं 124 रकबा 0.05 हे., सर्वे नं 125 रकबा 0.05 हे., सर्वे नं 113 रकबा 2.82 हे., कुल किता 12 कुल रकबा 12.43 हे. ग्राम बिसलखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि पर कृषि कार्य करता चला आ रहा है उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा ओमप्रकाश पिता धर्मराज जाति चौहान निवासी ग्राम लोहाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन हाल मुकाम बदनावर जिला धार से दिनांक 18/09/2026 को अनुबंध पत्र के माध्यम से संपादित किया था अनुबंध पत्र मे उल्लेखित बयाना राशि का भुगतान ओमप्रकाश पिता धर्मराज जी चौहान के द्वारा आज दिनांक तक मेरे पक्षकार को अदा नही किया गया विकय मुल्य की बयाना राशि का भुगतान नही होने के कारण व अनुबंध पत्र मे उल्लेखित शर्तों का पालन नहीं होने के कारण मेरे पक्षकार व ओमप्रकाश पिता धर्मराज चौहान के मध्य हुआ सौदा निरस्त किया गया है दिनांक 18/09/2026 को मेरे पक्षकार व ओमप्रकाश पिता धर्मराज चौहान के मध्य संपादित बिकी अनुबंध पत्र आज दिनांक 30/10/2026 को मेरे पक्षकार व ओमप्रकाश की आपसी सहमती से निरस्त करवा लिया है। यदि ओमप्रकाश द्वारा दिनांक 18/09/2026 को निष्पादित अनुबंध पत्र के आधार पर किसी व्यक्ति, निजी संस्था व शासकीय संस्था को अंतरण व हस्तातरंण का लेख निष्पादित किया है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सूचित हो। दिनांक 30/10/2026

तरूण गिरी एडव्होकेट
बडनगर जिला उज्जैन

ग्वालियर के स्वदेशी मेले में मैग्नेटिक रामायण

ग्वालियर। स्वदेशी मेले में इस बार तकनीक और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहां रखी बोलने वाली रामायण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसकी खासियत है कि पुस्तक में लिखी रामचरितमानस की चौपाइयों और श्रीमद्भागवत के श्लोकों को छूते ही उनका पाठ सुनाई देने लगता है। इससे श्रद्धालु धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने के साथ सुन भी सकते हैं। बोलने वाली रामायण के बारे में वंदना भदौरिया ने बताया कि इसमें रामचरितमानस की चौपाइयां और श्रीमद्भागवत के श्लोक मुद्रित हैं। विशेष तकनीक की मदद से पाठक पुस्तक में किसी चौपाई या श्लोक को छूते हैं तो उसका पाठ सुनाई देने लगता है। इससे लोग श्लोकों का सही उच्चारण और भाव सुनकर समझ सकते हैं। इस तकनीक की खासियत यह है कि जिन लोगों को धार्मिक ग्रंथ पढ़ने में कठिनाई होती है, वे भी आसानी से इनसे जुड़ सकते हैं। बच्चे और बुजुर्ग अपनी पसंद की चौपाई या श्लोक को छूकर उसका पाठ सुन सकते हैं। इससे धार्मिक साहित्य को समझना और उससे जुड़ना आसान होता है। आमतौर पर धार्मिक पुस्तकों को पढ़कर उनका पाठ किया जाता है, लेकिन बोलने वाली रामायण में पढ़ने और सुनने दोनों की सुविधा है।

शिवराज चौहान की मां का निधन, सीएम पहुंचे

सीहोर। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई का शुक्रवार सुबह भोपाल के एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सीएम डॉक्टर मोहन यादन, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत प्रदेश भर से जनप्रतिनिधि उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। निधन की खबर के बाद सीहोर, भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सों से राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। काशी बाई का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए भोपाल के साकेत नगर स्थित उनके निवास 9-बी पर रखा गया। यहां लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव जैत ले जाया गया। जहां शिवराज सिंह चौहान ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया।

चीता की हत्या के मामले में 4 वनकर्मी सस्पेंड

मुरैना। कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता निर्वा के शावक की गोली मारकर हत्या के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। चीते की सुरक्षा और निगरानी (ट्रैकिंग) में गंभीर लापरवाही सामने आने पर ग्वालियर सीसीएफ ने चार वनकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें विजयपुर क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी जाहर सिंह गौड़, मुरैना के पहाड़गढ़-कैलारस रेंजर आकाश तोमर, कन्हार चौकी प्रभारी डिप्टी रेंजर कीर्ति शांडिल्य और नाकेदार दिनेश मरैया शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, 27 अक्टूबर को मादा चीता निर्वा के शावक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। एसटीएफ ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में पहाड़गढ़ क्षेत्र में चीते के खून की तीन बूंदें मिलने की बात सामने आई है। वन विभाग ने इसे चीते की निगरानी और ट्रैकिंग में गंभीर लापरवाही माना है।

भोपाल से अयोध्या आए दंपती ने सरयू में लगाई छलांग

भोपाल। अयोध्या के गुप्तार घाट पर शुक्रवार शाम एक दंपती ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। दोनों ने एक-दूसरे के हाथ बांध रखे थे। नदी में छलांग लगाते ही घाट पर मौजूद गोताखोरों ने उन्हें देख लिया। बिना देर किए गोताखोर नदी में कूद पड़े और रेस्क्यू शुरू कर दिया। कुछ ही देर में दोनों को गहरे पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गोताखोरों की तत्परता से दंपती की जान बच गई। घटना कैंट थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से आए पति-पत्नी शुक्रवार शाम करीब 4 बजे गुप्तार घाट पहुंचे थे। उनकी पहचान सुधीर श्रीवास्तव और अर्चना श्रीवास्तव (45) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नदी में कूदने से पहले दोनों ने अपने हाथ एक-दूसरे से बांध लिए थे। इसके बाद दोनों ने सरयू में छलांग लगा दी। घटना के समय घाट पर मौजूद गोताखोर अमरजीत निषाद, आनंद राज निषाद, अमन निषाद, राजकुमार निषाद और रामकुमार निषाद ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। उनके साथ भगवान दीन निषाद, प्रदीप निषाद और जल्दू निषाद समेत अन्य गोताखोर भी रेस्क्यू में जुट गए। टीम ने गहरे पानी में पहुंचकर दोनों को बाहर निकाला।

वाराणसी में तस्कर को पकड़ने गए सिपाठी को गोपी मारी

वाराणसी। वाराणसी में शक्रवार की देर शाम नरिया तिराहे पर असलहा तस्करों को पकड़ने के लिए क्राइम टीम गई थी। इस दौरान तीन असलहा तस्करों ने टीम पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक सिपाही को तीन गोलियां लगी हैं। सिपाही के एक गोली हाथ और 2 पेट में लगी है। सिपाही को इलाज के लिए गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं मुठभेड़ में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। पुलिस कमिश्नर भी पहुंच गए हैं। जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। घटना वाराणसी कमिश्नरेट के लंका थाना क्षेत्र के आशुतोष नगर की है। घटना सुंदरपुर सब्जी मंडी के पीछे आशुतोष नगर की है। जानकारी के मुताबिक, असलहों के साथ तस्करों के मौजूद होने की सूचना पर लंका थाना क्राइम टीम के चार सिपाही पहुंचे थे। पुलिस टीम को मौके पर तीन युवक मिले। टीम ने उनसे पूछताछ शुरू की और इस दौरान दो युवकों को पकड़ लिया। इसी बीच तीसरे युवक ने पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग कर दी।

एलाईट डेयरी प्रोडक्ट्स पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

चीज-घी और दूध के लिए पांच सैंपल, जांच के लिए भोपाल भेजे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तराना तहसील के ग्राम टुकराल स्थित एलाईट डेयरी प्रोडक्ट्स पर कार्रवाई की। टीम ने यहां से चीज, घी और दूध के कुल पांच नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत कुमार शर्मा ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए मावा, घी, मिठाई और तेल सहित अन्य खाद्य पदार्थों की विशेष निगरानी की जा रही है। विभाग की टीमें मावा और घी बनाने वाले स्थानों के साथ ही विक्रेताओं की भी जांच कर रही हैं। नमूने लेने से पहले खाद्य पदार्थों में स्टार्च, शर्करा और वनस्पति तेल जैसी संभावित मिलावट की पहचान के लिए प्रारंभिक परीक्षण भी किया जा रहा है।

चीज के तीन, घी और दूध के एक-एक नमूने लिए- एलाईट डेयरी प्रोडक्ट्स के निरीक्षण के दौरान टीम ने यहां से चीज के तीन नमूने, घी का एक नमूना और दूध का एक नमूना संग्रहित किया





ओर सभी को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इसके अलावा संदेह के आधार पर 7.5 किलोग्राम घी और 9 किलोग्राम नाचोज चीज जब्त की गई है।

जांच रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई


विभाग ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री हमेशा वैध लाइसेंस और पंजीयन वाले प्रतिष्ठानों से ही खरीदें। किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट की आशंका होने पर संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें।

कल से अब सुबह 10 बजे खुलेंगे आंगनवाड़ी केंद्र.. शीत ऋतु को देखते हुए किया समय में बदलाव

उज्जैन। शीत ऋतु को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में बदलाव किया है। इसके तहत अब कल 1 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 10 बजे से संचालित होंगे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 9 बजे से संचालित हो रहे हैं। शीत ऋतु के दौरान बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनके खुलने का समय एक घंटे आगे बढ़ाया गया है। नई व्यवस्था के तहत निर्धारित अवधि में जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। यह समय-सारणी 28 फरवरी 2027 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद पूर्व निर्धारित समय के अनुसार संचालन किया जाएगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज उज्जैन में होगा एकता दौड़ का आयोजन



उज्जैन। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वय से उज्जैन में आज एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। एकता दौड़ आज सुबह 7 बजे दशहरा मैदान से शुरू होगी। 3 से 5 किलोमीटर की इस दौड़ में प्रतिभागी दशहरा मैदान से यू.पी.एस. तिराहा, पुलिस ऑफिसर मेस, तीन बत्ती चौराहा, इंदिरा गांधी प्रतिमा, टावर, शहीद पार्क, घासमंडी, पुलिस कंट्रोल रूम और सुराना पैलेस होते हुए वापस दशहरा मैदान पहुंचेंगे। यहां दौड़ का समापन होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस जवानों, खिलाड़ियों, युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों और शहीद सैनिकों के परिवारों को भी आमंत्रित किया गया है।जिला प्रशासन ने नागरिकों से एकता दौड़ में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

संविधान बचाओ रैली के लिए बड़नगर से कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

बड़नगर। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 1 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली वोट बचाओ-देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ-संविधान बचाओ राष्ट्रीय रैली में शामिल होने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली रवाना हुआ। रैली का आह्वान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और इंडिया गठबंधन द्वारा किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चलो दिल्ली का नारा देते हुए सभी नागरिकों से शामिल होने की अपील की है। इसी के चलते शुक्रवार को बड़नगर रेलवे स्टेशन से कार्यकर्ता ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए यह रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें देशभर से लाखों कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्रसिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, चांद खा, अनिल शर्मा, जगदीश धाकड़, गुलरेज मंसूरी, कमल गुर्जर, धीरेंद्र बना, गौरव उपाध्याय आदि शामिल है।

अजाक्स संघ की जिला स्तरीय बैठक 1 नवंबर रविवार को, ज्ञापन भी देंगे

गुना। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स की 1 नवंबर रविवार को दोपहर 2 बजे अजाक्स कार्यालय पुरानी कलेक्ट्रेट गुना पर बैठक आयोजित की जावेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय सचिव बसंत खरे उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी गण सदस्य गण एवं सभी ब्लॉक एवं तहसीलों के अध्यक्षों को अनिवार्य से उपस्थित होना है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महासचिव के रिक्त पदों पर एवं ब्लॉक आरोन के ब्लॉक अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्ष एवं ब्लॉक बमोरी के ब्लॉक अध्यक्ष के रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से ब्लॉक एवं तहसील अध्यक्षों पद पर नियुक्त किया जाएगा। उसके पश्चात भोपाल के अजाक्स भवन के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर गुना को शाम 4 बजे ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने हेतु अजाक्स संघ के पदाधिकारी प्रोफेसर डॉ मनोज भिरोरिया, जीएल पिप्पल, रमेशचंद अहिरवार, गुल सिंह हिहोर और कीर्ति मोरोलिया, संतोष अहिरवार, अमरीश कस्तवार, किशनलाल जाटव आदि द्वारा अपील की गई है।

युवा संगम रोजगार मेले में 19 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

धार। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विकासखंड गंधवानी के ग्राम जीराबाद में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रमोद सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष, सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत मां सरस्वती वंदना कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 263 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं एवं सुझावों को शिविर में अधिकारियों के समक्ष रखने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अल्प वर्षा एवं पानी की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को कम पानी में तैयार होने वाली फसलों जैसे चना, सरसों एवं मसूर की बुवाई करने की सलाह दी गई। साथ ही यूरिया उर्वरक का संतुलित एवं कम उपयोग करने के संबंध में भी किसानों को समझाइश दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को चना बीज का वितरण भी किया गया।अभियान के तहत जिला रोजगार कार्यालय धार द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीराबाद में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल 123 बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार के विभिन्न अवसरों तथा भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार से 5 किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

गुना। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई की हैं। पुलिस ने अल्टो कार से गांजा तस्करी कर रहे 51 वर्षीय संतोष अग्रवाल निवासी ग्राम मझोला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की कार से 5.093 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 1.25 लाख रुपये है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार सहित कुल 4.25 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

वहीं, पुलिस ने वर्ष 2025 में सामने आए स्मैक के क्रय-विक्रय और सेवन करने वाले सिंडीकेट के लंबे समय से फरार अंतिम आरोपी श्रीप्रसाद उर्फ सिरिया उर्फ श्रीलाल (27), निवासी सिसौदिया कॉलोनी गुना को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकरण में कुल 19 आरोपी शामिल थे, जिनमें से अब सभी की गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सैफा हासमी के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा की गईं। पुलिस गांजा तस्करी के नेटवर्क की आगे जांच कर रही है। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण कार्यवाहियों में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह गौर, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत, सउनि बलवीर सिंह, सउनि रामभरोसा बैरागी, आरक्षक नीलेश रघुवंशी, आरक्षक राजीव रघुवंशी, आरक्षक संजय जाट, आरक्षक रवि जाट, आरक्षक राजू बघेल, आरक्षक अभिनेश रघुवंशी, आरक्षक गोविन्द रघुवंशी तथा आरक्षक महेन्द्र वर्मा की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

धार। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के आदेशानुसार दूध डेयरी, मिठाई निर्माता, रेस्टोरेंट एवं नमकीन निर्माताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अभिहित अधिकारी डॉ. अनिता सिंगारे के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राम गोपाल मऊटा एवं श्री सुभाष खेड़कर द्वारा 28, 29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा तहसील बदनावर में श्री राम रेस्टोरेंट, नागदा से बर्फी, गणेश रेस्टोरेंट, नागदा से मावा एवं एलकेएम रतलामी नमकीन से पैक नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान लिम्का कार्बोनेटेड वॉटर की अवसान तिथि समाप्त होने के बाद विक्रय किए जाने पर 740 मिलीलीटर की 9 बोतलें मौके पर नष्ट करवाई गईं। बांके बाबा डेयरी स्पेशियलिटीज, कानवन से पैक पनीर का नमूना लिया गया। बड़ी चौपाटी बदनावर स्थित बैजनाथ रेस्टोरेंट से बेसन तथा न्यू महाकाल होटल से बेसन एवं मैदा के नमूने लिए गए। दोनों प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर सुधार सूचना नोटिस जारी किए गए। श्री बालाजी स्वीट्स बेकरी एंड रेस्टोरेंट से मावा का नमूना लिया गया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती सीमा खान पति शोहराबखान निवासी फ्लेट नंबर बी-104, शालीमार रीजेन्सी, पी नंबर 15/1, हुजुर त्रिलगा भोपाल से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि आराजी सर्वे नबंर 522 रकबा 0-5000 हेक्टेयर,सर्वे नंबर 523 रकबा 0-5600 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 1-0600 हेक्टर स्थित ग्राम रूदाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन प.ह.न. 00124 में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर सौदा का निष्पादन करवा लिया है तथा विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 30/10/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)
एम.ए.एल.एल.बी.
61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन
मो. 98264-44002

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 75/3/1 रकबा 0.1500 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सूरजनवासा प-ह-नं-00090 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित है उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण आभाष यादव पिता गणेश यादव से किया गया है एवं मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण को उक्त सम्पत्ति के क्रय पेटे आंशिक राशि टोकन के रूप में अदा कर दी है एवं सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है केवल अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाना शेष है, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के अनुबंध पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 30/10/2026

अभिजीत पिता दामोदरदास बैरागी अभिभाषक
कार्यालय अंकपात मार्ग, उज्जैन

गुना में बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था, जिम्मेदारों को नहीं शहरवासियों की फिक्र

गुना। शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल नजर आ रही है। प्रमुख चौराहों पर आए दिन लगने वाले जाम से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल तेलघानी चौराहे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी होती दिखाई दे रही है। यहां जाम के हालात बनने से हर रोज वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल तेलघानी चौराहे पर चारों दिशाओं में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों के बीच रास्ता निकालने की होड़ में स्थिति और अधिक अव्यवस्थित हो जाती है। वहीं, पैदल निकलने वाले नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता मिलने में परेशानी होती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शहर के इतने व्यस्त चौराहे पर जाम के हालात बने हुए हैं, तब यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी निभाने वाले पुलिसकर्मी मौके पर नजर क्यों नहीं आते? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को शहरवासियों की इस परेशानी की जानकारी नहीं है या फिर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं? शहरवासियों का कहना है कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर नियमित पुलिसकर्मियों की तैनाती और प्रभावी निगरानी बेहद जरूरी है।

तेलघानी चौराहे पर स्थायी रूप से यातायात व्यवस्था संभालने की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को रोजाना जाम की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना यह है कि यातायात पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए व्यवस्था में सुधार करते हैं या फिर शहरवासियों को इसी तरह जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में यही कहा जाएगा कि एसी कमरों में किसी की समस्या सुनाई नहीं देती।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन ग्रामीण

संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल क्रमांक 132 जिला उज्जैन
3388/रीडर-1/2026 उज्जैन दिनांक 30/10/2026

//संशोधित विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्रास चंदेसरी स्थित भूमि साई क्रमांक 237/1 रकबा 4.82 में से 2.80 सर्वे क्रमांक 237/2 रकबा 0.76 में से 0.76 सार्वे क्रमांक 480 रकबा 0.48 में से 0.15 सर्वे क्रमांक 481 रकबा 1.12 में से 0.29 मह होम्योपैथीक महाविद्यालय नविन भवन निर्माण हेतु भूमि आंवटन किये जाने का अनुरोध किया नाया है। इस ससंबंध में जिला आयुष अधिकारी जिला उज्जैन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंदागर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस हेतु ग्राम चंदेसरी स्थित सर्वे क्रमांक 237/1 रकबा 4.82 में से 2.80 सर्वे क्रमांक 237/2 रकबा 0.76 में से 0.76 सर्व क्रमांक 480 रकबा 0.48 में से 0.15 सर्वे क्रमांक 481 रकबा 1.12 में से 0.29 पर होम्योपैथीक महाविद्यालयनवीन भवन निर्माणहेतु शासकीय मद में अभिलिखित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में नियम समयावधि 16/11/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
(राजस्व) अनुभाग
उज्जैन ग्रामीण

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री महेश पिता बंशीलाल, निवासी-110, ग्राम-सिलोदा रावल, पोस्ट अम्बोदिया, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-ईलासखेड़ी, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 274 रकबा 0.7400 हेक्टेयर में से उनके हक व हिस्से का विक्रीत रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा कर, बयाना राशि भूमि स्वामी को अदा कर दी गई है, अब केवल विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-30/10/2026, उज्जैन

गजेन्द्र सिंह तोमर एडवोकेट
ऑफिस- भरतपुरी काम्प्लेक्स उज्जैन
मो. 9303564779

न्यूज-कॉलम

महाविद्यालय में निकाली गई एचआईवी-एड्स जागरूकता रैली

मन्दसौर। राजीव गांधी शा.स्ना. महाविद्यालय, मंदसौर के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी-एड्स के बचाव के लिए सही जानकारी, सतर्कता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण सबसे बड़े हथियार हैं तथा युवाओं को समाज में सकारात्मक सोच का प्रसार करना चाहिए। जिला एड्स काउंसलर राजेश रजक ने संक्रमण के चार प्रमुख कारणों की विस्तृत जानकारी दी। एनएसएस जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने युवाओं को समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के डॉ. शिव कुमार पांडेय सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

2 पिस्टल व 700 कारतूस जप्ती मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। भानपुरा थाने के दो पिस्टल और सात सौ जिंदा कारतूस के प्रकरण में पुलिस ने मैनपुरी (उ.प्र.) और जिला उज्जैन से दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी भानपुरा उप निरीक्षक विनय बुन्देला और चौकी प्रभारी भैसोदामण्डी उनि धर्मेश यादव की टीम ने यह कार्रवाई की। प्रकरण में पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी फरमान खान से पूछताछ के आधार पर दो टीमें गठित की गईं, जिनमें से एक टीम ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी पहुंचकर आगरा, फतेहपुर सीकरी और मैनपुरी में तलाश करते हुए आरोपी दीपक उर्फ दीपू पिता स्व. स्वामी दयाल शर्मा निवासी मैनपुरी को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी टीम ने उज्जैन जिले के महिदपुर और नागदा क्षेत्र में दबिश देकर हथियार तस्कर जुबेर पिता इब्राहिम खान निवासी नागदा को गिरफ्तार किया जिसने पूछताछ में दो पिस्टल उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की।

दीपावली और छठ पूजा के लिए रेलवे ने चलाई ट्रेन

रतलाम। दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे हुब्बल्लि और खातीपुरा (जयपुर) के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक के यात्रियों को आने-जाने में सुविधा देगी। रतलाम में दोनों दिशाओं में इसका स्टॉपेज रहेगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 07371 हुब्बल्लि-खातीपुरा स्पेशल 31 अक्टूबर से 5 दिसंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

मन्दसौर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन दिल्ली रवाना

मल्हारगढ़। नेता विपक्ष राहुल गांधी जी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन द्वारा१नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली में शुक्रवार शाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में मन्दसौर जिले से जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मंजीतसिंह टुटेजा,जिला कांग्रेस के संगठन सचिव अजय लोढा,अजहर हयात मेव,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,संजीत ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, जनपद सदस्य अर्जुन गुर्जर,रामचन्द्र करुण,नेमीचंद डाका, बड़ी संख्या में कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना हुवे।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर,जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष कोहिनूर मेव,मंडलम अध्यक्ष अनवर भाई मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

गोडाउन में अवैध रूप से रखे 80 हजार रू. के पटाखे जब्त

मन्दसौर। जिले के अफजलपुर में एक गोडाउन से करीब ८० हजार रू. लागत के अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए पटाखे जप्त किये।

पश्चिमी रेलवे
तीसरा सुधार
निविदा सूचना संख्या: DyCE-C-I-IND-आरकेजीसी-ईपीसी-2. मौजूदा निविदा समापन दिनांक और समय: 30.10.2026, दोपहर 3:00 बजे घंटे। संशोधित निविदा समापन तिथि और 14.11.2026 को दोपहर 3:00 बजे का समय। सभी अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी वही। 0766
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

सर्व ब्राह्मण महासभा महिला मंडल, रतलाम द्वारा करवा चौथ व्रत उद्यापन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



न्यू रोड स्थित ब्राह्मण बोर्डिंग स्कूल में शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण महासभा महिला मंडल, रतलाम द्वारा करवा चौथ व्रत उद्यापन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। धार्मिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और मातृशक्ति के उत्साह से परिपूर्ण इस समारोह में 21 दंपतियों ने सहभागिता की। आयोजन का विशेष आकर्षण उद्यापन करने वाली महिलाओं का अपने जीवनसाथी के साथ रैंप वॉक रहा, जिसने समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां करवा चौथ की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ हुआ। पंडित अरविंद परसाई ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन एवं हवन संपन्न करवाया। महिला मंडल की संरक्षक अनीता दवे एवं यमुना राजपुरोहित ने भगवान को पुष्पमाला अर्पित कर मंगलमय आयोजन की कामना की।

सर्व ब्राह्मण महासभा के संयोजक ओमप्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि समारोह में महासभा के संरक्षक राजेश दवे, पार्षद देवश्री नवीन व्यास, सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम मयूर पुरोहित, प्रमिला अमर सारस्वत, रजनी प्रवीण उपाध्याय, पारीक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष उपाध्याय, परशुराम युवा मंच के संयोजक हितेश कामरेट, स्नेहल संयोजक हितेश कामरेट, स्नेहल उपाध्याय, गौरव त्रिपाठी एवं कौशल किशोर द्विवेदी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विभिन्न ब्राह्मण समाजों की महिला अध्यक्षों का सम्मान

समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज की विभिन्न उपजातियों की महिला अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का महिला मंडल की ओर से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष कौशल्या त्रिवेदी, सचिव कविता राजपुरोहित एवं कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर पारीक ब्राह्मण समाज की राधा व्यास, मोड़ ब्राह्मण समाज की नमिता शुक्ला, नार्मदीय ब्राह्मण समाज की भावना शर्मा, नगर ब्राह्मण समाज की मीनाक्षी रावल, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की रक्षा मिश्रा, राजपुरोहित ब्राह्मण समाज की कविता राजपुरोहित, चौबीस ब्राह्मण समाज की शशि राजावत, श्रीमाली ब्राह्मण समाज की रजनी व्यास, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज की कविता कुलकर्णी एवं कांता छंगानी सहित अन्य समाजों की प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। यह आयोजन विभिन्न ब्राह्मण समाजों के बीच आपसी समन्वय, एकता और महिला नेतृत्व के सम्मान का प्रतीक बना।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत ग्राम पटेला में हुआ 54 आवेदनों का त्वरित निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम पटेला में आयोजित भव्य जन विश्वास शिविर में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और स्थानीय अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनीं और 93 में से 54 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया।

इस दौरान अधिकारियों ने दलौदा रेल ग्राम पंचायत कार्यालय, एलची की बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति और बानीखेड़ी में युवाओं द्वारा संचालित श्रीनाथ एंटरप्राइजेस दाल मिल का निरीक्षण किया।

सेमलिया हीरा गांव में अधिकारियों ने गौशाला का निरीक्षण कर गायों को आहार खिलाया तथा सत्य नारायण कुमावत द्वारा किए जा रहे वर्मी कंपोस्ट उत्पादन और जैविक कीटनाशक निर्माण का अवलोकन किया जहां उन्होंने कम समय में डेढ़ लाख रु. से अधिक की खाद बेचकर बड़ा मुनाफा कमाने पर किसान की सराहना की। इसके बाद सेमलिया हीरा के हायर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचकर अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरक उद्बोधन दिए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम एलची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी संबोधन का सीधा प्रसारण भी किसानों और अधिकारियों द्वारा देखा व सुना गया जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहे बुजुर्ग किसान रतनलाल सूर्यवंशी सहित सभी स्थानीय कृषक बेहद प्रसन्न नजर आए।

जाजू सागर बांध से पानी की अवैध निकासी पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जाजू सागर बांध (हरकियाखाल बांध) से पानी की अवैध निकासी रोकने के लिए बुधवार को प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। एसडीएम नीमच श्री पराग जैन के नेतृत्व में नगर पालिका, राजस्व, पुलिस एवं विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने बांध क्षेत्र में 25 से अधिक स्थानों पर जमीन में दबाकर बिछाई गई अवैध पाइपलाइन हटाई। कार्रवाई में करीब दो ट्रॉली पाइप जब्त किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य दो लाख रुपये है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों ने बांध क्षेत्र में जमीन के भीतर पाइप दबाकर खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की थी। टीम ने जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की मदद से अवैध पाइपलाइन हटाई। इस दौरान लगभग एक हजार फीट लंबाई के 20-20 फीट के 50 पाइप निकाले गए, जबकि 50 अन्य पाइप क्षतिग्रस्त किए गए। कार्रवाई लगभग तीन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई।

कार्रवाई के दौरान जीरन तहसीलदार श्री शत्रुघ्न चतुर्वेदी, पुलिस एवं विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री खेमचंद मुसले, श्री टेकचंद चंद्र बुनकर, बांध प्रभारी श्री सुरेश पवार तथा संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने कार्रवाई में सहयोग किया। प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य बांध से पानी की अवैध निकासी पर रोक लगाना तथा जल संसाधन का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

रेलवे की साप्ताहिक विशेष ट्रेन के नीमच स्टॉपेज की मांग

नीमच। रेल मंत्रालय की स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री गुप्ता जी के मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र को हुबली (कर्नाटक) से खातीपुरा (जयपुर)विशेष साप्ताहिक ट्रेन नंबर 07371 और नंबर 07372 खातीपुरा - हुबली का स्टापेज (ठहराव) के लायक नहीं समझा दक्षिणपश्चिम रेल प्रशासन ने डा. सम्पत स्वरूप जाजू पूर्व विधायक नीमच ने एक बयान में कहा है कि संसदीय क्षेत्र मंदसौर - नीमच का दुर्भाग्य है कि रेल मंत्रालय की स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष सांसद श्री सुधीर गुप्ता जी के संसदीय क्षेत्र को दक्षिण पश्चिमी रेल्वे जोन ने मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र को विशेष ट्रेन सुविधा देने के योग्य / सक्षम ही नहीं समझा और हुबली(कर्नाटक) से खातीपूरा (जयपुर) और खाती पूरा (जयपुर) से हुबली (कर्नाटक)तक दीपावली/छट त्योहारों को देखते हुए दिनांक 31 अक्टूबर से लेकर 5 दिसम्बर तक छ (सिक्स) ट्रिप दोनों तरफ से साप्ताहिक विशेष ट्रेन नंबर 07317 और ट्रेन नंबर 07372 संचालित करने का निर्णय लिया है लेकिन मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र के मंदसौर और नीमच को ठहराव नहीं दिया !

पुस्तक क्लब सत्यधर्मा के सप्तम सत्र में साहित्य, चिंतन और जीवन-मूल्यों पर हुआ विमर्श



मन्दसौर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के पुस्तक क्लब च्सत्यधर्माज् का सप्तम सत्र महाविद्यालय के नचिकेता सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन तथा पुस्तक क्लब की संयोजक डॉ. वीणा सिंह के संयोजन में किया गया, जिसकी शुरूआत ध्यान सत्र से हुई।

प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें मनुष्य के दृष्टिकोण और व्यक्तित्व के विकास का सबसे बड़ा माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा तीन प्रमुख कृतियों पर विचारोत्तेजक प्रस्तुतियां दी गईं जिनमें डॉ. यशवंत के. पंवार ने च्सीतायणज् के माध्यम से सीता के संघर्ष और स्वतंत्र निर्णय क्षमता पर प्रकाश डाला, डॉ. यशस्वी सोनी ने खालिद हुसैनी के उपन्यास च्द काइट रनरज् के जरिए मानवीय संबंधों और प्रायश्चित की जटिलताओं को रेखांकित किया, तथा डॉ. राजेश भावसार ने च्द्रौपदी की महाभारतज् के संदर्भ में स्त्री-अस्मिता और न्याय की आकांक्षा पर गहन विचार रखे। सत्र के अंत में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं क्लब के सदस्य दशरथ आर्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मजदूर कल्याण समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन शुरू

मन्दसौर। मजदूर कल्याण समिति मध्य प्रदेश के तत्वावधान में सर्वसमाज का पांचवां सामूहिक विवाह सम्मेलन 11 फरवरी 2020 को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मंदसौर के संजय गांधी उद्यान के पास महाराणा प्रताप बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें गायत्री परिवार के माध्यम से हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराए जाएंगे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने जानकारी दी कि इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए वधू का गरीबी रेखा राशन कार्ड, दोनों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, आयु प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, स्कूल मार्कशीट, राष्ट्रीयकृत बैंक की पासबुक और मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य किया गया है। समिति की ओर से वर-वधू को आशीर्वाद स्वरूप कपड़े, बर्तन, पचास मेहमानों के लिए भोजन व्यवस्था और वधू को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक-एक सिलाई मशीन निःशुल्क दी जाएगी तथा मध्यप्रदेश शासन की योजना के तहत राशि वधू के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। पंजीयन कार्य शुरू हो चुका है।

कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों के लिए जारी की समसामयिक कृषि सलाह

मन्दसौर। कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जी. एस. चुण्डावत ने वर्तमान रबी सीजन के लिए किसानों के नाम महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए गेहूं, चना, मसूर और औषधीय फसलों की बुवाई समय पर पूरी करने की अपील की है। उन्होंने पारंपरिक तरीकों के स्थान पर कतारों में सीड ड्रिल या सुपर सीडर मशीन से बुवाई करने तथा जल संरक्षण के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया है। फसलों को फंगस और बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए बुवाई से पहले प्रमाणित बीजों का उपयोग करने और अनुशंसित मात्रा में फफूंद नाशक व ट्राइकोडर्मा से बीजोपचार करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा लहसुन की फसल में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के साथ-साथ टमाटर की फसल में पत्ती धब्बा और फल मक्खी के नियंत्रण के लिए फेरोमोन व क्यू-ल्योर ट्रैप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. चुण्डावत ने खेत की उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र अपनाने और खेतों में जैविक खाद के अधिकतम उपयोग का भी संदेश दिया है।

लक्ष्मी नारायण मंदिर में नोटों से होगी सजावट

रतलाम। रतलाम में दीपावली पर कालिका माता मंदिर के पीछे स्थित करीब 350 साल पुराने श्री महालक्ष्मी नारायण मंदिर को नोटों से सजाया जाएगा। धनतेरस से भाईदूज तक मंदिर में मां महालक्ष्मी का श्रृंगार नोटों की गड्डियों से होगा। मंदिर के पुजारियों के मुताबिक, शरद पूर्णिमा से अब तक श्रद्धालु 10 लाख रुपए से ज्यादा की राशि दे चुके हैं। बुधवार दोपहर पुजारियों और आयोजन समिति ने सजावट की जानकारी दी।

मुंगफली 8 हजार रुपये क्विंटल बिकना चाहिए-अनिल शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीयामंडी



क्षेत्र में किसानों ने खरीब की फसल में सोयाबीन की बजाय मुंगफली बड़े रकबे में बोई ओर पैदावार भी ठीक हुई,लेकिन वाजिब दाम नही मिलने के कारण शुक्रवार को मुंगफली उत्पादक किसानों ने जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,दिनेश गुप्ता काचरिया,बाबुखा मेवाती के साथ कृषिउपज मंडी में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।किसानों का कहना था वर्तमान में मुंगफली के भाव 5 हजार ६ हजार रुपये क्विंटल ही है इसमें भी महंगा खाद,बीज,कीटनाशक,निंदाई,गुड़ाई,उखडाई आदि पर बड़ा खर्चा होता है।फिर बेचने के लिए कृषिउपज मंडी तक वाहन या ट्रेक्टर का किराया कुल मिलाकर 8 हजार रुपये क्विंटल बीके तो थोड़ा बहुत मुनाफा मिले नही तो अब खेती किसानी घाटे का सौदा साबित होरही है।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत व किसान विरोधी निधि के चलते किसानों को किसी भी उपज के कोई वाजिब दाम नही मिल रहे है महंगाई आसमान छू रही है पर मोदी सरकार को किसानों की नही अडानी,अंबानी की चिंता है।शर्मा ने कहा कि किसानों की मांग मुंगफली ओर सोयाबीन के भाव 8 हजार रुपये क्विंटल होना चाहिए इस बात का में समर्थन करता हु।

कांग्रेसनेता बाबुखा मेवाती ने कहा कि खेती किसानी में यह कहावत चरितार्थ होरही की " सोने से घडावन महंगी" क्योकि किसानों को उपज का लागत मूल्य नही मिल रहा है प्राकृतिक आपदा में फसलें बर्बाद होने पर किसानों को बीमा व मुआवजा नही दिया जारहा है जोकी उसका हक अधिकार है।भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल होगई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-8

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सलीम पिता नूर पटेल वार्ड नं.30 पता- 208-2 मालवी नगर इन्दौर पिन- 1000974578 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 8 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-8 नगरपालिका निगम इन्दौर

न्यूज कालम



अफीम किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर विशाल रैली निकली

नीमच। शुक्रवार 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे नीमच के अंबेडकर प्रतिमा मेस्सी फर्गुसन चौराहा से अंबेडकर मार्ग होकर कलेक्ट्रेट नारकोटिक्स उपायुक्त कार्यालय तक एक किसान किसान रैली का आयोजन किया गया द्य अफीम किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर निकल गई विशाल किसान रैली एवं नारकोटिक्स कार्यालय घेराव कार्यक्रम में हजारों किसान सम्मिलित हुए जो अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए पैदल मार्च कर रहे थे। इस रैली मे किसान अपनी प्रमुख मॉगे ?अफीम का भाव बढ़कर अफीम का भाव 1,लाख रु प्रति किलोग्राम किया जाने तथा मॉर्फीन नीतिः मॉर्फीन की मात्रा में किसानों के हित में संशोधन किया जाने की प्रमुख मांग थी द्य साथ ही अफीम डोडा चीरे वाले पुराने पट्टे बहाल किए जाने तथा 1997-98 के पात्र किसानों को छुट देकर नए पट्टे दिए जाने की मंगल रखी गई द्यसीपीएस पद्धतिः सीपीएस पद्धति में हो रहे अन्याय को दूर करने की मांग रखी गई । मार्किंग मार्किंग की न्यूनतम मात्रा को देखते हुए सालों से किसानों द्वारा डोडाचूरा पर ह्यष्ठक्कर एक्ट की धारा 8/29 हटाने की मांग की जाती रही है। यहां निकाली रैली में भी इन प्रमुख मांगों में यह मांग सम्मिलित थी इस तरह अफीम किसानों की परेशानियां और आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए रैली का आयोजन कर की विभाग से संबंधी नारकोटिक्स उपायुक्त कार्यालय नीमच पहुंचकर पत्र सोपा गया।

कृषि उपज मंडी में प्रवेश पर्ची के लिए लग रही लंबी कतारें

कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुर्जर ने व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग



मंदसौर । स्थानीय कृषि उपज मंडी में इन दिनों व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं जिसके कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में प्रवेश पर्ची बनाने के लिए केवल एक ही काउंटर संचालित होने के कारण किसानों को पर्ची बनवाने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है जिससे उनका बहुमूल्य समय व्यर्थ हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कृषि उपज मंडी के भारसाधक एसडीएम शुभम् पाटीदार से चर्चा कर तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त प्रवेश पर्ची काउंटर शुरू करने की मांग की है ताकि किसानों को राहत मिल सके। श्री गुर्जर ने कहा कि मंडी परिसर में प्रवेश पर्ची के अलावा पेयजल, किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त काउंटरों की उपलब्धता तथा उपज की तुलाई और नीलामी प्रक्रिया में भी भारी अव्यवस्था व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि मंडी प्रशासन ने किसानों की इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के हितों और सम्मान की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

समस्त कांग्रेसजन1 नवंबर को वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन में पहुंचे-कुं. शक्तावत

पिपलिया मंडी। 1 नवंबर को रामलीला मैदान मे वोट बचाओ



देश बचाओ विशाल जंगी प्रदर्शन एवं विशाल जनसैलाब को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी 24 अकबर रोड,नई दिल्ली के दिशा निर्देश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर उदित राज के आदेश की पालना करते हुए मध्य प्रदेश से अधिक से अधिक लोग इस महासंग्राम में उपस्थित हो इस हेतु वीडियो के माध्यम से अपील की। उपरोक्त विषय में असंगठित कर्मकार कांग्रेस के अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी के सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने समस्त कांग्रेस जनों से अपील की है कि अधिक अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

सूचना

कार्यालय खसरा-171, ग्राम-भंवरासला, अरविंदो हॉस्पिटल के सामने, इंदौर (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु प्लॉट के आवंटन/विक्रय के संबंध में सूचना)

मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन एवं शर्तें) नियम 1998 एवं संशोधन विधेयक दिनांक 19 अप्रैल 2012 के नियम 10 के प्रावधान के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम-भंवरासला, तहसील व जिला इंदौर की भूमि सर्वे नंबर-174, कुल रकबा-7.320 हेक्टेयर पर विकसित आवासीय कॉलोनी न्यू विजय नगर एक्सटेंशन में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी.) हेतु प्लॉट विक्रय/आवंटन नियम के निर्धारित मापदंड के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त कॉलोनी/इकाइयों में आवंटन/विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाने हैं।

पात्रता की शर्तें :

आवेदक म.प्र. का मूल निवासी होना आवश्यक है। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र)।

आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की इकाई पात्रता हेतु कमजोर वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण पत्र)।

प्लॉट के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र एवं शुल्क रुपये 11,000/- नगद/चेक जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक 31.10.2026 से 10 कार्यालयीन दिवस में समय 11.00 से 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे।

कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम इंदौर का होगा।

कमजोर आय वर्ग हेतु प्लॉट का मूल्य प्रावधानित नियम के अनुसार है।

आवेदक अथवा उसके परिवार का कोई भवन/भूमि म.प्र. में नहीं है। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

एल.आई.जी. प्लॉट-6, ई.डब्ल्यू.एस. प्लॉट-10 हैं।

प्लॉट का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

कार्यालय : 171, ग्राम-भंवरासला, अरविंदो हॉस्पिटल के सामने, इंदौर

प्राचार्यों व कार्यालय सहायकों का एरियर जमा

महिदपुर रोड। करवा चौथ के एक दिन पूर्व पूर्व विकासखंड के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों हाईस्कूलों माध्यमिक विद्यालयों प्राथमिक विद्याल यों में पदस्थ द्वितीय श्रेणी से लेकर चतुर्थ श्रेणी के शिक्षक शिक्षिकाओं प्राचार्य कार्यालय स हायकों का डीए का बकाया एरि यर उनके बैंक खातों में जमा कर दिया गया एरियर की राशि जमा होने से महिला शिक्षिकाओं को जहां करवा चौथ व्रत की पूजन सामग्री खरीदने तथा अपने परिवार की बहू बेटियों को गिफ्ट देने के लिये अवसर मिला वही दूसरी और पुरुष वर्ग को करवा चौथ का व्रत रखने वाली अपनी पत्नियों को गिफ्ट देने के लिये राशि उपलब्ध हुई विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशोर परमार ने बताया पूरे विकास खंड के वर्ग 2 से लेकर वर्ग 4 के करीब 1150 विभागीय कर्म चारियों के बैंक खातों में एरियर की राशि जमा करवाई गई है

जनपद सदस्य मालवीय ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का किया आत्मीय स्वागत



सारंगपुर। सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के दौरान धार्मिक व सामाजिक सद्भाव का एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा के विशेष पडाव पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का सूत की माला और भगवान राम का चित्र भेंट कर भावभीना एवं भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर घनश्याम मालवीय ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का अभिनंदन करते हुए यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और पूज्य संतों के आशीर्वाद की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में यात्रा में शामिल साधु-संतों, वरिष्ठ नेताओं एवं बडी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्वागत के लिए घनश्याम मालवीय एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। सनातन परंपरा और सेवा भाव को समर्पित इस यात्रा में जन-जन की सहभागिता लगातार बढती जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल धर्ममय और ऊजार्वान बना हुआ है।

चिल्डावनिया में धाकड़ पंचायत किसान चौपाल संपन्न

सारंगपुर। सारंगपुर अंतर्गत ग्राम चिल्डावनिया में सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के मार्ग पर बुधवार रात्रि में एक भव्य और ऐतिहासिक धाकड पंचायत किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस किसान चौपाल में धाकड़ समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने अभूतपूर्व संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन की सबसे बडी और खास विशेषता यह रही कि इतिहास में पहली बार धाकड समाज के युवा इतनी बडी संख्या में दिग्विजय सिंह के मंच पर एकजुट नजर आए, जिसे राजनीतिक हलकों में भी एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

खरगोन दवाई विक्रेता संघ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

सारंगपुर। सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के दौरान सेवा भाव और समर्पण का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यात्रा के दौरान सारंगपुर में खरगोन से आए जिला दवाई विक्रेता संघ के अध्यक्ष लोकेंद्र छाजेड एवं उनके सहयोगियों द्वारा एक निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संघ के सदस्यों ने पूर्ण निष्ठा और सेवा भाव से पूज्य संतों एवं यात्रा में शामिल सभी सहयोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर महेश्वर और धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचोलाल मेडा, तथा अजय पाटीदार ने सहभागिता निभाई।

लड़की की वास्तविक पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार कराने का मामला आया सामने

शादी कराने का झांसा देकर 1.50 लाख रु. की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में अपराध एवं धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ श्रीमती भावना दांगी के नेतृत्व में थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस को खिलचीपुर नाका क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों के बीच विवाद होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की गई, जिसमें शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया। फरियादी गासी पिता नग्गा मेवाड़े 42 वर्ष निवासी बिरजा मोहल्ला, जीरापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र पवन की शादी के लिए उसके जीजा भगवान सिंह मेवाड़े, निवासी सवासरा थाना कालीपीठ के माध्यम से शिवपुरी निवासी मामा नामक व्यक्ति से संपर्क किया गया था। उक्त व्यक्ति ने शादी के लिए लड़की उपलब्ध कराने की बात कहकर फरियादी पक्ष को शिवपुरी बुलाया, जहां सोनालिका सिंह नाम की लड़की से मुलाकात कराई गई। आरोपियों ने फरियादी पक्ष को विश्वास में लेकर शादी एवं कोर्ट मैरिज कराने का आश्वासन दिया। इसके एवज में लड़की के लिए लगभग 2 लाख रु के गहने बनवाकर देने की बात कही। आरोपी पक्ष लड़की को लेकर राजगढ़ पहुंचा। कोर्ट बंद होने का हवाला देकर जालपा माता मंदिर परिसर में वर-वधू को माला पहनाकर शादी कराई। समय की कमी के कारण फरियादी पक्ष ने गहने बनवाने के स्थान पर 1.50 लाख रु नगद आरोपी पक्ष को दे दिए। राशि प्राप्त होने के बाद लड़की को फरियादी पक्ष की गाड़ी में बैठाया गया तथा अरुण नामक व्यक्ति को लड़की का भाई बताकर साथ भेजा।

पुलिस ने आरोपी इंजामाम खान पिता राजा खान 22 वर्ष शिवपुरी। साहिल खान पिता शहजाद खान 23 वर्ष शिवपुरी। सुनील पिता जसवंत सिंह 20 वर्ष शिवपुरी। अरुण पिता हजारी परिहार 20 वर्ष, निवासी शिवपुरी। अफरोज राईन पिता अफसर खान 24 वर्ष शिवपुरी। सिमरन बानो पति अमजद खान 22 वर्ष शिवपुरी हाल गौशाला शिवपुरी, अमजद खान पिता सहजाद खान 23 वर्ष शिवपुरी, सुनील जाटव पिता राजू जाटव22 वर्ष, निवासी शिवपुरी, अरमान खान पिता नूरुद्दीन खान 25 वर्ष शिवपुरी को गिरफ्तार कर सभी 09 आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान युवा संवाद

खाचरोद। नगर में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छात्राओं से संवाद किया। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती, संविधान में निहित नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की रचनात्मक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। साथ ही, छात्राओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहें, तथ्यों के आधार पर अपनी समझ विकसित करें तथा समाज में अराजकता फैलाने वाले प्रयासों को पहचानकर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीकों से उनका विरोध करें। सजग युवा, सशक्त लोकतंत्र और समृद्ध राष्ट्र ही भारत के उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं।

टीआई नरेंद्र परिहार ने संभाला थाना प्रभारी का चार्ज, पहले ही दिन शहर का किया भ्रमण



बड़नगर। बड़नगर थाने में गुरुवार को नए थाना प्रभारी के रूप में टीआई नरेंद्र बहादुरसिंह परिहार ने पदभार ग्रहण किया। थाना परिसर में पुलिस स्टाफ और गणमान्य नागरिकों ने फूल-मालाओं से उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद टीआई परिहार बिना समय गंवाए एक्शन में आ गए। उन्होंने पहले ही दिन पुलिस टीम के साथ शहर के प्रमुख मार्गों - मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहे और संवेदनशील क्षेत्रों का पैदल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दुकानदारों और आम नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध मादक पदार्थ, सट्टा-जुआ, असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, बाजार में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। थाना प्रभारी की इस सक्रियता से पहले ही दिन शहर में पुलिस की मौजूदगी का सकारात्मक असर देखने को मिला है और नागरिकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

दीवाली से पहले जाम से आम जनता परेशान, अधिकारी-कर्मचारी मौन!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर में आए दिन लगने वाले यातायात जाम से आम जनता परेशान है। नगर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त बाजारों में जाम की स्थिति बनने से राहगीरों, दुकानदारों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पांच पुलिया, पालिका बाजार, हाथी दरवाजा, स्टेट बैंक चौराहा और लोहार दरवाजा सहित कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह ने नगर की यातायात व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए दीपावली से पहले जाम की समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत दिलाना संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु नहीं होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी होती है।

नगर में यातायात सिग्नल और नियमित ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था की कमी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यातायात को व्यवस्थित करने के लिए प्रमुख चौराहों पर निगरानी और प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता है। केवल स्पीड ब्रेकर बनाने से यातायात की समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि मार्गों की स्थिति और वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखकर व्यवस्था करनी होगी।

संकरे मार्ग और अव्यवस्थित पार्किंग बनी परेशानी

नगर के हाथी दरवाजा से रामद्वारा तक का मार्ग संकरा होने के कारण वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है। वहीं प्रमुख बाजारों में चार पहिया वाहनों का प्रवेश, सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और मवेशियों के खुलेआम घूमने से यातायात प्रभावित होता है। कई बार वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे पैदल निकलने वाले लोगों को भी रास्ता नहीं मिल पाता। स्कूली बच्चों के आवागमन पर भी इसका असर पड़ता है।

मां रुमाली देवी की स्मृति में सजी काव्य गोष्ठी, कवियों ने बांधा समां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



मंत्रणा साहित्यिक संस्था नागदा के तत्वावधान में 28 अक्टूबर को ओजस्वी कवि सुग्रीव गोरखपुरी ने अपनी मां रुमाली देवी की स्मृति में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। वरिष्ठ साहित्यकार यशवंत दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में कवियों ने देशप्रेम, हास्य, मां की महिमा और गजलों की प्रस्तुतियों से काव्य रस की अविरल धारा बहाई।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि राजेंद्र कांठेड़ और सुग्रीव गोरखपुरी की देशप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं को श्रोताओं की भरपूर सराहना मिली। अध्यक्षता कर रहे यशवंत दीक्षित ने गजलों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि कमलेश दवे 'सहज', कैलाश सोनी 'सार्थक' और राजेश रंगीला ने हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

सुंदरलाल जोशी 'सूरज', निर्भय सिंह रघुवंशी और गोपाल सुनहरे ने मां की महिमा का गुणगान करते हुए भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कीं। अशोक शर्मा 'मृदुल' ने काव्यात्मक अंदाज में संचालन कर गोष्ठी को रोचक बनाए रखा। कृष्णचंद्र पुरोहित, सुरेश रघुवंशी और धर्मेंद्र बम 'धैर्य' ने अपने छंदों से काव्य संध्या में समां बांधा।

नशामुक्त भारत अभियान:

बड़नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई में 15 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नशामुक्त भारत अभियान के तहत उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में बड़नगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक पाउडर कीमत 1,50,000 रुपये और बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमत 50,000 रुपये कुल 2,00,000 रुपये की जप्ती कर एक आदतन आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नासिर पिता जाकिर हुसैन उम्र 45 साल निवासी नटराज टाकीज के पीछे, बड़नगर, जिला उज्जैन* बताया। उसके खिलाफ थाना बड़नगर पर 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में 04 अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड लेकर स्मैक खरीदने-बेचने वाले अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

ऐसे पकड़ा गया आरोपी

दिनांक 28 अक्टूबर बुधवार को थाना बड़नगर द्वारा रानीजा ब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग की जा रही थी। दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आ रहे एक व्यक्ति को रोकने पर वह बाइक पलटाकर भागने लगा, जिसे फोर्स की मदद से पकड़ा गया। तलाशी में उसके पैंट की जेब से अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर मिला।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मना करवा चौथ पर्व, मौसम ने बिगाड़ा चंद्र दर्शन का इंतजार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर में गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और चंद्रमा के दर्शन का इंतजार करने लगीं।

करवा चौथ पर महिलाओं को चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार रहता है। परंपरा के अनुसार चंद्रमा के दर्शन करने के बाद अर्घ्य देकर पति का चेहरा देखकर व्रत खोलने की रस्म निभाई जाती है। लेकिन इस बार मौसम खराब रहने और आसमान में बादल छाए रहने से महिलाओं को चंद्र दर्शन नहीं हो सके। शाम से ही महिलाएं चांद निकलने की प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन खबर लिखे जाने तक रात में भी चंद्रमा दिखाई नहीं दिया।

मौसम की खराबी के चलते महिलाओं को चंद्र दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। ऐसे में कई महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परंपरानुसार व्रत खोला। करवा चौथ के अवसर पर घरों में धार्मिक माहौल रहा और महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। हालांकि, दिनभर श्रद्धा और उत्साह के साथ पर्व मनाने के बाद भी बादलों के कारण चांद नहीं दिखने से महिलाओं को निराशा का सामना करना पड़ा।

ई-कचरा प्रबंधन, संग्रहण एवं जिम्मेदार निस्तारण संबंधी विशेष गतिविधि का आयोजन



बड़नगर। विशेष अभियान 6 के अंतर्गत बुधवार को ई-कचरा प्रबंधन, संग्रहण एवं जिम्मेदार निस्तारण संबंधी विशेष गतिविधि का आयोजन सांदीपनि विद्यालय बड़नगर में किया गया। आयोजन में प्राचार्य धर्मेन्द्र जोशी द्वारा बताया गया कि ई-कचरा प्रबंधन एवं विद्यालय में विद्यार्थियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया जाये। कार्यक्रम में ईको-क्लब प्रभारी संजय चौरसिया, कृष्णदास बैरागी, सचिन श्रीवास्तव, निलिमा स्वर्णकार, प्रियंका कनासिया, पलास मिमरोट, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश नागर एवं जानकारी राधेश्याम परमार द्वारा दी गई।

तनोडिया में गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता संपन्न

■ दीपक की गिर गाय ने 10.433 लीटर दूध देकर जीता प्रथम पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोनड़या

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला आगर-मालवा के तत्वावधान में ग्राम वृंदावन तनोडिया (तहसील आगर) में आयोजित तीन दिवसीय गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता योजना का 29 अक्टूबर 2026 को सफलतापूर्वक समापन हो गया। विभाग के उपसंचालक डॉ. एम.एल. जारोलिया ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय एवं तृतीय चरण का दुग्ध मापन पूर्ण पारदर्शिता के साथ ध किया गया, इसके बाद विजेताओं की घोषणा की गई। तीनों चरणों (तीन समय) के दुग्ध मापन के कड़े मुकाबले और औसत प्रतिदिन उत्पादन के आधार पर गोपालक विजयी घोषित किए गए हैं

प्रथम पुरस्कार (एक लाख रूपए) ग्राम तनोडिया के दीपू मंडवाल पिता भंवरलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गिर नस्ल की गाय ने प्रतिदिन 10 लीटर 433 एमएल (10.433 लीटर दूध देकर यह गौरव हासिल किया।

प्रतियोगिता के सचिव डॉ. अंकित जैन एवं डॉ. शुभम सिंह एवं पशु चिकित्सा विभाग की टीम के कुशल निर्देशन और निरंतर सुपरविजन में यह पूरा त्रि-स्तरीय कार्यक्रम बेहद सुव्यवस्थित ढंग से संपादित हुआ। आयोजन की पूरी प्रक्रिया इतनी सुगम रही कि भाग लेने वाले सभी पशुपालकों को किसी भी प्रकार की कष्ट या कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

देवस्थान भूमि को शासकीय दर्ज करने पर आक्रोश

महिदपुर। तहसील के ग्राम डोंगला स्थित प्राचीन श्री महादेव मंदिर की देवस्थान भूमि को राजस्व अभिलेखों में शासकीय दर्ज किए जाने के विरोध में दशनामी दत्त सेना की जिला इकाई ने रउट को ज्ञापन सौंपकर रिकॉर्ड में सुधार की मांग की।

ज्ञापन के अनुसार, मंदिर की सर्वे क्रमांक 443 की 7.82 हेक्टेयर भूमि सहित कुल 12.90 हेक्टेयर भूमि पर पुजारी परिवार पिछले चार पीढ़ियों से सेवा-पूजा करता आ रहा है। वर्तमान में पुजारी बालू पुरी पिता भूवान पुरी अपने परिवार के साथ मंदिर की देखरेख कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि भूमि शासकीय दर्ज होने से पुजारी परिवार की आजीविका प्रभावित हो रही है।

जिला अध्यक्ष महंत तेजू पुरी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में देवस्थान भूमि का पूर्व स्वरूप बहाल करने और राजस्व रिकॉर्ड में सुधार की मांग की गई। संगठन ने प्रशासन से मामले का शीघ्र निराकरण करने की अपील की।

अजनार नदी के संरक्षण हेतु शासन-प्रशासन द्वारा प्रयास जारी, स्वच्छ एवं सुंदरता का लिया संकल्प



ब्यावरा-राजगढ़। ब्यावरा में अजनार नदी क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा है, इसे स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने की दिशा में शासन प्रशासन स्तर पर निरंतर कार्य किये जा रहे, ताकि नदी के साथ साथ आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सके, नगर पालिका ब्यावरा के द्वारा आयोजित अजनार नदी सफाई अभियान में नागरिकों के साथ राज्यमंत्री ने भी सहभागिता कर श्रमदान किया, जनभागीदारी से स्वच्छता के प्रयासों को व्यापक स्वरूप दिया जा रहा नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे नदी में कचरा न डालें और अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करें, अजनार नदी की स्वच्छता को लेकर अंजनी लाल मंदिर से लेकर राजगढ़ रोड तक नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, इसके साथ ही नवीन अस्पताल रोड पर बनने वाली पुलिया का जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है शहर के विकास के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, अजनार नदी की स्वच्छता, घाटों की बेहतर व्यवस्था और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छ एवं सुंदर ब्यावरा के संकल्प को मजबूती मिलेगी, अजनार नदी से निकलने वाले मलवे को दशहरा मैदान सहित नगर सीमा में बने अन्य गड्ढों को भरकर समतल किया जाएगा, ताकि मलवा वापस नदी में ना जा पाए।

55 लाख से अधिक के विकास कार्यो का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण

■ क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति - विधायक पण्ड्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विधानसभा के ग्राम पंचायत जस्साखेड़ी में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 55 लाख 22 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण वेदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ग्राम पंचायत जस्साखेड़ी द्वारा विभिन्न विकास कार्यो के भूमि पूजन में नवीन आंगनवाड़ी भवन लागत राशि 11.22 लाख, नवीन पंचायत भवन लागत राशि 37.50 लाख, सीसी व नाली निर्माण दिलीप पाटीदार के घर से मनोज पाटीदार के घर की ओर, सीसी व नाली निर्माण मुकेषदासजी बैरागी के घर से प्रहलाद चोधरी के घर की ओर विकास कार्यो का भुमि पूजन एवं लोकर्पण संपन्न हुआ।



इस अवसर पर विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने कहां कि ये विकास कार्य क्षैत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करेगे तथा आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया । ग्रामीणजनो में अपार उत्साह था।

भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवडा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, रामप्रसाद पण्ड्या सदस्य जिला पंचायत, महेन्द्रसिंह पंवार प्रतिनिधि जनपद सदस्य, गणपत डाबी प्रदेष महामंत्री अजा मोर्चा, नवीन राठौड़ मंडल अध्यक्ष बड़नगर नगर, महेश हारोड़ मंडल अध्यक्ष बड़नगर ग्रामीण, शिवराम जाट मौजूद रहे।

संकेत, आप एक बुरे पैरेंट हैं!



दुनिया का हर पैरेंट अपने बच्चे का हित ही सोचता है। बच्चे की ज़िंदगी, उनकी ज़िंदगी से बेहतर हो, यही हर पैरेंट के अरमान होते हैं। पर कभी-कभी कुछ गलतियां उन्हें बुरे पैरेंट की कैटेगरी में खड़ी कर देती हैं। आपकी पैरेंटिंग स्टाइल बच्चे का भला करने के बजाय उनका अहित ही करती है। आइए, पैरेंटिंग की उन कुछ खास गलतियों पर नजर डालते हैं, ताकि आप पर बुरा पैरेंट होने का ठप्पा न लगे।

लेबनानी विचारक खलील जिब्रान का एक प्रसिद्ध कथन है ह्यआपके बच्चे आपके माध्यम से दुनिया में आते जरूर हैं, पर वे आपके नहीं हैं, वे दुनिया के बच्चे हैं।ह्न कहने का अर्थ है, हमें अपने बच्चों से लगाव और प्यार तो रखना ही चाहिए, पर उस लगाव की एक लिमिट तय करनी चाहिए, ताकि यह लगाव ऑबसेशन यानी जुनून न बन जाए। बच्चा जब खुद को संभालने लायक हो जाए तो उसे उसके हमउम्र दोस्तों के साथ छोड़ दें, ताकि उसका सही तरीके से विकास हो सके। अगर आप अपनी ज़िंदगी को बच्चे के इर्द-गिर्द समेट लेंगे तो भले ही आपको यह एहसास अच्छा लगे, पर एक समय के बाद आपकी हर पल की मौजूदगी उसे अखरने लगेगी। आप भले ही नेक नियत के चलते ऐसा कर रहे हों, पर बच्चे की नजरों में विलेन बन सकते हैं।

बाहर का गुस्सा बच्चे पर निकालना

कुछ लोग जहां अपने बच्चे को जरूरत से ज्यादा प्रोटेक्ट करने लगते हैं, तो ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो घर के बाहर का गुस्सा घर के लोगों, खासकर बच्चों पर निकालना पसंद करते हैं। अगर आप अक्सर ऐसा करते हैं तो आप एक बेहद बुरे अभिभावक कहलाएंगे। बच्चे के मन में आपके लिए कोई सम्मान नहीं रह पाएगा। वह आपसे प्रेम करने की जगह आपसे डरेगा, आपसे नफरत करेगा। उसके मन की यह नकारात्मक भावना न केवल उसके और आपके संबंधों को खराब करेगी, बल्कि बतौर इंसान उसके विकास पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ेगा।



सेहतमंद खानपान

मिलेगा बच्चों को भरपूर पोषण

जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो सभी पैरेंट्स की यही प्राथमिकता होती है कि बच्चा कुछ तो खा ले। वे चाहते हैं कि बच्चे का पेट भरना बहुत जरूरी है। पर पेट भरने के साथ ही बच्चों को पोषक चीजें खिलाना भी उतना ही जरूरी है। आखिरकार बच्चों की वृद्धि उन्हें मिलनेवाले सही पोषण पर निर्भर होती है। हालांकि ज्यादातर पैरेंट्स बच्चों में खानपान की अच्छी आदतें डालने की कोशिश करते रहते हैं, पर कभी-कभी वे यह समझ नहीं पाते कि बच्चों को कौन-सी चीजें और क्यों खिलानी चाहिए। यहां हम पैरेंट्स को न केवल खानपान के कुछ हेल्दी ऑप्शन्स के बारे में बताने जा रहे हैं, बल्कि उन्हें यह भी बताएंगे कि कैसे उन्हें बच्चों के खानपान में शामिल किया जा सकता है।

कैल्शियम समृद्ध खानपान

कैल्शियम की अधिकतावाले खाद्य पदार्थ से हड्डियों की मजबूती सुनिश्चित की जा सकती है। बोन डेंसिटी और बोन मास के लिए कैल्शियम की सही खुराक बहुत जरूरी है। चूंकि हड्डियों का विकास बचपन से ही होता है इसलिए बच्चों को कैल्शियम की अधिकता वाली चीजें शुरू से ही खिलानी चाहिए। जो बच्चे कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा का सेवन नहीं करते, आगे चलकर उनकी हड्डियां कमजोर होती हैं, बड़ी उम्र में वे उनके ऑस्टियोपोरोसिस का शिकार होने की संभावना अधिक होती है। **कैल्शियम के लिए क्या खिलाएं:** दूध, दही, चीज, ब्रोकलि, नट्स, हरी और पत्तेदार सबज़ियां, रागी आदि।



विटामिन ए से समृद्ध खानपान

बच्चे के भोजन में विटामिन ए की पर्याप्त मात्रा होना बहुत जरूरी है। यह डायट उन्हें निरोग तो रखेगी ही, साथ ही उनकी इम्यूनिटी को भी बढ़ाएगी। विटामिन ए की बच्चों की वृद्धि, क्षतिग्रस्त ऊतकों के मरम्मत, हड्डियों के घनत्व को सही रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके अलावा विटामिन ए से आंखों का स्वास्थ्य भी जुड़ा हुआ है। **विटामिन ए के लिए क्या खिलाएं:** विटामिन ए फैट सॉल्यूबल कम्पाउंड है। यह दूध, चीज, हरी पत्तेदार सबज़ियों, टमाटर, गाजर, मिर्च, एप्रिकोट और पीच आदि में पाया जाता है।



विटामिन ई समृद्ध खानपान

बच्चों के सेल्युलर हेल्थ और बेहतर इम्यूनिटी के लिए विटामिन ई बेहद महत्वपूर्ण है। इसकी पर्याप्त मात्रा के चलते शरीर में सूजन नहीं आने पाता। विटामिन ई में ऐंटी-ऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद है।

विटामिन ई के लिए क्या खिलाएं: नट्स, वेजेटेबल ऑयल, हरी पत्तेदार सबज़ियों, साबुत अनाज, एवोकैडो आदि में विटामिन ई की प्रचुर मात्रा होती है।

आयरन समृद्ध खानपान

मस्तिष्क और नर्वस सिस्टम के विकास के लिए आयरन बहुत जरूरी है। शरीर में आयरन की कमी से ऑक्सीजन की भी कमी हो जाती है। ऑक्सीजन की यह कमी कमजोरी तथा कई तरह की बीमारियां पैदा कर सकती है। अतः आप किसी भी कीमत पर आयरन की कमी को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

आयरन के लिए क्या खिलाएं: दालें, कद्दू के बीज, पालक, कीन्वा जैसी चीजें खिलाकर आप बच्चों के शरीर में आयरन की मात्रा को संतुलित रख सकते हैं।

रंग भरकर चित्र बनाओ



रास्ता खोजो



बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



Sport

260 चेज कर रही टीम 87 रन से हारी; डफी को 4 विकेट, फिलिप्स का शतक

भारत की टी-20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ी हार

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 87 रन की हार झेलनी पड़ी है। यह टी-20 में कीवियों के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी हार है। पिछला रिकॉर्ड 80 रन का था। जो 2019 में वेलिंग्टन में बना था।

ऑकलैंड में शुक्रवार को 260 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 172 रन बना सकी। टीम का कोई बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। जैकब डफी ने 4 विकेट झटके। इससे पहले न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को टी-20 में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 259 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 49 बॉल पर 107 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल ने 25 बॉल पर 65 रन की पारी खेली। नाथन स्मिथ के 20वें ओवर में भारत ने 9 रन बनाए। भारत की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।



फिशर ने प्रिंस यादव का कैच छोड़ा- मिचेल सैंटनर के 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर प्रिंस यादव को जीवनदान मिला। सैंटनर ने गेंद को फ्लाइट दिया। प्रिंस ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर हवा में चली गई। स्क्वेयर लेग पर खड़े मैथ्यू फिशर गेंद के नीचे पहुंचे, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके।

न्यूजीलैंड ने सीरीज में 11 कैच छोड़े- न्यूजीलैंड की टीम इस सीरीज में अब तक 11 कैच छोड़ चुकी है। टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में यह उसका दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। इससे पहले इसी साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड ने 14 कैच छोड़े थे।

12वें ओवर में भारत ने लगातार 2 विकेट गंवाए, नमन धीर आउट- जैकब डफी ने 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर नमन धीर को आउट कर दिया। नमन ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन डीप मिडविकेट से लॉन्ग ऑफ की ओर दौड़ते हुए नाथन स्मिथ ने शानदार कैच पकड़ा। इस कैच को पूरा करने में डेरिल मिचेल ने भी मदद की। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर डफी ने अर्शदीप सिंह को भी पवेलियन भेज दिया।

तिलक वर्मा ने 17वें ओवर में छक्का लगाया- नाथन स्मिथ के 17वें ओवर की चौथी गेंद पर तिलक वर्मा ने छक्का जड़ा। स्मिथ ने फुलटॉस गेंद डाली। तिलक ने ऑफ स्टंप की ओर हटकर गेंद की रफ्तार का इस्तेमाल किया और उसे लॉन्ग लेग के ऊपर से बाउंड्री के पार पहुंचा दिया।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस- पाकिस्तान ने भारत को हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉन्गकॉन्ग इंटरनेशनल सिक्सेस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने भारत को 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 3.5 ओवर में 2 विकेट पर 91 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान ने 13 गेंद बाकी रहते 89 रन का टारगेट हासिल किया। पाकिस्तान की जीत में अब्बास अफरीदी और ख्वाजा नफे ने अहम भूमिका निभाई। अब्बास ने 8 गेंदों पर 35 रन बनाए। उन्हें को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नफे ने 12 गेंद में 41 रन की पारी खेली। ग्रुप-सी के मुकाबले में भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। राहुल त्रिपाठी 5 गेंदों पर 9 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नीतीश राणा ने 14 गेंदों पर 19 रन बनाए। वह रिटायर्ड आउट हुए। शशांक सिंह ने आते ही आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 11 गेंदों पर 40 रन बनाए। उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

नैनो न्यूज

- **हॉकी में भारत ने बांग्लादेश को 13-0 से हराया-** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए बांग्लादेश को 13-0 से करारी शिकस्त दी। भारत ने खिताब बचाने के अभियान में मजबूत संदेश दिया।
- **कबड्डी में भारत सेमीफाइनल में पहुंचा-** कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने तंजानिया को 48-20 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया।
- **श्रीलंका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया-** पाकिस्तान में खेली जा रही वनडे त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका ने मेजबान टीम को आठ विकेट से हराया। दिलशान मदुशंका ने पांच विकेट लेकर श्रीलंका की जीत में अहम योगदान दिया।
- **मोहन बागान ने आखिरी समय में दागा निर्णायक गोल-**इंडियन फुटबॉल लीग के मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट ने चेन्नईयिन एफसी को 1-0 से हराया। मनवीर सिंह ने मैच के अंतिम चरण में गोल कर टीम को जीत दिलाई।
- **पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन-** पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। सुमित अंतिल ने भाला फेंक में अपना खिताब बरकरार रखने पर खुशी जताई और प्रदर्शन का श्रेय मेहनत को दिया।

राशिद टी20 इंटरनेशनल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

उमरजई का 44 गेंद पर शतक, अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे सीरीज जीती

एजेंसी ▸▸ शारजाह

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान मेंस टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 120 मैचों में यह माइल स्टोन हासिल किया। शारजाह में गुरुवार को राशिद खान ने दूसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे के विकेटकीपर तादिवनाशे मरुमानी को छह किया। मरुमानी राशिद का 200वां विकेट बने। इस मैच को अफगानिस्तान ने 19 रन से जीता। उसने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तीसरा मुकाबला एक नवंबर को खेला जाएगा। टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज हैं। 53 पारियों में यह कारनामा किया था।

टी-20 इंटरनेशनल में एलबीडब्ल्यू से सबसे ज्यादा विकेट लिए। राशिद के नाम एलबीडब्ल्यू के 52 विकेट दर्ज हैं।

टेस्ट के सबसे युवा कप्तान हैं। 2019 में 20 साल 350 दिन की आयु में बांग्लादेश के खिलाफ चटग्राम में अफगानिस्तान की कप्तानी की थी।



उमरजई का 44 गेंदों पर शतक

उमरजई ने 50 गेंदों पर 116 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। उन्होंने 44 गेंदों पर अपना पहला ळ20क शतक पूरा किया। उनका स्ट्राइक रेट 232 रहा। अफगानिस्तान की पारी के आखिरी ओवर में राशिद खान ने कुंदई मतिगीमु की गेंदों पर 4 छक्के लगाए। उन्होंने सिर्फ 6 गेंदों पर नाबाद 25 रन बनाए। अफगानिस्तान 221/7 के स्कोर तक पहुंचा। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। जिम्बाब्वे 20 ओवर में 202/5 रन ही बना सका।



आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार में अवैध शराब की बिक्री रोकने के निर्देश

धार। मध्य प्रदेश के कई जिलों में जहरीली शराब से मौतों के मामलों के बाद शासन ने अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद धार में आबकारी विभाग ने निगरानी और कार्रवाई तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में इंदौर संभाग के आबकारी उपायुक्त के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार अवस्थी की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और जिले के सभी लाइसेंसधारी शराब ठेकेदारों की संयुक्त बैठक हुई।

आगे चल रहे वाहन से टकराया ट्रॉला, केबिन क्षतिग्रस्त

धार। नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम उटावद में शुक्रवार को सड़क हादसा हो गया। इंदौर से गुजरात की ओर बिजली के पोल लेकर जा रहा ट्रॉला आगे चल रहे वाहन में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉले का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार ट्रॉला इंदौर की ओर से बिजली के पोल लेकर गुजरात जा रहा था। इसी दौरान ग्राम उटावद के पास डिवाइडर के नजदीक आगे चल रहे वाहन ने ब्रेक लगा दिए। तभी पीछे से आ रहा ट्रॉला आगे चल रहे वाहन से टकरा गया।

गोहत्या के पुराने मामलों की दोबारा जांच की मांग

झाबुआ। मेघनगर क्षेत्र में गोहत्या और गोकशी की घटनाओं को लेकर हिंदू जागरण मंच ने गुरुवार देर शाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। राजेश पणदा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पूर्व में दर्ज सभी मामलों की दोबारा जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में सजेली नानिया साथ गोकशी मामले की समीक्षा करने, गिरफ्तार आरोपियों और जांच की प्रगति की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग भी की गई।

जलस्त्रोतों में कितना पानी जानकारी जुटा रहा प्रशासन



जलसंकट से निपटने की तैयारी, कलेक्टर बोले- खेल मैदानों का रखरखाव ठीक करें

धार। शहर में साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव और आगामी दिनों में पानी की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में शुक्रवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीना प्रशासनिक अमले के साथ शहर भ्रमण पर निकले। उन्होंने लालबाग, एसपीडी ग्राउंड सहित प्रमुख स्थलों और खेल मैदानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को सफाई और जरूरी सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर सबसे पहले लालबाग पहुंचे। इसके बाद एसपीडी ग्राउंड का निरीक्षण कर परिसर की सफाई व्यवस्था देखी। लालबाग स्थित बावड़ी का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि लालबाग धार शहर का केंद्र बिंदु है। इसे बेहतर और व्यवस्थित बनाने की जरूरत है। यहां नियमित साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं में भी सुधार किया जाएगा। बावड़ी की सफाई करवा कर परिसर का रखरखाव बेहतर किया जाएगा। इस वर्ष जिले में सामान्य से कम बारिश हुई है। ऐसे में आगामी दिनों में पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रशासन जल स्त्रोतों का आकलन कर रहा है। कलेक्टर ने बताया कि शहर के अलग-अलग जल स्त्रोतों में वर्तमान में कितना पानी उपलब्ध है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

नैनो न्यूज

- **ब्रिटेन के विशेषज्ञों ने इंदौर के कारोबारियों से की चर्चा-** ब्रिटेन के प्रतिनिधियों ने इंदौर में आयोजित व्यापारिक बैठक में स्थानीय उद्यमियों से संवाद किया। चर्चा में विदेशी बाजारों में कारोबार बढ़ाने, निवेश और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया गया।
- **प्लाईवुड और सीमेंट कारोबारियों के यहां आयकर सर्वे-** इंदौर के गुरु नानक टिंबर मार्केट में प्लाईवुड और सीमेंट कारोबार से जुड़े दो व्यापारियों के यहां आयकर विभाग ने सर्वे किया। अधिकारियों ने बिलिंग, माल की आपूर्ति और कारोबारी लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।
- **इंदौर में फार्मा निर्यात पर आज उद्योग संवाद-** फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 30 अक्टूबर को इंदौर में फार्मा उद्योग से जुड़ा संवाद आयोजित किया जा रहा है। इसमें निर्यात बढ़ाने, विदेशी बाजारों में प्रवेश, नियामकीय प्रक्रियाओं और छोटे उद्योगों के लिए वित्तीय अवसरों पर चर्चा होगी।
- **प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग का बड़ा आयोजन नवंबर में-** इंदौर में 27 से 30 नवंबर तक प्लास्ट पैक 2026 प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसमें 450 से अधिक प्रदर्शकों और 500 से ज्यादा स्टॉल की योजना है। प्रदर्शनी में पैकेजिंग, रिसाइक्लिंग मशीनों, ऑटोमेशन और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों पर फोकस रहेगा।

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा के चलते 6 घंटे जाम के कारण ठहरा रहा इंदौर

ट्रेन-बस छूटी, ऑफिस नहीं पहुंचे, बुखार से तपते बेटे को लिए रास्ता ढूंढता रहा पिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मांडू

शुक्रवार सुबह 8 बजे से सड़कों पर निकले लोग रास्ते तलाशते रहे, लेकिन हर तरफ बैरिकेडिंग और जाम मिला। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा सुभाष नगर से पाटनीपुरा चौराहे तक डेढ़ किमी रास्ते में यात्री सुबह 11 बजे से 1.30 तक निकली थी।

लेकिन, सुबह 8 से ही बैरिकेडिंग कर करीब 50 गलियों के रास्ते बंद कर दिए गए। भमोरी की ओर से पाटनीपुरा आने वाले मार्ग पर भी चार पहिया वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। करीब 6 घंटे तक शहर के कई इलाकों में यातायात प्रभावित रहा। इसका असर उन लोगों पर पड़ा, जिनका इस राजनीतिक कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं था। कोई ऑफिस पहुंचने के लिए परेशान था, तो किसी को मजदूरी पर जाना था। स्कूली बच्चे रास्तों में फंसे रहे।



घर से निकले तो रास्ते बंद मिले

सुबह करीब 8 बजे से ही सुभाष नगर से पाटनीपुरा के बीच की लगभग 50 गलियों में बैरिकेडिंग कर दी गई थी। मुख्य मार्गों के साथ आसपास की कॉलोनियों के रास्ते भी बंद थे। भमोरी की तरफ से पाटनीपुरा आने वाले मार्ग पर चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया। लोग घरों से ऑफिस, दुकान, स्कूल और काम पर जाने के लिए निकले, लेकिन रास्ते में बैरिकेडिंग मिलने के बाद फंस गए। किसी को यह स्पष्ट जानकारी नहीं थी कि कौन-सा रास्ता कब तक बंद रहेगा। कई जगह वाहन चालकों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस होती रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पांच हजार से अधिक लोगों को इस अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। मजदूरी करने वाले कई लोगों की दिनभर की कमाई प्रभावित हुई, जबकि नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस पहुंचने में देरी हुई।

एक यात्री की महाकाल एक्सप्रेस छूट गई। तेज बुखार से तपते बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए पिता पुलिसकर्मियों से रास्ता देने की गुहार लगाता रहा। सड़कों पर फंसे लोगों की परेशानी सिर्फ जाम तक सीमित नहीं थी। उनका सवाल था कि इतने बड़े कार्यक्रम के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बनाते समय आम लोगों की जरूरतों का ध्यान क्यों नहीं रखा गया?

जूनी इंदौर निवासी मजदूर राकेश जाट की परेशानी जाम से आगे परिवार के भरण-पोषण तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि वह रोज मजदूरी करके परिवार का पेट पालते हैं। दिनभर काम करने के बाद ही शाम को घर में खाना बनता है। राकेश ने कहा, 'मैं मजदूर आदमी हूं। दिनभर काम करता हूं, तब शाम को घर में खाना बनता है। अगर दिनभर काम नहीं करूंगा, तो शाम को परिवार का पेट कैसे पालूंगा?' उन्होंने कहा कि चाहे मुख्यमंत्री हों या प्रधानमंत्री, उनके कार्यक्रम के लिए बीच बाजार में इस तरह रास्ते रोकने के बजाय दूसरी व्यवस्था की जानी चाहिए। बैरियर लगाने या मंच बनाने के लिए ऐसी जगह चुनी जानी चाहिए, जहां आम लोगों के कामकाज पर असर न पड़े।

राकेश के मुताबिक, वे सुबह 9:30 बजे से परेशान हो रहे थे और 11:30 बजे तक भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। वाहन चालक राज शुक्ला सुबह 8 बजे घर से रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले थे। उन्हें लगा था कि सामान्य रास्ते से स्टेशन पहुंच जाएंगे, लेकिन जाम के कारण करीब दो घंटे लग गए।

लौटते समय सांस लेने में हुई दिक्कत के कारण

कैलाश यात्रा पर गए सराफा कारोबारी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सराफा कारोबारी तिलक शर्मा (27) की उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा के दौरान मौत हो गई। वे सात दोस्तों के साथ कार से यात्रा पर गए थे। दर्शन के बाद लौटते समय अचानक उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी।

दोस्तों ने उन्हें ऑक्सीजन किट से ऑक्सीजन दी, लेकिन उनकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें आर्मी बेस कैंप ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद दूसरे बेस कैंप के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां 10-15 मिनट बाद उनकी मौत हो गई।

तिलक के दोस्त प्रतीक ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद तिलक का शव एंबुलेंस से पिथौरागढ़ के लिए रवाना किया गया। वहां से शव को दिल्ली लाया जाएगा और फिर इंदौर भेजा जाएगा। उनके शनिवार दोपहर 2 बजे तक इंदौर पहुंचने की संभावना है। तिलक उज्जैन के महाकाल मंदिर के लिए चांदी के मुकुट और श्रृंगार की सामग्री बनाते थे। उनके बनाए मुकुट और अन्य सामग्री भगवान महाकाल के श्रृंगार में इस्तेमाल होती थी। सोशल मीडिया पर उनके बनाए मुकुट और श्रृंगार सामग्री के कई वीडियो भी मौजूद हैं।



दर्शन कर लौटते समय बिगड़ी तबीयत

तिलक के दोस्त प्रतीक के मुताबिक, यात्रा में कुल सात लोग गए थे। आदि कैलाश पहुंचने से पहले उन्होंने नीम करौली बाबा, जागेश्वर और मुक्तेश्वर के दर्शन किए। इसके बाद वे नैनीताल घूमने गए और फिर आदि कैलाश पहुंचे। दर्शन के बाद लौटते समय तिलक को सांस लेने में परेशानी होने लगी। दोस्तों ने ऑक्सीजन किट से उन्हें ऑक्सीजन दी, लेकिन उनकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ।

महाकाल के लिए बनाते थे चांदी के मुकुट- तिलक इंदौर के सराफा बाजार में दुकान चलाते थे। वे महाकाल मंदिर के लिए चांदी के मुकुट, नेत्र, कान के आभूषण, टीका और छत्र जैसी श्रृंगार सामग्री बनाते थे। तिलक परिवार के इकलौते बेटे थे। उनके पिता भी उनके साथ काम करते थे। अगले साल होली के बाद उनकी शादी होने वाली थी।

धारचूला में रखा गया शव- घटना के बाद कळ्ढइढ ने धारचूला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय चिकित्सालय में रखवाया है। पंचायतनामा और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। तिलक के परिजन इंदौर से उत्तराखंड के लिए रवाना हो चुके हैं।

दिल्ली आंदोलन के लिए इंदौर कांग्रेस की अनोखी तैयारी

मालवा एक्सप्रेस से भेजा मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पोस्टर-पुतला, पार्सल में कराई बुकिंग, कल प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाले कांग्रेस के आंदोलन के लिए इंदौर के नेताओं ने अनोखा तरीका अपनाया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर वाला पोस्टर-पुतला रेलवे पार्सल के जरिए दिल्ली भेजने के लिए बुक कराया गया है। इसके लिए मालवा एक्सप्रेस का इस्तेमाल किया गया है।

पार्सल गोदाम में कराई बाकायदा बुकिंग- कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी और देवेंद्र सिंह यादव रेलवे के कॉमर्शियल विभाग के पार्सल गोदाम पहुंचे। यहां पोस्टर-पुतले को बॉक्स में पैक कराकर उसकी बुकिंग कराई। नेताओं ने रेलवे की रसीद भी ली। पार्सल पर पोस्टर चिपकाने और जावक क्रमांक दर्ज कराने की प्रक्रिया भी पूरी की गई।



पोस्टर पर लिखा- वोट चोर, गद्दी छोड़- पोस्टर पर चलो दिल्ली और वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लिखे हैं। कांग्रेस नेताओं ने इसे 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले आंदोलन के लिए भेजा है। रेलवे पार्सल की रसीद भी बुकिंग के दस्तावेजी प्रमाण के तौर पर सामने आई है।

पार्षद के घर में घुसकर पति पर हमला कर की तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ऊषागंज स्थित गीतांजलि अपार्टमेंट में प्रॉपर्टी कारोबारी और पार्षद पति सुमित तलरेजा के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सुमित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी सुमित पर पिस्टल दिखाकर डराने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक सुमित तलरेजा ने पत्नी पंखुड़ी तलरेजा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को वे घर पर थे। इसी दौरान उनका पुराना परिचित प्रशांत करौसिया अपने साथी अंश, सुमित खरे और विशाल बौरासी के साथ वहां पहुंचा। आरोपी पुराने विवाद के समझौते की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे।

आरोप है कि आरोपियों ने घर के बाहर लगा पार्षद का बोर्ड चाकू से फाड़ दिया और सुमित की ओर मारपीट करने के लिए दौड़े। बचने के लिए सुमित मल्टी की दूसरी मंजिल स्थित अपने फ्लैट में चले गए। इस दौरान आरोपियों ने दरवाजे पर लात मारी और गमले, गाड़ियां व कुर्सियां तोड़ दीं। उन्होंने सुमित पर गमला भी फेंका। साथ ही सुमित और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। सुमित और उनकी पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद दंपति ने पुलिस से शिकायत की। वहीं, दूसरे पक्ष का आरोप है कि विवाद की शुरूआत सुमित तलरेजा ने की थी और उन्होंने पहले पिस्टल दिखाकर डराया था।

युवक ने फांसी लगाई, मौत से पहले बनाया वीडियो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय युवक ने गुरुवार देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चाची उसे खाना खाने के लिए बुलाने कमरे में पहुंचीं तो वह फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे पहले नजदीकी नर्सिंग होम ले गए, फिर एमवाय अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान रवि सोलंकी (25) पुत्र जगदीश सोलंकी, निवासी श्रीराम नगर के रूप में हुई है। परिजन ने बताया कि रवि देर रात ऑटो लेकर घर आया और ऊपर अपने कमरे में चला गया था। रात करीब 2 बजे उसे एमवाय अस्पताल लाया गया। परिवार के अनुसार, रवि की पत्नी आठ दिन पहले विवाद के बाद अपने मायके बागली चली गई थी और वापस नहीं आ रही थी। इस बात को लेकर वह परेशान था।

रवि ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने अपनी पत्नी, भोपाल में रहने वाले साढू भाई और ससुराल पक्ष के लोगों पर मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए हैं। वीडियो में उसने इन्हीं लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस वीडियो और युवक की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

कोटक लाइफ का लक्ष्य उद्योग की 13-15% वृद्धि से आगे निकलना : सीडीओ पीयूष त्रिवेदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

संतुलित वितरण रणनीति और अपने एजेंसी व बैंक एश्योरेंस चैनलों के निरंतर विस्तार के भरोसे, कोटक लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा उद्योग की अनुमानित 13-15% सीएजीआर से अधिक प्रीमियम वृद्धि का लक्ष्य बना रही है। जीवन बीमा उद्योग की सीएजीआर लगभग 13-15% रहने की उम्मीद है और अपनी बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए इस बेंचमार्क से आगे रहना हमारी रणनीतिक प्राथमिकता है, कोटक लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, पीयूष त्रिवेदी ने बताया कि निजी जीवन बीमाकर्ता ने नए कारोबार और नवीनीकरण प्रीमियम सहित एफ 26 में 21,441 करोड़ की कुल प्रीमियम आय दर्ज की।

एक मजबूत एफ 26 के बाद, उद्योग के नए बिजनेस प्रीमियम की वृद्धि मई में घटकर 5% और जून में 13% रह गई। त्रिवेदी ने इस नरमी का कारण पहली तिमाही की मौसमी सुस्ती को बताया।

ऐतिहासिक रूप से, क्यू1 एक धीमी तिमाही रही है। शेयर बाजार में हम जो समग्र सुस्ती देख रहे हैं, उसका भी कुछ असर हो सकता है, त्रिवेदी ने आगे बताया कि फरवरी से इक्विटी बाजारों में आए करेक्शन के बाद मार्केट-लिंक्ड बीमा उत्पादों में कुछ नरमी देखी गई थी। आने वाली तिमाहियों में कारोबार और तेजी से रफ्तार पकड़ने लगेगा, कोटक लाइफ एक विविध वितरण मिश्रण बनाए रखने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। जहां बैंकएश्योरेंस का कारोबार में लगभग 49% योगदान है, वहीं शेष 51% हिस्सा एजेंसी और अन्य चैनलों से आता है, जिनमें ब्रोकिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

हम एक संतुलित वितरण मिश्रण बनाए रखने के लिए लगातार काम करते हैं, त्रिवेदी ने कहा। कोटक महिंद्रा बैंक के अलावा, बीमाकर्ता की साउथ इंडियन बैंक, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक, अव स्मॉल फाइनेंस बैंक, बंधन बैंक के साथ साझेदारी है और इसने हाल ही में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ भी करार किया है। कंपनी की 163 स्थानों पर लगभग 372 शाखाएं हैं और करीब 1.5 लाख का एजेंसी बल भी है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा वितरण कमीशन में प्रस्तावित बड़े बदलाव पर, त्रिवेदी ने कहा कि किसी भी व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक दक्षता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मेहनताना बीमा उत्पादों के वितरण के लिए आवश्यक प्रयासों के अनुरूप बना रहे।



किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा | आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर | महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com